e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 12, अंक 123

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
06.05.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12। मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
मरहम जैसे होते है कुछ लोग शब्द बोलते ही हर दर्द गायब हो जाता है!

स्पेन और स्वीडन यात्रा पर गए प्रतिनिधिमंडल में शामिल वरीय पदाधिकारियों ने प्रेस कांफ्रेंस कर निवेश से संबंधित साझा की जानकारी, कहा

# झारखंड में विदेशी निवेश को बढ़ाना यात्रा का उद्देश्य

## फिरा दी बार्सिलोना इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर की तर्ज पर रांची में 120-170 मिलियन यूरो के निवेश से एक मेगा सम्मेलन और व्यापार प्रदर्शनी केंद्र विकसित करने का मिला प्रस्ताव

**स्पेन और स्वीडन यात्रा के दौरान झारखंड में विदेशी निवेशकों को मिला आमंत्रण**

अरवा राजकमल ने कहा कि झारखंड में विदेशी निवेश के मकसद से यूरोपीय देश स्पेन एवं स्वीडन गए प्रतिनिधिमंडल ने स्पेन के बार्सिलोना स्थित निर्माणाधीन यूरोप के सबसे बड़े स्टेडियम एफसी बार्सिलोना स्टेडियम और संग्रहालय का दौरा किया इस दौरान वहां एफसी बार्सिलोना की उपाध्यक्ष सुश्री एलेना फोर्ट के साथ बैठक की। साथ ही डी गावा संग्रहालय का भी दौरा किया ,वहाँ एक पुराने खनन स्थल को एक जियोलॉजिकल म्यूजियम में बदल दिया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भी झारखंड के चाईबासा में भी इसी तरह के स्थलों को जियोलॉजिकल म्यूजियम में बदलने और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बनाने का निदेश दिया।



**यूरोपीय देशों की यात्रा से झारखंड की ब्रांड वैल्यू में होगा सुधार**
पत्रकारों को संबोधित करते हुए उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि किसी भी देश के निवेशकों को झारखंड में निवेश हेतु आमंत्रित करने के लिए विजीबिलिटी बहुत जरूरी है और यह यात्रा स्पेन और स्वीडन में झारखंड की विजीबिलिटी के लिहाज से काफ़ी महवपूर्ण था। यात्रा पूरा होने के एक सप्ताह के भीतर ही सात निवेश प्राप्त हुए। इसलिए अन्य राज्यों की तरह ही विदेशी निवेश के लिए उस देश की कंपनियों के साथ निरंतर जुड़ाव जरूरी है ।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**रांची :** उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में स्पेन और स्वीडन गए प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड में निवेश हेतु विदेशी निवेशकों को आमंत्रित किया। इस दौरान हमें कई निवेशकों के प्रस्ताव भी मिले। साथ ही कई कंपनी ने झारखंड में निवेश करने हेतु रुचि दिखाई है। उक्त जानकारी उद्योग विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्पेन एवं स्वीडन के विभिन्न उद्यमियों से कहा है कि झारखंड में निवेश की सुगम सुविधा हेतु यूरोपीय कंपनियों के लिए एक समर्पित डेस्क स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्पेन में टेस्ला ग्रुप एस के चेयरमैन दुसान लिचार्ड्स ने ग्रुप की रोमानिया गिगिया फैक्ट्री परियोजना के बारे में प्रस्तुति दी और बैटरी भंडारण उत्पादन के निर्माण के लिए झारखंड में एक समान परियोजना स्थापित करने हेतु करीब 150 मिलियन यूरो के निवेश की रुचि व्यक्त की है।साथ ही झारखंड सरकार को आरसीडी एस्पेनयोल फुटबॉल क्लब से झारखंड में खेल विकास में सहयोग के लिए झारखंड में फुटबॉल कोचों को प्रशिक्षण देने के लिए एक समझौता ज्ञापन रूप/रूपद्य का प्रस्ताव मिला। इसके अलावे रांची में 120-170 मिलियन यूरो के निवेश से एक मेगा सम्मेलन और व्यापार प्रदर्शनी केंद्र विकसित करने के लिए रूपद्य प्राप्त हुआ । श्री अरवा राजकमल सोमवार को सूचना भवन स्थित सभागार में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। **इनकी रही उपस्थिति:** प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, खनन आयुक्त राहुल कुमार सिंहा, एमडी जिडको वरुण रंजन समेत कई विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।


**प्रतिनिधिमंडल ने फिरा दी बार्सिलोना इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर का किया दौराः** राजकमल ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने फिरा दी बार्सिलोना इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर का दौरा किया,जो यूरोप के सबसे बड़े और सबसे आधुनिक प्रदर्शनी स्थलों में से एक है । यहाँ स्पेन में भारत के माननीय राजदूत की उपस्थिति में माननीय मुख्यमंत्री को रांची में 120-170 मिलियन यूरो के निवेश से एक मेगा सम्मेलन और व्यापार प्रदर्शनी केंद्र विकसित करने के लिए रूपद्य प्राप्त हुआ । इसके बाद वैश्विक निवेशकों के लिए मैड्रिड का दौरा किया गया।

**झारखंड में एक मेगा विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए वोल्वो को आमंत्रित कियाः** अरवा राजकमल ने बताया की स्वीडन में गोथेनबर्ग में उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने 50 से अधिक वैश्विक निवेशकों के समक्ष झारखंड में विनिर्माण ,इलेक्ट्रिक वाहन ,खनिज अन्वेषण और प्रसंस्करण तथा स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित निवेश क्षेत्रों को दर्शाया गया।।इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने गोथेनबर्ग में वोल्वो ट्रक संयंत्र का दौरा किया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड में खनन कार्यों में भारी ट्रकों की बढ़ती माँग को देखते हुए झारखंड में एक मेगा विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए वोल्वो को आमंत्रित किया ।

पहलगाम के गुनहगारों को बख्शा न जाए, पुतिन ने पीएम मोदी से फोन पर की बात

# हम भारत के साथ : पुतिन

जापान भी पहलगाम मामले में भारत के साथ हुआ खड़ा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में रूस ने भारत का साथ देने की प्रतिबद्धता दोहराई है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा,रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और भारत के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही।जायसवाल ने कहा,पुतिन ने इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके मददगारों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री ने विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रपति पुतिन को शुभकामनाएं दीं और उन्हें इस साल के अंत में भारत में आयोजित होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया।
इधर भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और जापान के रक्षा मंत्री नकातानी के बीच बड़ी बैठक हुई। इस बैठक में पहलगाम आतंकी हमले को लेकर चर्चा की गई।जानकारी के मुताबिक, पहलगाम आतंकवादी हमले, भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों को लेकर भारत और जापान के रक्षा मंत्रियों के बीच सोमवार को बैठक हुई। दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा हालात और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और बढ़ाने को लेकर चर्चा की। बीते 6 महीने में दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की दूसरी बैठक हुई।भारत-जापान के रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा-मैं जापान सरकार को पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत के साथ मजबूत एकजुटता दिखाने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। इस अवसर पर भारत-जापान रक्षा संबंधों को और गहरा करने में आपके अपार योगदान के लिए आपकी सराहना करता हूं।भारत और जापान के रक्षा मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर ट्वीट किया-नई दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी सैन से मिलकर खुशी हुई। भारत और जापान के बीच विशेष, रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी है।

## क्विक न्यूज

### नये वक्फ बिल संशोधन से अधिक लाभान्वित होंगे गरीब मुस्लिम : अनामिका चौधरी

**सुल्तानपुरः** भाजपा की प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी निषाद ने कहा कि वक़्फ़ बोर्ड मुस्लिम समुदाय के लिए न्याय और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा, जिससे मुस्लिम समाज को न्याय, अधिकार और सशक्तीकरण का वास्तविक लाभ मिलेगा। वक्फ संशोधन के बाद वक्फ़ बोर्ड में अनियमितता और भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।नगर के भाजपा कार्यालय पर सभागार में पार्टी वक्फ सुधार जनजागरण अभियान (गरीबों का हक, सिर्फ गरीबों को ही मिलेगा) के अंतर्गत आयोजित अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया।भाजपा की प्रदेश मंत्री मुख्य अतिथि अनामिका चौधरी निषाद ने प्रबुद्धजनों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय के पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए इस विधेयक में प्रावधान किया गया है।

### राहुल गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका हाईकोर्ट ने की निस्तारित

**लखनऊः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति राजीव सिंह की खंडपीठ ने लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका को निस्तारित कर दिया। साथ ही खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि याची एस. विग्नेश शिशिर इस मामले में अन्य विधिक वैकल्पिक उपाय अपना सकते हैं।खंडपीठ ने सोमवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार याची की शिकायत को निस्तारित करने की कोई समय सीमा नहीं बता पा रही है। ऐसे में इस याचिका को विचाराधीन रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। केन्द्र सरकार ही राहुल गांधी के नागरिकता पर फैसला ले। याची दूसरे वैकल्पिक विधिक उपाय अपनाने के लिए स्वतंत्र हैं। इसके साथ ही राहुल गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका को निस्तारित किया जाता है।

### उप्र में अलगे पांच दिनों तक धूल भरी आंधी चलने के साथ होगी बारिश

**लखनऊः** मौसम में अचानक आए बदलाव के बीच उत्तर प्रदेश में सोमवार को मौसम की तल्खी से राहत देने वाला रहा। मौसम का यह मिजाज अगले कुछ दिनों तक बना रहने वाला है। मौसम विभाग ने बदले मौसम को लेकर पूर्वानुमान लगाते हुए चेतावनी जारी की गई थी। जारी चेतावनी में प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में अगले पांच दिनों तक तेज बारिश, आंधी और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है।अंचालिक मौसम विभाग के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के करीब 20 से अधिक जिलों में अगले पांच दिनों तक तेज बारिश, आंधी और बिजली गिरने की गंभीर चेतावनी जारी की है।

### कांग्रेस पार्टी और सुक्खू सरकार में अंतर्कलह आया सामनेः ठाकुर

**मंडी :** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और सुक्खू सरकार का अंतर्कलह अब प्रदेश के समाने आ गया है। स्थिति अब एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी और लड़ाईझगड़े तक पहुंच गई है। यह बात भारतीय जनता पार्टी या कोई बाहरी व्यक्ति नहीं कह रहा है। क्या बातें सरकार के मंत्री तथा पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कह रहे हैं।जय राम ने कहा कि बिलासपुर में पार्टी अध्यक्ष के सामने जो कुछ हुआ और आए दिन कांग्रेस के नेता संगठन के बारे में, सरकार के बारे में जिस तरीके के बयान दे रहे हैं उससे यह साफ है कि प्रदेश सरकार और कांग्रेस में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है।

## चुटकी




## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

# कारोबारी की हत्या के विरोध में बंद रहा साहिबगंज बाजार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**साहिबगंज :** शहर के चैती दुर्गा मंदिर के नजदीक स्थित जीएस इलेक्ट्रोनिक्स गुड्स नामक दुकान के मालिक संजीव कुमार साह उर्फ गुड्डू साह की हत्या के विरोध में सोमवार को साहिबगंज बाजार बंद रहा। शहर के कॉलेज रोड की दुकानदारों ने हत्या के विरोध में स्वतः अपनी दुकानों को बंद रखा। वहीं आक्रोशित दुकानदारों व स्थानीय लोगों ने दोपहर में सड़क जाम कर दिया। जाम के दौरान दुकानदार व स्थानीय लोगों ने पुलिस की विधि व्यवस्था के खिलाफ नाराजगी जताई। हालांकि घटनास्थल पर पहुंचें बरहड़वा एसडीपीओ नीतिन खंडेलवाल, मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, नगर इंस्पेक्टर राजीव रंजन, नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता, राजमहल इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा, बोरियो इंस्पेक्टर नुनूदेव राय, बरहड़वा इंस्पेक्टर सुधीर कुमार पोद्दार व जिले के सभी थाना प्रभारी पहुंचें और लोगों को समझा-बुझाकर व जल्द ही हत्यारों की पहचान कर गिरफ्तार करने के आश्वासन के बाद जाम हटाया गया। उधर, दुमका आईजी कांती कुमार साहिबगंज पहुंचकर पुलिस लाईन में उच्चस्तरीय बैठक कर एसपी अमित कुमार सिंह व अन्य पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। वहीं दोपहर करीब दो बजे पोस्टमार्टम के बाद शव को पैतृक आवास पर लाया गया और अंतिम संस्कार के लिए श्मसान घाट ले जाया गया। इधर, पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। संदिग्ध चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ जल्द आदेश जारी करेगा सुप्रीम कोर्ट



**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर कहा है कि वे जल्द ही भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ आदेश जारी करेंगे। दरअसल याचिका में अदालत की अवमानना करने के आरोप में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई थी।
सुप्रीम कोर्ट ने याचिका तो खारिज कर दी, लेकिन साफ कर दिया कि वे जल्द ही आदेश जारी करेंगे। याचिका खारिज करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम जल्द ही इस पर आदेश पारित करेंगे, लेकिन हम इस याचिका पर सुनवाई नहीं करेंगे। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बीते दिनों अपने एक बयान में कहा था कि देश में जितने भी गृहयुद्ध हो रहे हैं, उनके लिए मुख्य न्यायाधीश जिम्मेदार हैं। भाजपा सांसद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट देश में धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए जिम्मेदार है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने बीते दिनों एक निर्देश जारी किया था कि राष्ट्रपति को एक तय समय के भीतर विधेयक पर फैसला लेना चाहिए।
सुप्रीम कोर्ट के इस निर्देश की आलोचना करते हुए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सुप्रीम कोर्ट की भूमिका पर सवाल आया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा था कि अगर कोर्ट ही कानून बनाएगा तो संसद को बंद कर देना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज किया लाल किले पर मुगलवंशज का दावा

सुप्रीम कोर्ट ने लाल किले पर कब्जे की मांग वाली महिला की याचिका खारिज कर दी। महिला ने खुद को मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर द्वितीय के परपोते की विधवा होने का दावा करते हुए कानूनी उत्तराधिकारी बताकर लाल किले पर कब्जा मांगा था। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यदि दलीलों पर विचार किया जाए तो केवल लाल किला ही क्यों, फिर आगरा, फतेहपुरी सीकरी आदि के किले क्यों नहीं? मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिका को गलत और निराधार करार दिया। कोर्ट ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। सीजेआई ने कहा कि रिट याचिका गलत और निराधार थी। इस पर विचार नहीं किया जा सकता।

# कानपुर में भीषण अग्निकांड, पांच की मौत



**एजेंसी**
**कानपुर :** कानपुर के चमनगंज थाना इलाके में घनी आबादी वाले प्रेमनगर इलाके में रविवार रात छह मंजिला इमारत के भूतल में जूते बनाने वाले कारखाने में आग लग गई। ऊंची-ऊंची लपटें देख अफरातफरी मच गई। दमकल की 35 गाड़ियां देर रात तक आग बुझाने की कोशिश में जुटी रहीं। सुबह तक आग पर काबू पाया गया। घटना में पांच लोगों की जान चली गई।रात करीब तीन बजे दमकलकर्मियों ने इमारत में फंसे जूता कारोबारी दानिश, उसकी पत्नी नाजनीन और तीन बेटियों के जले हुए शव निकाले। शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा जताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, प्रेमनगर में दानिश की छह मंजिला इमारत है। इसमें दानिश और उनके भाई कासिफ का ही परिवार रहता है। भूतल पर दानिश का मिलिट्री के जूते बनाने का कारखाना है। इसके ऊपर गोदाम है। इमारत के अन्य तलों में जूते रखे हुए थे। रविवार को कारखाना बंद था। रात करीब 9-30 बजे कारखाने में आग लग गई। आग को बढ़ता देख इमारत में रह रहे परिवार के लोग जान बचाकर भागे। सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा दमकल की कई गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। दो सौ मीटर के दायरे को सील कर देर रात तक आग बुझाने के साथ ही बचाव अभियान शुरू किया गया। एहतियातन आसपास की इमारतों को खाली कराया गया। सूचना पर एडीएम राजेश सिंह के अलावा एक दर्जन से ज्यादा थाने का फोर्स मौके पर पहुंच गया। एसडीआरएफ को भी मौके पर बुला लिया गया था। इमारत में आग लगने से दरारें भी पड़ गई हैं।इमारत में आग लगने से उठे धुएं से लोगों को सांस लेना मुश्किल हो गया। आग की चपेट में आए चमड़े के जूते और उन्हें चिपकाने में इस्तेमाल होने वाला केमिकल भी जल गया। इससे उठने वाला धुआं दमघोंटू हो गया।

# केंद्रीय गृह मंत्रालय का कई राज्यों को दिया मॉक ड्रिल का निर्देश

**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) के लिए देश के सभी राज्यों को 7 मई को मॉक ड्रिल कराने को कहा है। ताकि किसी आपात स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। केंद्र सरकार के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, इस मॉक ड्रिल में ये कदम उठाए जाएंगे।हवाई हमले (एयर रेड) चेतावनी सायरन को सक्रिय किया जाएगा।आम नागरिकों, छात्रों आदि को प्रशिक्षित किया जाएगा कि अगर किसी तरह का हमला हो जाए, तो वे खुद को कैसे सुरक्षित रखें।ब्लैकआउट की व्यवस्था की जाएगी। यानी जरूरत पड़ने पर बिजली बंद कर दी जाए ताकि दुश्मन को कोई लक्ष्य न दिखाई दे। महत्वपूर्ण कारखानों और ठिकानों को छिपाने की जल्दी व्यवस्था की जाएगी।निकासी योजना को अपडेट किया जाएगा और उसका अभ्यास (रिहर्सल) भी कराया जाएगा।गृह मंत्रालय ने यह निर्देश ऐसे समय में दिए हैं, जब दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है और भारत पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए विकल्पों पर विचार कर रहा है।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# पेयजल संकट के निवारण के लिए टीम वर्क के साथ कार्य करें अधिकारी : वित्त मंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** वित्त, योजना एवं विकास, वाणिज्यकर तथा संसदीय कार्य विभाग, झारखंड सरकार के मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि पेयजल संकट के निवारण हेतु विभागीय अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। औपचारिकता नहीं निभायें, बल्कि संबंधित गांव/मुहल्लों में जाकर वास्तविकता को जाने और समस्या का निदान करना सुनिश्चत करें। जिले में जल संकट बढ़ रहा है। ऐसे में कई दीर्घकालिक योजनाओं पर कार्य चल रहा है, लेकिन वर्तमान समय में अल्पकालीन समस्याएं दूर करने से जल संकट की समस्याएं बहुत हद तक ठीक हो जाएगी। गर्मी के मद्देनजर पेयजल संकट पर तत्काल कार्य करने की आवश्यकता है। ऐसे में प्राथमिकता के आधार पर जिले के खराब पड़े चापाकलों एवं जलमीनारों को दुरूस्त कराना सुनिश्चित करें। मंत्री आज पलामू में पेयजल समस्या एवं उसके निदान हेतु समाहरणालय के ब्लॉक-ए स्थित सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने प्रखंडवार खराब चापाकल एवं जलमीनार की अद्यतन स्थित से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि अनाबद्ध राशि से जिले के खराब चापाकलों एवं जलमीनारों को दुरूस्त किए जाएंगे। पलामू राज्य का पहला जिला होगा, जहां अनाबद्ध राशि से पेयजल समस्या का निदान किया जायेगा। उन्होंने आवश्यकता अनुसार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से भी पेयजलापूर्ति करने का निदेष दिया। उन्होंने कहा कि जिले में पेयजल की सुविधा मुहैया कराने में कोई कोताही नहीं बरती जाए। अगले 15 दिनों तक पेयजल को फोकस करें। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सभी अभियंता क्षेत्र भ्रमण कर वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए खराब चापाकल एवं जलमीनार को दुरूस्त कराएं, ताकि जिले के लोगों को पेयजल संकट से निजात मिल सके। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पेयजल संकट के निवारण के लिए खराब चापाकल एवं जलमीनार की सूचना उपलब्ध होने के लिए प्रखंड कार्यालय में शिकायत पेटी लगाने एवं प्राप्त शिकायतों को दूर करने का निदेश दिया। उन्होंने पेयजल समस्या के निदान के लिए नियंत्रण कक्ष अधिष्ठापित करने, चार्ट बनाकर प्रतिदिन खराब चापाकल एवं जलमीनार को ठीक किए जाने की अद्यतन जानकारी लेने, वाट्सेप नंबर पर प्राप्त षिकायतों का निवारण करने आदि का निदेश दिया। मंत्री ने ग्रामीण एवं शहरी जलापूर्ति योजनाओं को लेकर चल रहे कार्यो की अद्यतन स्थिति को भी जाना। साथ ही स्थलीय निरीक्षण कर संवेदक के कार्यो की समीक्षा कर कार्य में गति लाने का निदेश दिया, ताकि योजनाएं ससमय पूर्ण किया जा सके। मंत्री ने भविष्य में पानी की समस्या नहीं हो, इसके लिए समय रहते रेनवाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कराने, वर्षाजल संचयन की दिषा में सकारात्मक दृष्टिकोण से कार्य करने का निदेश दिया। पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने मंत्री का स्वागत किया। साथ ही विषय प्रवेश कराते हुए पलामू जिले में पंयजल संकट के निवारण हेतु अबतक किए गये कार्यो की अद्यतन जानकारी दी। उपायुक्त ने जिले के सभी पदाधिकारियों को अगले 15 दिनों तक कार्यालय अवधि के द्वितीय पाली में क्षेत्र भ्रमण कर पेयजल संकट निदान के लिए व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्य करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूचि व विभागीय समन्वय से बेहतर परिणाम सामने आएंगे। उपायुक्त ने कहा कि खराब चापाकल एवं जलमीनार को ठीक करने में गैंगमैन लगे हैं। इसके बावजूद कार्य नहीं हो पाने की स्थिति में स्थानीय स्तर पर गैंगमैन से कार्य कराकर 15 दिनों में खराब चापाकल एवं जलमीनार को दुरूस्त करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने सहायक अभियंता एवं अन्य अभियंता को चेतावनी देते हुए सक्रियता पूर्वक कार्य करते हुए प्रगति लाने का सख्त निदेश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार सहित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधीक्षण अभियंता, जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं सहायक कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

# नौगाढ़ा में वरदान साबित हो रही है मल्टी फॉर्टिस हॉस्पिटल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पालम) :** जिले के बिश्रामपुर प्रखंड स्थित नौगाढ़ा मे संचालित होने वाली मल्टी फॉर्टिस हॉस्पिटल क्षेत्रीय लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। यह बातें स्वास्थ्य संबंधी चिकित्सा करा रहे क्षेत्र में रहने वाले लोगों का कहना है, बताते चले यह हॉस्पिटल खुले हुए लगभग 2 वर्ष हो गई है ग्रामीण क्षेत्रीय लोगों के लिए तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए शहर तक पहुंचाना कठिन हो जाता था, पर यह हॉस्पिटल निर्माण होने से लोग राहत की सांस ले रहे हैं, लालगढ़ निवासी 40 वर्षीय सुषमा देवी ने बताया इस अस्पताल में हाइपरटेंशन होने के कारण हमें परिजनों ने भर्ती कराया था, जहां डॉक्टर मनीष की देखरेख में स्वस्थ हो चुकी हूं वही डॉक्टर मनीष ने बताया हमारे यहां अस्पताल में 24 घंटे हर तरह की इमरजेंसी सेवाएं बहाल है। ताकि किसी भी परिस्थिति में स्वास्थ्य संबंधी सेवा बेहतर से बेहतर रोगी को दी जा सके।

# बिजली विभाग की लापरवाही ने ली पिता पुत्र की जान, ग्रामीणों में आक्रोश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पलामू जिला के हैदरनगर थाना के उत्तर कोयल मुख्य नहर स्थित मुखर्जी पुल के समीप खरगड़ा गांव का 11 हजार विद्युत प्रवाहित तार नहर पर गिरा था। उसी सड़क से डीजल तेल लेने बाइक से जा रहे सिमरसोत गांव निवासी 45 वर्षीय बिंदु मेहता व 12 वर्षीय उनका पुत्र बिपिन मेहता जा रहे थे। वह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गए जिससे बाइक समेत पिता पुत्र पूरी तरह जल गए। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना से ग्रामीणों में विद्युत विभाग के खिलाफ काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग को लगातार सूचना देने के बावजूद तार को दुरुस्त नहीं किया जाता है। जिससे इस तरह की घटनाएं होती है। घटना की सूचना मिलते ही हैदरनगर के अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार, थाना प्रभारी अफजल अंसारी पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है।



**मृतक बिंदु मेहता के भतीजी की थी आज शादी**

ग्रामीणों ने बताया कि सेमरसोत गांव निवासी बिंदु मेहता की भतीजी की आज सोमवार को बारात आने वाली थी। बिंदु मेहता अपने इकलौते पुत्र बिपिन मेहता को बाइक पर साथ लेकर अहले सुबह डीजल तेल लेने जा रहे थे। जिससे शादी में जेनरेटर में तेल की कमी नहीं हो सके। घटना की सूचना मिलते ही बिंदु मेहता के परिवार सहित गांव के लोग घटना स्थल पर पहुंच गए। घटना से गांव में मातम का माहौल है। बिंदु मेहता के घर शादी की खुशी मातम ने बदल गई है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

**विद्युत विभाग की लापरवाही से घटी घटना**

घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं परिजनों को हर संभव मदद व मुआवजा दिलाने की बात कही है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए विद्युत विभाग के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने व कड़ी कार्रवाई कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग कमजोर और गरीब लोगों पर केस कर परेशान करने के लिए है। विभाग को लगातार ग्रामीण जानकारी दे रहे थे। मगर विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि सड़क क्रॉसिंग की जगह पर अर्थ के साथ जाली देने का प्रावधान है। लापरवाही में विभाग ने किसी भी सड़क के ऊपर से पार किया गया तार में जाली नहीं देने का काम करता है। परिणामस्वरूप इस तरह की घटनाएं होती हैं।

# रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव के चार घरों में हुआ चोरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव में रविवार की रात चार घरों में भीषण चोरी की घटना हुयी.इस घटना में नकद, जेवरात सहित बीस लाख से भी ज्यादा की संपति चोर उड़ा ले गये. घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा. ग्रामीण तोलरा गांव में लगातार हो रहे चोरी की घटनाओं से आक्रोशित थे. मिली जानकारी के अनुसार बीती रात तोलरा गांव निवासी रेलवे टीआई अनिल तिवारी, सेवानिवृत डीएसपी सुधीर तिवारी, शिक्षक ओंकार तिवारी व एलआईसी एजेंट अमरेश तिवारी के घरों में चोरी हुयी.घटना के समय तीन घरों में कोई नहीं था.जबकि एक घर में गृहस्वामी के बुजुर्ग पिता थे.सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने जब घर का ताला टूटा हुआ व



सामान बिखरा पड़ा देखा तो गृहस्वामियों को फोन पर घटना की जानकारी दी.ग्रामीणों ने बताया कि अनिल तिवारी रेलवे में ट्रैफिक इंस्पेक्टर हैं और वे वर्तमान में सपरिवार मेदिनीनगर में रहते हैं.सेवानिवृत डीएसपी सुधीर तिवारी बिहार की राजधानी पटना में सपरिवार शिफ्ट हो गये है. जबकि शिक्षक ओंकार तिवारी व अमरेश तिवारी भुरकुंडा में रहते हैं.पीड़ित चारों परिवार की माने तो इन सभी घटनाओं में कुल बीस लाख से भी ज्यादा की संपति की चोरी हुयी है।

# चेचरिया में एसबीआई मिनी बैंक का शुभारंभ, बैंकिंग सेवाएं अब होंगी और अधिक सुलभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** शहर के चेचरिया में रविवार को भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। बीएसएनएल टावर के समीप स्थित इस केंद्र का शुभारंभ स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि इस मिनी बैंक के शुरू होने से स्थानीय निवासियों को बैंकिंग कार्यों के लिए मुख्य शाखा जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा, इस केंद्र के माध्यम से लोगों को पैसा जमा करने, निकासी करने, पैन कार्ड, श्रम कार्ड बनाने सहित विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं का लाभ सरलता से मिलेगा। साथ ही उन्होंने संचालक से ग्राहकों को समयबद्ध एवं पारदर्शी सेवा उपलब्ध



कराने का आह्वान किया। सीएसपी संचालक अंकुल कुमार ने जानकारी दी कि इस केंद्र के माध्यम से खाता खोलना, नकद जमा-निकासी, आधार कार्ड लिंकिंग, पैन कार्ड आवेदन, सरकारी योजनाओं का लाभ तथा अन्य डिजिटल सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इससे स्थानीय लोगों का समय और श्रम दोनों की बचत होगी। कार्यक्रम के दौरान झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, झामुमो शहरी अध्यक्ष अजय प्रसाद मुखिया जी, प्रतिष्ठित व्यवसायी अशोक जायसवाल, राकेश जायसवाल बबलू, युवा समाजसेवी रजनीकांत मधुर भोलू, राहुल जायसवाल मिक्की, कामता प्रसाद, रामचंद्र पाठक, वीरेंद्र कमलापुरी, तस्लीम खान, अनिल कुमार, अजय कुमार, सुनील जायसवाल, बंगाली सिंह, गणेश ठाकुर, जितेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, कमलेश मेहता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# एके सिंह कॉलेज में स्वच्छता व माय भारत आउटरीच कार्यक्रम पर कार्यशाला आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देशानुसार ए.के सिंह कॉलेज जपला में एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) इकाई के तत्वावधान में स्वच्छता एक्शन प्लान एवं माय भारत आउटरीच कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर पलामू के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डा. प्रदीप कुमार ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक करना और उन्हें स्वच्छता संबंधी अच्छी आदतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. सूर्यमणि सिंह ने किया। इसके पूर्व प्राचार्य डा. सूर्यमणि सिंह, मुख्य अतिथि डा. प्रदीप कुमार, एम के कॉलेज पांकी के प्राचार्य डा. दिलीप कुमार राम,जी सी पी ए कॉलेज छतरपुर के प्राचार्य डा. राजकिशोर लाल, गढ़वा के नोडल पदाधिकारी प्रो. कमलेश कुमार सिन्हा, कार्यक्रम पदाधिकारी सह पलामू जिला के एनएसएस नोडल पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर पर एनएसएस के स्वयंसेवकों के द्वारा एनएसएस का ध्येय गीत तथा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया।

# राज्य के वित मंत्री के आदेश के बाद भी नहीं हटाए गये बीडीओ के वाहन चालक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार का मामला प्रकाश मे आया है। नौड़ीहा बाजार प्रखंड मे पदस्थापित बीडीओ वाहन चालक मनीष कुमार पर गंभीर आरोप नौड़ीहा बाजार प्रखंड प्रमुख श्रीमति रेशम कुमारी के द्वारा लगाया है। प्रखंड प्रमुख श्रीमती कुमारी ने वाहन चालक मनीष कुमार के विरुद्ध लिखित शिकायत स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार के वित मंत्री श्री राधा कृष्ण किशोर को गत 30 मार्च 2025 को अपने लेटर पैड पर लिख कर शिकायत की गई थी। प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा बीडीओ साहेब के वाहन चालक मनीष कुमार के द्वारा जमीन दाखिल ख़ारिज, चेक स्लीफ,माईस व् क्रेशर संचालको से पैसा वसुली ,ब्लॉक कर्मी के साथ धोस देकर काम करवाना,नौड़ीहा बाजार प्रखंड के आम जनमानस से काम के प्रलोभन देकर पैसा वसूलने की मामला ब्लॉक कार्यालय मे कई बार शिकायत मिल रही थी। तत्काल



प्रमुख के द्वारा कई बार वाहन चालक मनीष कुमार को अपनी कार्य कलाप मे सुधार लाने की बात कही गई लेकिन मनीष कुमार ने अपने कार्य शैली मे कोई सुधार नहीं लाये । बाध्य होकर उन्होंने आगे की करवाई के लिए उच्च अधिकारी व राज्य के वित मंत्री को पत्र प्रेषित किया है। झारखंड सरकार के वित मंत्री श्री राधा कृष्ण किशोर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए उप विकास आयुक्त पलामू सब्बीर अहमद को जाँच करते हुए कार्य मुक्त करने का आदेश दिया था। लेकिन नौड़ीहा बाजार प्रखंड के प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी श्री रामनारायण खलको पत्रांक 301 दिनांक 23/4 /2025 उप विकास आयुक्त पलामू के नाम से पत्र निर्गत किया जाता है।

# व्यवसाई की पिटाई करने वाले की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जाम किया किशुनपुर चौक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पाटन के किशुनपुर मे एक व्यवसाय से मारपीट की निंदा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तारी की मांग को लेकर किशूनपुर बाजार चौक पर सोमवार को सभी व्यवसायिक अपना दुकान बंद कर सुबह आठ से लेकर शाम चार बजे तक अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए। व्यवसायियों का मांग था कि मारपीट के आरोपियों को गिरफ्तार कर कठोर सजा दे। जानकारी के मुताबिक 1 मई को किशुनपुर के एक व्यवसाय शुभम क्रांति के साथ कुछ लोगों के द्वारा मारपीट की गई थी। व्यवसाय के द्वारा थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। गिरफ्तारी में देरी होने के वजह से व्यवसाय रोड जाम किया और धरना पर बैठ गया। इसकी जानकारी मिलते ही पाटन अंचलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव के द्वारा व्यावसायिक को समझाया बुझाया। वही पाटन पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह के द्वारा व्यवसाई को आश्वासन दिया की एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों के प्रति छापामारी जारी है। किशुनपुर ओपी के एसआई प्रभात किरण के द्वारा चौक चौराहे पर पुलिस के द्वारा विधि व्यवस्था बनाई रखी थी। आश्वासन के बाद शाम 4ः00 बजे से किशनपुर बाजार क्षेत्र मे आवागमन सुचारू रूप से चालू कर दी गई। इस संबंध में आरोपी की तरफ से भी पाटन थाने में एफआईआर के लिए आवेदन दी गई है।

# पीएमश्री हाईस्कूल चितविश्राम के हेडमास्टर पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, शिकायत सीपी ग्राम पोर्टल पर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पीएम श्री हाईस्कूल चितविश्राम के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित कुमार के काले करतूत से विद्यालय में भ्रष्टाचार की पोल खुल गई है। विद्यालय में भ्रष्टाचार की पोल खुलते ही आम नागरिक भी अपने बच्चों के हक एवं अधिकार के लिये आगे आने लगे हैं। आम नागरिक ने विद्यालय के हेडमास्टर के काले करतूत की शिकायत सीपी ग्राम पोर्टल (केंद्रीय कृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली) के वरीय अधिकारियों से की है। साथ ही ऐसे भ्रष्ट हेडमास्टर के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने एवं विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने का अनुरोध किया है। शिकायतकर्ता की ओर से शिकायत की गई है कि वर्षों से जमें प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित कुमार के काले कारनामों से विद्यालय में भ्रष्टाचार की जड़ मजबूत होने के साथ साथ शिक्षण व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। विद्यालय में सरकारी राशि की जमकर लूट की गई है। हेडमास्टर के अड़ियल रवैये के कारण स्कूल के बच्चे सरकारी सुविधाओं यथा साईकिल, छात्रवृत्ति आदि के लाभ से वंचित रह जा रहे हैं।शिकायतकर्ता के द्वारा शिकायत पत्र में लिखा गया है कि अमित कुमार के द्वारा विद्यालय में सरकारी राशि की अनियमितता कर विद्यालय के सभी कोषों की राशि का मनमानी तरीके से व्यय कर लूट की जा रही है। साथ ही छात्रों से लिये जाने वाले राशि को भी हेडमास्टर के द्वारा एक-दो वर्षों के बाद बैंक खाते में पैसा जमा किया जाता है।

# बीईईओ ने किया रा.उ.म.विद्यालय बरडीहा का निरीक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय ने सोमवार को प्रखंड के बरडीहा ग्राम स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान विद्यालय की सहायक शिक्षिका आशा कुमारी को अध्यापन कार्य के समय मोबाईल चलाते देख नाराजगी व्यक्त करते हुये उन्हें कड़ी फटकार लगाई तथा आदत में सुधार लाने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्य के दौरान लापरवाही बर्दास्त नही किया जायेगा। सभी शिक्षक अपने कार्य प्रणाली में सुधार लावें तथा ससमय अध्यापन कार्य करें। इसके बाद बीईईओ ने विद्यालय की प्रधानाध्यपिका रुबी कुमारी से विद्यालय विकास की राशि से किये गये विकास कार्यों के बारे में जानकारी लिया।प्रधानाध्यापिका द्वारा बताया गया कि विकास कोष की राशि की निकासी कर ली गई है, विकास कार्य नहीं किया गया है। यह जानकर बीईईओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुये प्रधानाध्यापिका को कड़ी फटकार लगाया। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्ट्या यह मामला विद्यालय विकास की राशि गबन करने का प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि सरकारी कोष से पैसा निकाल कर रखना गंभीर मामला है,दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण के दौरान बीईईओ ने विद्यालय में छात्र-छात्राओ की उपस्थिति 50 प्रतिशत देख नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने शिक्षकों को उपस्थिति बढ़ाने के लिये जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया।मौके पर एमडीएम सेल के अमित कुमार, विद्यालय की प्रधानाध्यपिका रूबी कुमारी सहित शिक्षक उपस्थित थे।

# हेडमास्टर के काले कारनामों से हाईस्कूल सुर्खियों में

# हेडमास्टर के अड़ियल रवैये से छात्रों को अब तक नहीं मिली साइकिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड अंतर्गत पीएमश्री हाईस्कूल चितविश्राम के हेडमास्टर अमित कुमार के काले कारनामों से हाईस्कूल इन दिनों सुर्खियों में है। विद्यालय में शिक्षकों के गायब रहने, मध्याहन भोजन में कीड़ा मिलने के बाद अब बच्चों को साईकिल नहीं मिलने का नया मामला सामने आया है। यहां हेडमास्टर की कथित लापरवाही एवं अड़ियल रवैये के कारण कक्षा 8 के छात्रों को छह माह बीत जाने के बाद भी साईकिल नसीब नहीं हुआ है।दूसरे स्कूलों में साइकिल मिलने पर पीएमश्री हाईस्कूल चित्तविश्राम के छात्र अपनी बारी का इंतजार करते रहे लेकिन उन्हें अब तक साइकिल नसीब नहीं हुआ। छात्र कक्षा 8 की परीक्षा देकर रिजल्ट के




इंतजार में हैं। जानकारी के मुताबिक उक्त हाईस्कूल में पिछले सत्र में कक्षा आठवीं में लगभग 73 बच्चे अध्यनरत थे। सरकार की ओर से उन बच्चों के लिये साईकिल उपलब्ध कराई गई थी।सूत्रों ने बताया कि हेडमास्टर के अड़ियल रवैये के कारण सरकार की ओर से साईकिल उपलब्ध कराने के 6 माह बाद भी अभी तक बच्चों को साईकिल उपलब्ध नहीं कराया गया है। जबकि प्रखंड कार्यालय से बच्चों को साईकिल उपलब्ध कराने के लिए विद्यालय के हेडमास्टर को कई बार सूचित किया गया है। फिर भी हेडमास्टर के द्वारा साईकिल का उठाव नहीं किया गया। लिहाजा साईकिल प्रखंड कार्यालय के गोदाम में धूल फांक रही है। साइकिल नहीं मिलने से स्कूल के छात्र पैदल स्कूल आते जाते रहे हैं। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम के मुताबिक पीएमश्री हाईस्कूल चितविश्राम के हेडमास्टर को कई बार साईकिल का उठाव करने से संबंधित सूचना दी गई। किंतु उनके द्वारा अभी तक साईकिल का उठाव नहीं किया गया है। जबकि प्रखंड के अन्य सभी विद्यालयों के द्वारा ससमय साईकिल का उठाव कर बच्चों के बीच वितरित कर दिया गया है। बच्चे भी साईकिल से उत्साह के साथ स्कूल आ जा रहे हैं।उल्लेखनीय है कि सरकार विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के लिये गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, भोजन, स्कूल कीट, पेंशन समेत कई सुविधा बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि गरीब बच्चे भी कान्वेंट स्कूल की तरह शिक्षा ग्रहण कर सकें। उन्हें तनिक भी न लगे कि वे सरकारी स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। किंतु उनके मातहत सरकार की उम्मीदों पर पानी फेर दे रहे हैं।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### बढ़ते आतंकवादी घटनाओं के विरोध में भाजपा उतरी सड़क पर

**रांची :** बढ़ते आतंकवादी घटनाओं के विरोध में भारतीय जनता पार्टी रांची जिला इकाई द्वारा सोमवार को एक ज़ोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया गया। पाकिस्तानियों भारत छोड़ो और ना भूलेंगे, ना माफ करेंगे जैसे गगनभेदी नारों के साथ कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर मार्च किया।इस प्रदर्शन में भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी, पूर्व मंत्री व विधायक सी.पी. सिंह, नवीन जायसवाल सहित पार्टी के अन्य बड़े नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।प्रदर्शनकारियों ने तख्तियां हाथों में लेकर पहलगाम हमले के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की और देश की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए सरकार से सख्त रुख अपनाने की अपील की।

### सिरमटोली फ्लाईओवर रैम्प निर्माण का विरोध रहेगा जारी, झारखंड बंद बुलाने का लिया गया निर्णय

**रांची।** मेकन से सिरमटोली फ्लाईओवर स्थित सरना स्थल के समीप बनाए जा रहे रैम्प के विरोध में सोमवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों ने एकजुट होकर आंदोलन का बिगुल फूंका। संगठनों ने इसे केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता, संस्कृति और आस्था पर सीधा प्रहार बताया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इस परियोजना को तुरंत नहीं रोका, तो वे मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे और जिस दिन उदघाटन समारोह होगा उस दिन झारखंड बंद बुलाएंगे। आंदोलन को और प्रभावशाली बनाने के लिए मुख्यमंत्री को काले झंडे और काली पट्टियों के साथ विरोध जताने की योजना भी बनाई गई है।

# डीएमओ कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर दो हजार रुपये के साथ गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** अश्वन तिर्की ने एसीबी राँची में लिखित आवेदन देकर सूचित किये कि इनका एक ट्रैक्टर जिसका रजिस्टेशन नं0-जेएच 01एफ ई-8096 है. जिससे इनका ड्राईवर सोमरा मुण्डा,जोन्हा. थाना-अनगड़ा के द्वारा सरकारी कार्य के लिए तिलमीसेरेन घाटी से बालू लादकर जोन्हा ले जा रहा था। बालू ले जाने के क्रम में राहे अंचल अधिकारी के द्वारा ट्रैक्टर को पकड़ लिया गया और सिल्ली थाना को सौंप दिया गया।

28.04.25 को सिल्ली थाना के प्रभारी द्वारा फोन पर बताया गया कि आपके ट्रैक्टर का चालान खनन विभाग, राँची को भेज दिया गया है और वहीं जाकर फाईन भरकर ट्रैक्टर को छुड़वा लिजीए। 02.05.25 को जिला खनन कार्यालय, राँची में जाकर पता किया तो खनन विभाग के कर्मचारी अब्दुल हाफिज के द्वारा बोला गया कि आपका काम हो जायेगा। 10,000/- रूपया (दस हजार रूपया) ऑनलाईन फाइन एवं 42,000/- (बयालिस हजार) नगद रिश्वत के रूप में लगेगा। परिवादी रिश्वत देकर कार्य नही कराना चाहते थे और इनके द्वारा इस संबंध में भ्र0नि0 ब्यूरो, रॉची में आवेदन समर्पित किया गया। आवेदन का विधिवत सत्यापन के उपरान्त अब्दुल हाफिज, जिला खनन कार्यालय, रॉंची पर लगे आरोपों को सत्य पाया गया एवं वादी के लिखित आवेदन एवं सत्यापनकर्ता के सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर भ्र0नि0 ब्यूरो थाना, राँची कांड संख्या 07/2025,- 04.05.2025, धारा 7 , भ्र0नि0 (संशोधित) अधिनियम-2018 पंजीकृत किया गया। धावा दल द्वारा उक्त स्थल पर ट्रैप करने के लिए पहुँचा तो आरोपी अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थित नही पाये गये। उनके बदले जिला खनन कार्यालय में कार्यरत बिन्देश तिर्की (कम्प्यूटर ऑपरेटर आउट सोंसिंग), पिता-भावनात लोहरा, सा0-ढिढोली नकटी टोली, पो0-ढिढोली, थाना-गुमला, जिला-गुमला द्वारा बोला गया कि मैं काम कर दूँगा। मेरे द्वारा कार्य करने का 2,000/- रूपया बनता है, उसको मैं लूँगा तथा बाकी पैसा अब्दुल हाफिज लेगें। इसके बाद धावा दल द्वारा परिवादी अश्वन तिर्की से रिश्वत की राशि-2,000/- (दो हजार) रूपये लेते हुए बिन्देश तिर्की (कम्प्यूटर ऑपरेटर आउट सर्सोसिंग) को जिला खनन कार्यालय, रॉची से रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया एवं अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# जबरन धर्मांतरण पर संजय सेठ ने डीसी को लिखा पत्र, सुरक्षा देने को कहा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के झीमड़ी में एक बच्ची के साथ जबरन धर्मांतरण और इसके बाद बढ़े मामले को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सरायकेला के उपायुक्त को कड़ा पत्र लिखा है। पत्र में रक्षा राज्य मंत्री ने कहा है कि देश में उत्पन्न परिस्थितियों के चलते वे क्षेत्र नहीं आ पा रहे हैं, लेकिन ऐसी स्थिति में पीडित परिवार और संबंधित गांव की सुरक्षा जरूरी है। इसके लिए रक्षा राज्य मंत्री ने डीसी को भी निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि सरायकेला खरसावां जिले के झीमड़ी में एक बच्ची का ब्रेन वॉश कर जबरन धर्मांतरण का मामला सामने आया था। इस मामले में ग्रामीणों में भी जबरदस्त आक्रोश है। पीडति‍ा का पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान है। सेठ ने कहा कि मामले के समाधान से जुड़े कई विषयों पर जिला प्रशासन को सकारात्मक कदम उठाना चाहिए। वे अभी क्षेत्र में नहीं पा रहे हैं, लेकिन वहां की स्थिति पर उनकी नजर है। उक्त पीड़ति परिवार की शिक्षा, सुरक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य जैसे विषय चिंताजनक हैं। इस दिशा में जिला प्रशासन अपने स्तर पर पहल करते हुए ठोस कदम उठाए।

**थाना प्रभारी का रवैया बहुत ही उदासीन:** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीड़ति बच्ची को उच्च शिक्षा के साथ सुरक्षित भविष्य के लिए रोजगार भी उपलब्ध हो और इस दिशा में प्राथमिकता के साथ जिला प्रशासन कार्य करे। उन्होंने डीसी को बच्ची के स्वास्थ्य संबंधी परेशानी को देखते हुए उच्च संस्थान में समुचित इलाज की व्यवस्था कराने को कहा है। उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पडी तो वे नई दिल्लीं स्थित एम्स में भी बच्ची की ईलाज की व्यवस्था करेंगे। वहीं सेठ ने थानेदार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतने संवेदनशील घटनाक्रम में स्थानीय थाना प्रभारी का रवैया बहुत ही उदासीन रहा है। उन्होंने कहा कि यह मामला थाना प्रभारी की निष्क्रियता के कारण भी बहुत बड़ा होता चला गया। इसके फलस्वरुप कई घटनाएं हुई और सामाजिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई।

# कैमरा तकनीक से पित्त की थैली का किया गया ऑपरेशन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** श्यामली कॉलोनी रांची की रहने वाली,30 वर्षीय महिला मरीज का सदर अस्पताल में सफल ऑपरेशन किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि यह नवीनतम कैमरा तकनीक से पित्त की थैली के पत्थर एवं सूजन का सफल ऑपरेशन किया गया। आगे बताया कि पिछले एक सप्ताह से महिला पेट दर्द से परेशान थी, उनका सफल ऑपरेशन यह साबित करता है कि आधुनिक चिकित्सा पद्धतियां कैसे मरीजों को जल्दी ठीक होने में मदद कर सकती हैं। इस नई तकनीक का रांची के सदर अस्पताल में प्रयोग निश्चित रूप से एक बड़ी उपलब्धि है, और उम्मीद है कि इससे और भी मरीजों को फायदा होगा। एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार ,एनेस्थेटिस्ट डॉक्टर चंदन झा , नेली सिस्टर,ओटी असिस्टेंट मंटू ,नीरज, नंदिनी ,सरिता ,अमिता एवं समस्त ओटी सटाफ मौजूद थे।

# लापता युवक के शव की तलाश मनातू तालाब में खोज रही है एनडीआरएफ टीम

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची ।** कांके थाना क्षेत्र के सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड के पास मनातू तालाब में एनडीआरएफ की टीम शव की तलाश करने पहुंची। बताया गया कि शनिवार से गायब युवक की तलाश में एनडीआरएफ की टीम शव को खोज रही है। थाना प्रभारी प्रकाश रजक ने बताया कि पिस्का मोड़ का रहने वाले युवक रौशन कुमार शनिवार से गायब है। उसके दोस्तों से जब पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि मनातू स्थित तालाब में जो कि एक माइनिंग तालाब है वहां दोस्तों के साथ नहाने लगा था, उसे के दौरान वो तालाब में डूब गया। एनडीएआरफ की टीम गोताखोर की मदद से रौशन कुमार की तलाश कर रही है। वहीं रौशन के पिता का आरोप है कि उसके दोस्तों ने उसकी हत्या कर दी है। आसपास के लोगों का कहना है कि कुछ युवक शराब पीने यहां आये थे। जबकि रौशन के पिता का दावा है उनका बेटा शराब नहीं पीता था, उसकी डूबने से मौत नहीं हुई है, बल्कि हत्या कर दी गई है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में लगी है और रौशन कुमार के शव को मनातू तालाब में एनडीआरएफ की मदद से तलाश रही है। खबर लिखे जाने तक शव की तलाश जारी थी।

# कार्ल मार्क्स की 207वी जयंती मनाई गई और किया गया श्रद्धांजलि अर्पित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सीपीआई राज्य कार्यालय के सभागार में कार्ल मार्क्स की 207 वी जयंती पर याद किया गया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, कार्ल मार्क्स की दर्शन एवम वर्तमान दौर की राजनीति के विषय पर बोलते हुए भाकपा के राज्य कार्यकारणी सदस्य सह जिला मंत्री अजय सिंह ने कहा की कार्ल मार्क्स के दर्शन हमे हमेशा शोषित वंचित समाज को मुख्य धारा में लाने के लिए प्रेरित करता है कार्ल मार्स ने विश्व को एक नई सोच दी है और पूरी दुनिया के मजदूरों को एकजुट होकर साम्राज्यवाद के खिलाफ लड़ने का आह्वाहन किया। दुनिया को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है दुनिया के मजदूरों एक हो उनका जीवन कठिनाइयों से भरा हुआ था लेकिन उनके दर्शन और विचार ने दुनिया में नई क्रांति लाई। उनकी लिखी किताब दास कैपिटल आज भी सर्वाधिक बिकने बाली पुस्तको में सुमार है कार्ल मार्स के विचार दुनिया में आज भी प्रासंगिक है वर्तमान समय में कार्ल मार्स का दर्शन ही दुनिया में शांति स्थापित करने में कारगर होगा।। इस अवसर पर गणेश सिंह, श्यामल चक्रवर्ती मनोज ठाकुर राजेश राय , रवि पीटर बाबू कुमार, राहुल वर्मा असलेश श्रीवास्तव, महेन्द्र कुमार, अजहर मलिक छोटू कुमार देवाशीष वीरेंद्र विश्वकर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# झामुमो ने केंद्रीय कार्यकारिणी समिति में विनोद पाण्डेय और सुप्रियो भट्टाचार्य को दिया जगह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** 14-15 अप्रैल को रांची में संपन्न झामुमो के 13वें केंद्रीय महाधिवेशन के आधार पर केंद्रीय कार्यकारिणी समिति का गठन कर दिया गया है। इस संबंध में पार्टी के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्तर से कार्यालय आदेश सोमवार को जारी कर दिया गया।

इसमें शिबू सोरेन को संस्थापक संरक्षक बनाया गया है जबकि हेमंत सोरेन अध्यक्ष होंगे। इनके अलावा हेमंत सोरेन की माता रूपी सोरेन के अलावा नलिन सोरेन, स्टीफन मरांडी, सविता महतो, सरफराज अहमद, मथुरा प्रसाद महतो, बैद्यनाथ राम और रामदास सोरेन उपाध्यक्ष बनाये गए हैं।



विनोद कुमार पांडेय और सुप्रियो भट्टाचार्य

महासचिव सह प्रवक्ता तथा फागु बेसरा, जोबा मांझी, मिथिलेश ठाकुर को महासचिव बनाया गया है। नंदकिशोर मेहता, अभिषेक प्रसाद पिंटु और समीर मोहंती को सचिव पद दिया गया है। विनोद कुमार पांडेय कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। हेमलाल मुर्मू, कुणाल षाडंगी और मनोज कुमार पांडेय प्रवक्ता बनाये गए हैं।

इसके अलावा राज्यसभा सांसद डा महुआ माजी, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्र नाथ महतो सहित पार्टी के विधायक, मंत्रियों, सांसदों और अन्य समेत 40 लीडरों को कार्यकारिणी सदस्य की जवाबदेही दी गई है। इनमें हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी शामिल हैं।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुति

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रांची :** बिरसा मुंडा फन पार्क, रिलेशन और एक्टर्स माइंड एक्टिंग स्टूडियो के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को जेल पार्क रांची में सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कई छात्र छात्राओं ने हिस्सा लेकर प्रस्तुति दी। एक्टर्स माइंड एक्टिंग स्टूडियो के कलाकारों ने सामाजिक सरोकार के तहत झारखंड में युवाओं में बढ़ रहे नशा और इसके नुकसान को लेकर नुक्कड़ नाटक नशे को करें ना और जिंदगी को करें हां पेश किया। नुक्कड़ नाटक के जरिए युवाओं को नशा न करने और इसके दुष्प्रभाव को कलाकारों ने कहानी के तौर पर प्रस्तुत किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में सोनिया मिश्रा ने निंबूड़ा - निंबूड़ा गाने पर नृत्य पेश किया। वहीं मिमक्री में मोहित माईकल ने नाना पाटेकर, शाहरूख खान, संजय दत्त की आवाज निकालकर दर्शकों की तालियां बटोरी। इसके बाद रिया और कोमल की जोड़ी ने लंदन ठुमकदा गाने पर सबको झूमाया। वहीं अर्थव सिन्हा ने तू मेरी गाने पर नृत्य पेश किया। इसके बाद नन्हें कलाकार दक्ष दिवित ने झूम बराबर झूम गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर समाजसेवी डॉ अनिल कुमार, अम्बेडकर रीजेंट आक्सफोर्ड स्कूल धुर्वा की निदेशिका संगीता कुमारी, जेल पार्क रांची के संचालक आर्यन चोपड़ा, एक्टर्स माइंड एक्टिंग स्टूडियो के निदेशक आकाश दीप ने संयुक्त रूप सभी कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के बैठक का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड की बैठक बोर्ड के झारखंड संयोजक डॉ मजीद आलम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उलेमा, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और बुद्धिजीवियों के एक बड़े समूह ने भाग लिया। झारखंड राज्य में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के निर्देशानुसार औकाफ की सुरक्षा के संबंध में जन जागरूकता पैदा करने की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी लोगों ने संयोजक का समर्थन किया। तथा आगामी मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सभी प्रकार के कार्यक्रमों में हर संभव सहयोग प्रदान करने तथा उसे सफल बनाने का आश्वासन दिया। जिस पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के संयोजक डॉ. मजीद आलम ने कहा कि जल्द ही झारखंड राज्य स्तर पर एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शुक्रवार 9 मई 2025 को मगरिब नमाज के बाद मेन रोड स्थित अंजुमन प्लाजा हॉल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। मौके पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य हजरत मौलाना मुफ्ती नजर तौहीद, बोर्ड के सदस्य डॉ. हसन रजा, बोर्ड के सदस्य एडवोकेट ए अल्लाम, रियाज शरीफ, मुमताज खान, हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुल्लाह अज़हर कासमी, हजरत मौलाना शफीक अलियावी, हजरत मौलाना असगर मिस्बाही, हजरत मौलाना मुफ्ती तलहा नदवी, शाह उमैर, बच्चा बाबू, ऐनुल हक अंसारी, जुनैद अनवर, अनीसुर रहमान, आसिम इमाम, मौलाना समीउल्ल हक, वसीम अकरम, अताउल्लाह, शमीम बडरियार, हारून खान, डॉ. नसीम, फैसल अल्लाम, जमील एहसान, नौशाद खान, तनवीर अहमद, शमशेर आलम, नदीम खान, मौलाना मंजूर अहमद कासमी, मेराज गद्दी, डॉ. तारिक समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# चेन स्नैचर्स का रांची पुलिस ने जारी किया पोस्टर, आम लोगों से सूचना देने की अपील

**रांची :** रांची पुलिस ने राजधानी के अलग-अलग इलाकों में चेन छिनतई करने वाले अपराधियों का पोस्टर जारी किया है।

पुलिस ने शहर के सभी चौक-चौराहों में पोस्टर लगाये हैं, जिनमें अपराधियों का धुंधला चेहरा और बाइक का नंबर दिया गया है, जो कि सीसीटीवी कैमरे की सहायता से निकाले गये हैं। पोस्टर में लिखा गया है कि ये चेन स्नेचर हैं। इन अपराधियों के संबंध में सूचना देने वालों का नाम और पता गुप्त रखा जायेगा।

# लेखक विद्याभूषण की पांचवी कहानी संग्रह अधिवास की फांस का हुआ लोकार्पण

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रांची।** प्रभात प्रकाशन (दिल्ली) के रांची केन्द्र में वरिष्ठ लेखक विद्याभूषण की उनतीसवीं पुस्तक, पांचवां कहानी संग्रह अधिवास की फांस का लोकार्पण हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य अकादमी में मैथिली सलाहकार समिति के सदस्य प्रमोद कुमार झा ने की। समन्वय और संचालन का कार्य अनामिका प्रिया ने किया। इस अवसर पर आयोजित परख चर्चा में हिन्दी कहानी के सुचर्चित कथाकार सर्वश्री अनिता रश्मि, नीरज नीर, रश्मि शर्मा और पत्रकार संजय कृष्ण ने अपने विचार साझा किए। अनिता रश्मि ने कहा कि इस संग्रह की अधिकतर कहानियां मैं से शुरू होती हैं, लेकिन मैं पर खत्म नहीं होतीं। उनमें झारखंड की सांस्कृतिक विविधता और परिवेश का अंकन चित्रात्मक विवरण में हुआ है। नीरज नीर ने बताया कि इन कहानियों में रोचकता और संवेदनशीलता देर तक बनी रहती है। यथार्थ के धरातल पर प्रवाहपूर्ण कथायन के कारण यह संग्रह झारखंड के लोकजीवन का प्रामाणिक संदर्भ प्रस्तुत करता है। रश्मि शर्मा का मानना है कि इन कहानियों में जनजीवन के विविध रंग मौजूद हैं। लेकिन विद्याभूषण चरित्रों की कहानी नहीं कहते, परिवेश और परिस्थितियों की कहानी कहते हैं। यहां कथा कथन में नाटकीयता की जगह कथ्य और शिल्प की आवाजाही बनी रहती है। पत्रकार संजय कृष्ण ने कहा कि अट्ठारह साल पहले जब वे दैनिक जागरण से जुड़ कर पहली बार गाजीपुर से रांची आये थे तो झारखंड को समझने के लिए विद्याभूषण जी की एक सुचर्चित पुस्तक मददगार बनी थी। इस संग्रह की कहानियों में आदिवासी जीवन और परिवेश का इतिवृत्त मुखर हुआ है।

# कांग्रेस पार्टी पर भाजपा प्रदेश प्रभारी का बड़ा हमला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन की सरकार पर बड़ा निशाना साधा। डॉ वाजपेयी प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।डॉ वाजपेयी ने कहा कि आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने झारखंड के सभी जिलों में प्रदर्शन कर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और मांग किया कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार राज्य में रह रहे पाकिस्तानियों को चिन्हित कर अविलंब वापस पाकिस्तान भेजा जाए। भारत सरकार ने पहलगाम आतंकवादी घटना के बाद पाकिस्तानी नागरिकों के 14प्रकार के वीजा को रद्द करते हुए अटारी बॉर्डर को इसी कार्य केलिए खोल रखा है।कहा कि जहां जहां देश में इंडी गठबंधन की सरकारें हैं वहां पाकिस्तानियों को चिन्हित कर उन्हें उनके देश भेजने केलिए राज्य सरकार तत्परता नहीं दिखा रही। ऐसा लगता है उन पर तुष्टीकरण का भूत सवार है। कहा कि इतना ही नहीं कांग्रेस नेताओं के सुर रोज बदल रहे। भारत सरकार द्वारा आयोजित



सर्वदलीय बैठक में वे मोदी सरकार के निर्णयों के साथ आतंकवाद और पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई का समर्थन करते हैं वहीं कई वरिष्ठ नेता केंद्र सरकार,सेना की कारवाई और सवाल भी खड़ा करने लगे।जो इनकी पुरानी आदत है।कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी का बयान इसी से मिलता जुलता है।कहा कि आज तो यूपी के कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सेना और भारत की सैन्य शक्ति का मजाक उड़ा दिया।राफेल जैसे उच्च कोटि के लड़ाकू विमान को खिलौना बताया जिसका हाईवे पर विगत दिनों प्रदर्शन कर सेना ने देश का गौरव बढ़ाया है।

# लेखक महेन्द्र मोदी ने जल स्तर तेजी से उठाने के लिए मॉडल विकसित किया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** लेखक महेन्द्र मोदी ने जल स्तर तेजी से उठाने के लिए वैज्ञानिक और व्यवहारिक प्रयोग अपने व्यक्तिगत समय में कई मॉडल विकसित किया जो प्रदूषण रहित, मितव्ययी, झंझट मुक्त, आसान, तकनीक में सरल हो। मोदी के 4 मॉडल को पेटेंट ऐक्ट 1970 के अंतर्गत पेटेंट अवार्ड हुए । रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को प्रदूषण मुक्त, सुगम रख रखाव का, मितव्ययी और तकनीक में आसान बनाया जो पूरे देश में अपनाने लायक (replicable) हैं। इससे झारखंड में ही लाखों युवकों के लिए रोजगार सृजन का की क्षमता (potential) है।

# यूनाईटेड कोल वर्कर्स युनियन ने पिपरवार प्रबधंन को सौंपा 10 सूत्री मांग पत्र

## पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन के साथ असंगठित मजदूरों के लिए सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** महान दार्शनिक, समाजशास्त्री, अर्थशास्त्री, इतिहासकार,राजनीति सिद्धांतकर काल मार्क्स के जन्मदिन पर एटक के द्वारा असंगठित मजदूरों के न्यूनतम मजदूरी तय करने के लिए मांग दिवस मनाया गया।इस मौके पर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन पिपरवार क्षेत्र के द्वारा सोमवार को पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन व सभा कर हाई पावर कमेटी से संबंधित मांग पत्र सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन को सौंपा। जानकारी के अनुसार यूनियन के सभी लोग बीओसी हनुमान मंदिर के समीप एकत्रित हुए और जोरदार नारों के साथ पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचा,जहां यूनियन के लोगों ने पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल को पिपरवार महाप्रबंधक के नाम 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा।मांग पत्र के माध्यम से पिपरवार क्षेत्र के कोयला खदानों में काम कर रहे असंगठित मजदूरों को एचपीसी द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने,असंगठित मजदूरों को सीएमपीएफ का सदस्य बनाया जाए एवं ऐसे मजदूर जो कार्य छोड़ चुके हैं जिनका सीएमपीएफ बकाया है उसका भुगतान किया जाए,क्षेत्र में कार्यरत सभी असंगठित मजदूरों को साप्ताहिक विश्राम देने,सभी असंगठित मजदूरों को छुट्टी की सुविधा प्रदान करने,सभी असंगठित मजदूरों को चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराने,सभी असंगठित मजदूरों को बोनस का भुगतान करने,असंगठित महिला मजदूरों को मातृत्व छुट्टी का लाभ देने,सभी असंगठित मजदूरों को वेतन पर्ची देने,सभी असंगठित मजदूरों की हाजिरी फार्म डी में दर्ज करने,सभी असंगठित मजदूरों को पीएचडी का भुगतान करने सहित अन्य मांगे शामिल है।इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अब्दुल्लाह,कार्यकारी अध्यक्ष धनेश्वर गंझु,क्षेत्रीय सचिव अरविंद शर्मा, रहमतुल्लाह,दिलीप कुमार महतो,कयूम अंसारी,केशव यादव,सरजू सिंह,सेवक गंझु, बासुदेव गंझु,अशोक गंझु,बलराम भोक्ता,सीटू भुइयां,रामनाथ महतो,भरत नोनिया,उस्मान अंसारी,मनोज राम,टेशलाल राम,एजाज असलम,जयशंकर चौधरी,मनु कुमार महतो, रविंद्र महतो,भूटन महतो,विजय कुमार महतो,बालेश्वर महतो,कांगो महतो,अमित महतो,जगन गंझु,संजू सोनी सहित काफी संख्या में असंगठित मजदूर उपस्थित थे।

## ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में टाटीसिलवे क्लब को 16 मेडल



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची के खेल गांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंदौर स्टेडियम में सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड के तत्वावधान में आयोजित दूसरी सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में झारखंड टीम में शामिल टाटीसिलवे क्लब के खिलाड़ियों ने कुल 14 पदक लाकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसमें दो स्वर्ण पदक,एक सिल्वर और 11 कांस्य पदक हैं।अंडर 12 साल महिला 40 किलो वर्ग कुमीते में लक्ष्मी कुमारी ने गोल्ड मेडल, अंडर 8 साल महिला -25 किलो वर्ग कुमीते में परी कुमारी ने गोल्ड मेडल,अंडर 10 साल पुरूष वर्ग काता में आशविक सिंह ने सिल्वर मेडल, कैडेट महिला काता और कैडेट महिला -47 किलो वर्ग दोनों में गायत्री कुमारी ने कांस्य पदक जीता। बाकी खिलाड़ियों में काता में अमन कुमार,प्रींस राज, आराध्या गजपति ने कांस्य पदक और कुमीते में दिपाली सिंह,आयुषी कुमारी, साहिल कुमार महतो,अभय कुमार और अनमोल कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राईबल और माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के अध्यक्ष सह इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा और संदाई उमाशंकर महतो ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

## खूंटी क्लब के पूर्व उपाध्यक्ष को दी गई श्रद्धांजलि



**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी क्लब के पूर्व उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी 65 वर्षीय देवेंद्र साहू का पिछले दिनों निधन हो गया। उनकी याद में सोमवार को क्लब परिसर में श्रद्धांजली कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब के अध्यक्ष रंजीत प्रसाद की अध्यक्षता एवं कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार गुप्ता के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सदस्यों भाग लिया और अपने हरदिल अजीज दिवंगत देवेंद्र साहू को उनकी तसवीर में पुष्पांजली अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजली दी। मौके पर सदस्यों ने दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। क्लब के सचिव गणपत कुमार भगत ने कहा कि देवेंद्र साहू भले ही आज हम सबों के बीच नही है,लेकिन उनकी यादें हमेशा जेहन में रहेगी। उन्होने कहा कि हंसमुख व मिलनसार प्रवृति के कारण हमेशा याद किए जाते रहेंगे। गणपत कुमार भगत ने कहा कि वे क्लब के उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए हमेशा क्लब के उत्थान के बारे में सोचते रहते थे। मौके पर ओमप्रकाश मिश्रा,कृष्णा मिश्रा,श्याम किशोर भगत,नरेश गौंझू,महेश चौधरी,राजकुमार गुप्ता राजू,अरूण चौधरी,सुदामा साहू,अनूप साहू,प्रेम तिवारी,मनोज लाल आदि उपस्थित थे।

## संत माईकल +2 स्कूल मूरी में प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया



**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत माईकल + 2 स्कूल, मुरी में सोमवार को इंगलिश जस्ट ए मिनट (छ्वरू) प्रतियोगिता के विजेताओ को प्रस्सति पत्र देकर विद्यालय प्रांगण में सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता 28/04/2025 को विद्यालय में आयोजित कि गई थी जिसमें वर्ग छठवीं से बारहवी तक के बच्चो ने बढ़ चढ़?कर हिस्सा लिया था। स्कूल के निदेशक श्री राकेश कुमार ने आशिष वचन के साथ बच्चो को इस प्रतियोगिता का महत्व बताए एवम् इस तरह के प्रतियोगिता में सभी बच्चो को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित भी किए। स्कूल के प्राचार्य श्री सी एल प्रजापति ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए भविष्य में होने वाली अन्य सभी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दिए।मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सभी विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## जसपूरिया बी.एड. कॉलेज, बीसा में व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला का आयोजन




**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जसपूरिया बी.एड. कॉलेज, बीसा में व्यक्तित्व विकास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों और प्रशिक्षुओं में व्यक्तित्व विकास के प्रति जागरूकता जागरूक करना एवं व्यावहारिक तरीके से व्यक्तित्व निर्माण करना था। कार्यशाला का मंच संचालन बड़ी ही कुशलता और आत्मविश्वास के साथ प्रशिक्षु आशा माधुरी सारस ने किया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं संस्थान के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई, तत्पश्चात स्वाति मंजु भेंगरा समूह द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला अभिभाषण प्राचार्य डॉ अनिल कुमार मिश्र ने व्यक्तित्व विकास का शिक्षक के जीवन में महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए. कार्यशाला की समन्वयक सहायक प्राध्यापिका डॉ कुमारी प्रियंका शर्मा ने विषय प्रवेश कराते हुए व्यक्तित्व विकास की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित प्रियंका नुपूर मिंज, बेथेसदा महिला टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, रांची के एम.एड. विभाग के सहायक प्राध्यापिका ने प्रतिभागियों को अत्यंत प्रभावशाली एवं प्रेरक व्याख्यान प्रदान किया एवं व्यक्तित्व मूल्यांकन संबंधित प्रायोगिक सत्र में प्रशिक्षुओं को डेमो साक्षात्कार का आयोजन किया गया. कार्यशाला के अंत में धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक सजीब कुमार के द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में प्रोफेसर इंचार्ज प्रवीण सिंह कुशवाहा, रीमा उपासना कच्छप, प्रभा हेनरी, सरिता कुमारी, विभा कुमारी, डॉ आर के पाठक, धनंजय यादव, रंचन कुमारी, पवन कुमार कुशवाहा एवं पी के रवि आदि सहायक प्राध्यापकों एवं महफूज अंसारी, रश्मि कुमारी, काजल गोस्वामी आदि गैर शैक्षिक सदस्यों ने कार्यशाला को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इस कार्यशाला में जसपुरिया बी. एड. कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने इस ज्ञानवर्धन कार्यशाला का लाभ प्राप्त किया ।

# जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा पचायती राज विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा कर दिये गये आवश्यक निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूँटी :** जिला पंचायत राज पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह द्वारा पचायती राज विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 15वें वित्त आयोग अंतर्गत ग्राम पंचायत एवं पंचायत समितियों को प्राप्त अनुदान राशि के व्यय, पंचायत सचिवालयों में बायोमैट्रिक उपस्थिति, सचिवालय भवनों को डिजिटल पंचायत के रूप में विकसित करने, सचिवालय में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा, कनीय अभियंताओं के कार्यों की प्रगति, पंचायत सहायकों को कक्ष आवंटन और पंचायत सहायता केंद्रों की शीघ्र शुरुआत तथा पंचायत ज्ञान केंद्रों की स्थापना एवं संचालन की प्रगति का मूल्यांकन करना था। बैठक के दौरान यह पाया गया कि कई पंचायत सचिवालयों में अभी भी डिजिटल ढांचे की स्थापना अधूरी है, जिस पर शीघ्र कार्रवाई की आवश्यकता है। कनीय अभियंताओं के कार्यों की भी समीक्षा की गई और उनके दायित्वों को स्पष्ट किया गया ताकि विकास कार्यों की गति में तेजी लाई जा सके। पंचायत सहायकों के लिए निर्धारित कमरों के आवंटन और पंचायत सहायता केंद्रों को जल्द चालू करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को बेहतर सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। पंचायत ज्ञान केंद्रों की स्थापना और संचालन की दिशा में हुई प्रगति की भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करें और समयबद्ध ढंग से कार्य पूरे करें। उन्होंने ग्राम पंचायत विकास योजना (तक्षक्षक) की एंट्री को अद्यतन करने पर जोर दिया और निर्देश दिए कि सभी योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग की जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच सके। बैठक के अंत में अधिकारियों ने योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प लिया। इस बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक (पंचायत राज), सभी कनीय अभियंता, कंप्यूटर ऑपरेटर और संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डीएवी स्कूल में काउंसलिंग सह बातचीत सत्र आयोजित



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी महात्मा आनंद पब्लिक स्कूल, सिल्ली में अल्बेडो कोचिंग द्वारा काउंसलिंग सह बातचीत सत्र का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में छात्रों के साथ गहन बातचीत की, जिसमें तीन प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। समय प्रबंधन, अनुशासन और शारीरिक फिटनेस। अपनी प्रेरणादायक यात्रा को साझा करते हुए, उन्होंने छात्रों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने और अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।अल्बेडो कोचिंग के द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओं को बताया गया कि आईआईटी जेईई सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक है, जिसमें न केवल कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है, बल्कि स्मार्ट तैयारी भी होती है। एल्बेडो इंस्टीट्यूट रांची में आईआईटी जेईई कोचिंग के लिए एक बेहतरीन कोचिंग अनुभव प्रदान करता है, जो भविष्य के इंजीनियरों को व्यापक अध्ययन सामग्री और पेशेवर मार्गदर्शन के साथ उनकी महत्वाकांक्षाओं को साकार करने की दिशा में मार्गदर्शन करता है। साथ ही इंटरैक्टिव सत्र ने छात्रों को अपने करियर के बारे में सवाल पूछने का मौका दिया, जिससे यह सभी उपस्थित लोगों के लिए एक समृद्ध अनुभव बन गया यह कार्यक्रम अत्यंत लाभदायक सिद्ध हुआ तथा इसका विद्यार्थियों पर स्थायी प्रभाव पड़ा।विद्यालय प्राचार्या बी. शरण, ने कहा कि यह सत्र न केवल छात्रों को करियर के प्रति सजग बनाने में सहायक रहा, बल्कि उनमें नए जोश और दिशा का संचार भी किया।कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों का फूल बुके दे कर स्वागत किया गया। इस मौके पर शंभु नाथ मुखर्जी, शशांक शेखर, वी. के. दुबे, मुकेश कुमार साहू, ज्योति सिंह, एस. के. दत्ता, डी. के. पांडे पी. मिश्रा सहित अन्य शिक्षकगणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी ने मिलकर सत्र को व्यवस्थित और प्रभावशाली बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## खलारी प्रखंड कांग्रेस कमिटी ने की बैठक

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार सोमवार को खलारी प्रखंड कांग्रेस कमिटी की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड पर्यवेक्षक राज उरांव तथा विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी ने संगठनात्मक एकता पर जोर देते हुए 6 मई दिन मंगलवार को धुर्वा, रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली में खलारी प्रखंड के प्रत्येक पंचायत से बड़ी संख्या में भागीदारी' सुनिश्चित करने का आह्वान किया। वहीं बैठक में उपस्थित अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में सर्वसम्मति से धुर्वा, रांची में होने वाली ÷संविधान बचाओ रैली÷ में बढ़-चढ़कर शामिल होने एवं रैली के लिए जनसमर्थन जुटाने का संकल्प लिया। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजन सिंह राजा, इंदिरा तुरी, रोशन लाल, तनवीर आलम, मोनू रजक, जावेद अंसारी, वीरेंद्र यादव, भोला यादव, सलामत अंसारी, सुल्तान अंसारी, शशि मुंडा, अजय सिंह, बाबू खान, विजय मुंडा, मुमताज अहमद, राजा बाबू, शंकर राम सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सरहुल मिलन महोत्सव में जुटा लोहरा समाज, कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने जाति प्रमाण पत्र की समस्या जल्द सुलझाने का दिया भरोसा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड के बंता गांव में सरहुल पर्व के अवसर पर लोहरा समाज द्वारा विशाल धार्मिक शोभायात्रा और मिलन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, सिल्ली विधायक अमित महतो और तमाड़ विधायक विकास मुंडा समेत कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा की शुरुआत जय सरना, जय सिंगबोंगा और जय बुरू बोंगा के नारों के साथ हुई, जिसमें लोहरा, लोहार, कमार और करमाली समाज के लोगों ने पारंपरिक परिधान और सरना झंडे के साथ बंता की सड़कों पर भव्य धार्मिक जुलूस निकाला। शोभायात्रा आखड़ा मैदान तक पहुंची, जहां पारंपरिक पूजा अर्चना के साथ प्रकृति के प्रति आस्था और कृतज्ञता प्रकट की गई। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया। मंच से संबोधित करते हुए झारखंड के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा लोहरा, लोहार, कमार, करमाली समाज शुरू से ही आदिवासी समुदाय का हिस्सा रहे हैं। किसी कारणवश इन्हें वंचित किया गया है, लेकिन अब तमाड़ और सिल्ली विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे राज्य में जाति प्रमाण पत्र से जुड़ी जो भी बाधाएं हैं, उससे जल्द निजात दिलाई जाएगी। सरहुल मिलन महोत्सव ने समाज में एकता और सांस्कृतिक चेतना का सशक्त संदेश दिया। वहीं सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो ने कहा कि कल किसको पता अभी ले लो जिंदगी का मजा आज भी जिंदगी को कैसे बेहतर करें और बेहतर होगा इसके लिए थोड़ी सी चिंता जरूर करें ताकि आने वाले पीढ़ी को आगे बढ़ाए ! आज जो लोहार लोहरा जाती हैं उसको आगे बढ़ाना है ! वहीं तमाड़ के विधायक विकास मुंडा ने संबोधित में कहा कि रीति रिवाज संस्कृति इन सब चीजों से पहचान कर सकते हैं इसलिए अपने रीति रिवाज को आप लोग पालन करें आप अपने पीढ़ी को आगे बढ़ाएं तब जाकर विद्यालय में शिक्षा मिलेगा ! मंच पर मौजूद धार्मिक गुरु राजेश लिंडा, झारखंड कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, सिल्ली स्थानीय विधायक अमित कुमार महतो, तमाड़ के विधायक विकास मुंडा, जिला परिषद वासुदेव करमाली, उत्तरी बनता हजाम के मुखिया लालदेव सिंह मुंडा, केंद्रीय अध्यक्ष जगदीश लोहरा, सचिव मंसाराम लोहरा, कार्यकारिणी अध्यक्ष छोटेलाल करमाली, काशीनाथ लोहरा समेत आदिवासी समाज का काफी सरहानिय योगदान रहा।

# बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी खूँटी में वाणिज्यिक बागवानी प्रशिक्षण का सफल समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूँटी :** बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी, खूँटी में 13 दिवसीय वाणिज्यिक बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण 23 अप्रैल 2025 से 05 मई 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें खूँटी जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये 33 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। दुमका से आये विशेषज्ञ प्रशिक्षक अकरम अंसारी ने प्रतिभागियों को वाणिज्यिक बागवानी के विविध पहलुओं पर व्यावहारिक व सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान उन्नत किस्म के बीज, खाद, पौधारोपण की वैज्ञानिक विधियाँ, पेड़-पौधों की देखभाल, अधिक उत्पादन देने वाली प्रजातियों, और आधुनिक बागवानी तकनीकों पर विशेष जानकारी दी गई। कार्यक्रम का अंतिम मूल्यांकन नेशनल अकादमी ऑफ रूडसेटी के प्रतिनिधि उमेश प्रकाश सिंहा और स्नेहली हेम्ब्रोम ने किया। प्रशिक्षुओं को बागवानी व्यवसाय के व्यावसायीकरण, बाजार प्रबंधन, समस्या समाधान, बैंकिंग, बीमा योजनाओं, और प्रोजेक्ट रिपोर्ट की तैयारी के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, जिससे वे सफल उद्यमी बन सकें। समापन समारोह के मुख्य अतिथि आरसेटी खूँटी के वरिष्ठ संकाय सदस्य सुशील कुमार थे। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के सफल संचालन में आरसेटी टीम के संजय कुमार, सतनाम कन्डुलना, निर्मल हेम्ब्रोम और जितेन्द्र महतो की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम खूँटी जिला के बागवानी मित्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है, जिससे वे भविष्य में अपने क्षेत्र में आधुनिक और व्यावसायिक बागवानी के माध्यम से आर्थिक प्रगति कर सकेंगे।

## राष्ट्रीय कोयला कन्वेंशन में शामिल हुए पिपरवार के प्रतिनिधि

**पिपरवार :** रांची के सीएमपीडीआई मे कोयला क्षेत्र के चार केंद्रीय श्रमिक संघो के राष्ट्रीय कोयला कन्वेंशन मे सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कई श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।जिसमें आगामी 20 मई को देशभर के 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियन के द्वारा आहूत देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।कार्यक्रम में एचएमएस, एटक,सीटु और इंटक सहित अन्य श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।इधर रांची मे आयोजित राष्ट्रीय कन्वेंशन मे झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।जिसमे जोनल सचिव जय नारायन महतो,पिपरवार क्षेत्रीय सचिव इकबाल हुसैन, संयोजक मनोज चंद्रा सहित कई लोगो का नाम शामिल है।वही जनता मजदूर संघ पिपरवार क्षेत्रीय समिति के भी प्रतिनिधि इस सम्मेलन में शामिल हुए।कार्यक्रम में 20 मई को होने वाले देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का आहवान किया गया,साथ ही क्षेत्र के सभी कोयला क्षेत्र में काम करने वाले संगठित और असंगठित मजदूरों से हड़ताल को सफल बनाने की अपील की गई।


## शपथ पत्र



मैं, राजेश प्रसाद, उम्र 36 वर्ष, पिता स्व0 रामदेव साव, ग्राम बेरे, पो0- लात, थाना- छिपादोहर, जिला- लातेहार, राज्य झारखण्ड राष्ट्रीयता भारतीय शपथ पूर्वक निम्न बातों की घोषणा करता हूँ।

1.यह कि मैं उक्त ग्राम का स्थायी निवासी हूँ।

2.यह कि मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड सं0-455090158017 में वैष्णो कुमारी दर्ज है जो गलत है जब कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र पंजिकरण सं0- B-2024:20-02641-000006 दिनांक 01/05/2025 है जिसमें मेरी पुत्री का नाम वैष्णवी कुमारी (VAISHNAVI KUMARI) दर्ज है जो सही एवं सत्य है जिसका जन्म तिथी 05.07.2013 ई0 है।

3.यह कि मेरी पुत्री का आधार सं0-455090158017 है जिसमें मेरी पुत्र का नाम वैष्णो कुमारी BAISHNO KUMARI दर्ज है आज के बाद से मेरे पुत्री का नाम वैष्णवी कुमारी VAISHNAVI KUMARI जन्म तिथी 05.07.2013 ई0 है अब मेरी पुत्री इस नाम से जानी जाएगी आज के बाद मेरी पुत्र सम्सत तरह कि सभी कार्य वैष्णवी कुमारी के नाम से करेगी ।

4.यह कि मैं अपने पुत्री का नाम वैष्णो कुमारी के जगह में वैष्णवी कुमारी सुधार करवाने हेतु यह शपथ पत्र कर रहा हूँ।

Rajesh Prasad

शपथकर्ता

No....15755 Date...03 May 2025

## बैक टू स्कूल अभियान के तहत कुचाई में कार्यशाला, सभी बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का आह्वान



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड सभागार में सोमवार को बैक टू स्कूल (स्कूल रु आर) अभियान के तहत उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुई। बीडीओ साधु चरण देवगम ने कहा कि 5 से 18 वर्ष के अनामांकित और ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूल में नामांकित कर उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, ÷बच्चों को स्कूल भेजें, उन्हें शिक्षा देकर सशक्त बनाएं।÷प्रमुख गुड्डी देवी ने कहा, शिक्षा सबका अधिकार है, और यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। जिप सदस्य जींगी हेंब्रम ने कहा, ÷सभी को मिलकर इस अभियान को सफल बनाना है।÷सांसद प्रतिनिधि मानसिंह मुंडा एवं विधायक प्रतिनिधियों ने भी 10 मई तक चलने वाले इस अभियान में सामूहिक सहयोग की अपील की। कार्यशाला में पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक व अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रोजेक्ट अन्वेषण : सरकारी स्कूलों के 750 छात्र 8 मई को करेंगे शैक्षणिक भ्रमण



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन की शिक्षा क्षेत्र में अभिनव पहल प्रोजेक्ट अन्वेषण 2.0 के तहत सरकारी स्कूलों के 750 छात्र 8 मई को शहर की प्रतिष्ठित कंपनियों और संस्थानों का भ्रमण करेंगे। इस शैक्षणिक एक्सपोजर विजिट का उद्देश्य विद्यार्थियों को कार्यस्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव देना है, जिससे वे भविष्य की दिशा को लेकर अधिक स्पष्टता प्राप्त कर सकें।इस कार्यक्रम में जिले के 25 स्कूलों के कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्र शामिल होंगे। चयन आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर किया गया है। भ्रमण के दौरान छात्र विभिन्न औद्योगिक इकाइयों, तकनीकी और सेवा क्षेत्र की संस्थाओं में जाकर वहां की कार्यप्रणाली को समझेंगे।प्रशासन का मानना है कि इस तरह के प्रयास छात्रों के आत्मविश्वास को मजबूत करेंगे और उन्हें करियर संबंधी निर्णय लेने में सहायता प्रदान करेंगे। यह पहल सरकारी विद्यालयों के छात्रों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## राखा कॉपर माइंसः भूतपूर्व कर्मचारियों का बड़ा फैसला, एचसीएल से बकाया राशि की मांग



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राखा कॉपर माइंस के लीज नवीकरण जनसुनवाई से पूर्व आज भूतपूर्व कर्मचारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक राखा कॉपर पूजा पंडाल में आयोजित की गई, जिसमें एचसीएल प्रबंधन से बकाया राशि का भुगतान कराने की मांग उठाई गई। बैठक की अध्यक्षता सनातन भक्त ने की, जबकि संचालन आलोक कुमार और भीम माझी ने किया।बैठक में भूतपूर्व कर्मचारियों ने एचसीएल प्रबंधन को स्पष्ट संदेश दिया कि अगर उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो वे आगामी 9-13 मई तक होने वाली जनसुनवाई का बहिष्कार करेंगे।भूतपूर्व कर्मचारियों के नेता सनातन भक्त ने कहा कि वे राखा कॉपर माइंस के पुनः संचालन का स्वागत करते हैं, लेकिन एचसीएल को उनकी लंबित मांगों पर विचार करना होगा। इन मांगों में पे रिवीजन का बकाया भुगतान, मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी, ठेकाकर्मियों के आश्रितों का नियोजन और स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता देने की बात शामिल है।साथ ही, माइंस के चालू होने के बाद कंपनी द्वारा गांवों में पानी, बिजली, शिक्षा और चिकित्सा जैसी सुविधाएं मुहैया कराए जाने की भी अपील की गई। बैठक में भूतपूर्व कर्मचारियों की बड़ी संख्या ने हिस्सा लिया।

## राज परिवार की नातिन वैष्णवी का जन्मदिन हर्षोल्लास से संपन्न



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह के पुत्र शुभम कुमार सिंह की पुत्री वैष्णवी का जन्मदिन साकची स्थित एक होटल में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस खास अवसर पर वैष्णवी के नाना-नानी, बाबा समेत परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। रंग-बिरंगी सजावट, स्वादिष्ट व्यंजन और बच्चों के मनोरंजन की विशेष व्यवस्था ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। केक काटने की रस्म के दौरान सभी ने बालिका को आशीर्वाद दिया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम पारिवारिक सौहार्द और उल्लास का प्रतीक बना रहा।

## बागबेड़ा में पाइपलाइन खुदाई के दौरान हादसा

# एक मजदूर की मौत, दूसरा घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** बागबेड़ा वृहद जलापूर्ति योजना के तहत कुसुम घाट क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने के दौरान सोमवार को दर्दनाक हादसा हो गया। खुदाई के क्रम में दो मजदूर गहरे गड्ढे में गिर गए, जिससे 24 वर्षीय कृष्णा बास्के की मिट्टी में दबकर मौत हो गई, जबकि पंचू नामक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया।बताया गया कि अत्यधिक गीली मिट्टी के कारण दोनों मजदूर फिसलकर गड्ढे में गिर गए और मिट्टी के दबाव में कृष्णा की मौके पर ही दम घुटने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत कर घायल पंचू को बाहर निकाला और अस्पताल भेजा।मृतक कृष्णा बास्के प्रधानटोला का रहने वाला था और यह उसकी पहली मजदूरी थी। वह तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। परिवार पहले से ही एक बेटे को खो चुका है। इस हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डाल दिया है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह हादसा ठेकेदार की लापरवाही का नतीजा है और वे उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सूचना मिलते ही जिला पार्षद डॉ. कविता परमार एमजीएम अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने मृतक के परिजनों से मिलकर संवेदना जताई और पीएचडी विभाग व प्रीति इंटरप्राइजेज के अधिकारियों से बातचीत की। मामला उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान को भी अवगत कराया गया है। परिजन उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं और उसके बाद ही अंतिम संस्कार की बात कह रहे हैं।

## फर्जी डीआरएम पकड़ा गया, जुर्माना भरकर भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पंजाब मेल (गाड़ी संख्या 12138) में टिकट जांच के दौरान एक फर्जी डीआरएम पकड़ा गया। 29 अप्रैल को प्रथम श्रेणी वातानुकूलित कोच ॥/-1 में यात्रा कर रहे एक यात्री ने स्वयं को मंडल रेल प्रबंधक बताया, लेकिन पहचान पत्र व यात्रा प्राधिकार मांगने पर कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका।टिकट निरीक्षक अमरजीत सिंह ने शक होने पर रेलवे सुरक्षा बल को सूचना दी। पूछताछ में यात्री ने अपना नाम वरुण सहगल बताया, पर उसके पास कोई वैध आईडी नहीं थी। बीना स्टेशन पर उसे नहीं उतारा जा सका, इसलिए उसे स्टाफ की निगरानी में भोपाल भेजा गया।भोपाल पहुंचने पर ?4170 का जुर्माना वसूला गया और जीआरपी की रिपोर्ट पर आरपीएफ ने रेल अधिनियम की धाराओं 145 व 146 के तहत कार्रवाई की। कोर्ट ने आरोपी पर ?1500 का जुर्माना और कुल ?4100 का दंड लगाया। रेल प्रशासन ने यात्रियों से वैध टिकट लेकर यात्रा करने की अपील की है।

## किरिटी दास ने अपने खर्च पर ठीक किया खराब जल मिनार, ग्रामीणों को मिली राहत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सितु बाजार के पास स्थित सौर ऊर्जा चालित जल मिनार, जो कुछ दिनों से खराब पड़ा हुआ था, को गांव के युवा समाजसेवी किरिटी दास ने अपनी मेहनत और खर्च से फिर से चालू कर दिया। जल मिनार में मोटर जलने, पाइपलाइन और नल खराब होने के कारण गांववासियों को पानी की कमी से जूझना पड़ रहा था। कई बार पंचायत प्रतिनिधियों से मदद की गुहार लगाई गई, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।इन परिस्थितियों में किरिटी दास ने अपने स्तर से इस समस्या का समाधान किया। जल मिनार से पानी की सुविधा मिलने पर ग्रामीणों ने खुशी जताई और श्री दास का आभार व्यक्त किया। श्री दास ने कहा, इस तपती गर्मी में लोगों को पानी देना सबसे बड़ा पुण्य है और इससे मन को संतुष्टि मिलती है।

## शौर्य और संवेदना की प्रतीक दो नारियों को श्रीलेदर्स ने अर्पित की श्रद्धांजलि

*- प्रीतिलता वाड्डेदार और किरणमयी दे की स्मृति में आयोजित हुआ प्रेरक कार्यक्रम*

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** देश के प्रतिष्ठित फुटवेयर ब्रांड श्रीलेदर्स ने आज अपनी प्रेरणास्रोत किरणमयी दे और स्वाधीनता संग्राम की महान वीरांगना, पहली महिला शहीद प्रीतिलता वाड्डेदार के जन्मदिवस को भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ मनाया। यह आयोजन बिष्टुपुर स्थित श्रीलेदर्स शोरूम परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें शहर की कई महिला संगठनों ने सक्रिय सहभागिता की।समाजसेवी ज्योत्सना दे के नेतृत्व में शहर की विभिन्न महिला संगठनों की प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलन कर दोनों विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए। श्रद्धा और सम्मान के वातावरण में उपस्थित सभी ने इनके योगदान को याद करते हुए प्रेरणा लेने की बात कही।कार्यक्रम में सिमरन और निशा ने मातृत्व और बलिदान को समर्पित एक मार्मिक गीत प्रस्तुत किया। गीत की पंक्तियों ने उपस्थितों को गहराई तक छू लिया और वातावरण को संवेदना से भर दिया।श्रीलेदर्स के पार्टनर व समाजसेवी शेखर दे ने इस अवसर पर कहा, %यह आयोजन केवल स्मरण का नहीं, संकल्प का प्रतीक है। किरणमयी दे ने जो साहस और दृष्टि हमें दी, वही आज हमारी प्रेरणा है। झारखंड बंगाली एसोसिएशन, जमशेदपुर महिला समिति, द मिलानी और नेताजी सुभाष मंच के महिला और पुरुष सदस्यों ने भी पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम में श्यामल श्री, प्रीतिलेखा रॉय, भास्कर मित्रा, सुरोजित चटर्जी, बुलबुल घोष, मीरा शर्मा, झरना दी समेत श्रीलेदर्स परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

*कांग्रेस कार्यालय में अंसार खान का जोरदार स्वागत, जिला अध्यक्ष ने कहा*

## पार्टी को ऐसे समर्पित कार्यकर्ताओं की जरूरत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने सोमवार को बिस्टुपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिला उपाध्यक्ष मौलाना अंसार खान का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने अपने हाथों से लड्डू खिलाकर मौलाना खान के प्रति सम्मान व्यक्त किया और उनके निरंतर प्रयासों की सराहना की।जिला अध्यक्ष ने कहा कि मौलाना अंसार खान जिस तरह दिन-रात कांग्रेस पार्टी के लिए मेहनत कर रहे हैं, वह प्रशंसनीय है। कांग्रेस को आज ऐसे ही समर्पित और जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है। मैं प्रतिदिन उन्हें मानगो क्षेत्र में जनसमस्याओं के समाधान हेतु सक्रिय रूप से काम करते हुए देखता हूं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि कांग्रेस कमेटी के तमाम कार्यकर्ता अपने-अपने स्तर पर जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं।इस अवसर पर संजय सिंह आज़ाद, बृजेंद्र तिवारी, अपर्णा गोवा, सनी सिंह, सचिन कुमार, मोहम्मद सलीम समेत कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

## राऊबांधा चौक में विधायक गागराई ने की बैठक, कहा-जनता से किए हर वादे को निभा रहा हूं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खूंटपानी प्रखंड के राऊबांधा चौक में सोमवार को खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने जनसंवाद बैठक कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि जनता से जो-जो वादे किए थे, उन्हें एक-एक कर पूरा किया जा रहा है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार गरीब, मजदूर, किसान, दलित, पिछड़े व अति पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हर जरूरी कदम उठाया जा रहा है। विधायक ने कहा कि गांवों में आधारभूत सुविधाएं मुहैया कराना उनका दायित्व है और जनता से सीधा संवाद कर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।बैठक में ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण, नया चापाकल, स्नान घाट, पक्की नाली और गार्डवाल निर्माण की मांग रखी। विधायक ने सभी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया।बैठक में ग्राम मुंडा हरियल दोंगो, दीपक दोंगो, अमन दोंगो, अनिल दोंगो, सिंगराय दोंगो, लखन दोंगो, जितेन दोंगो, डिबरु दोंगो, सिदियु गोप, सानगी दोंगो समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## अस्थमा के साथ जीवन संभव है, बस सही देखभाल जरूरी है : डॉ. रुद्र प्रसाद सामंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** विश्व अस्थमा दिवस पर टाटा मेन हॉस्पिटल के वरिष्ठ सलाहकार एवं विभागाध्यक्ष, पल्मोनोलॉजी, डॉ. रुद्र प्रसाद सामंत कहते हैं, अस्थमा एक ऐसी बीमारी है जिसे यदि समय पर पहचाना जाए और सही इलाज किया जाए, तो मरीज एक सामान्य, सक्रिय और स्वस्थ जीवन जी सकता है। इस वर्ष की थीम 'सभी के लिए अस्थमा की देखभाल' सिर्फ एक नारा नहीं, एक ज़िम्मेदारी है। डॉ. सामंत के अनुसार, अस्थमा भारत में तेजी से फैल रही एक गैर-संक्रामक बीमारी है। लगभग 3 प्रतिशत भारतीय, यानी करीब 30 मिलियन लोग, इससे प्रभावित हैं। हर आयु वर्ग के लोग इससे जूझ रहे हैं, पर जानकारी की कमी, भ्रांतियाँ और इलाज की असमानता स्थिति को और बिगाड़ देती है।हमारे अस्पताल में 10ङ्क15 फीसदी ओपीडी मरीज अस्थमा से पीड़ित होते हैं। लेकिन दुर्भाग्य से बहुत से लोग लक्षणों को नज़रअंदाज़ करते हैं या केवल राहत देने वाली दवाओं पर निर्भर रहते हैं, जो खतरनाक हो सकता है। हर व्यक्ति को सांस लेने का अधिकार है। इसलिए अस्थमा के प्रति जागरूक हों, लक्षण पहचानें और समय पर डॉक्टर से सलाह लें।

## दिघी भूला उच्च विद्यालय में माहवारी स्वच्छता व जेंडर समानता कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड स्थित उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय दिघी भूला में सोमवार को माहवारी स्वच्छता व जेंडर समानता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार ने किशोरी बच्चियों को बताया कि बच्चियों में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक होना अहम है। लगभग 3 घंटे तक चले कार्यशाला के दौरान बच्चियों को विस्तार से बाल विवाह के दुष्प्रभाव, बालिकाओं की शिक्षा से समाज में आने वाले परिवर्तन, संबंधित कानून, किशोरी व महिला स्वास्थ्य में माहवारी स्वच्छता व उचित पोषण की भूमिका, सैनिटरी पैड के उपयोग, माहवारी के दौरान होने वाले दर्द से निवारण हेतु उपाय आदि मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## दलमा में सेंदरा वीरों ने मनाया शिकार पर्व, एक सूअर व दो हिरण का शिकार

*- वन विभाग की सख्ती के बावजूद देर शाम तक लौटे शिकार दल*

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** दलमा के जंगलों में रविवार को सेंदरा पर्व के मौके पर पटमदा, बोड़ाम, नीमडीह और जमशेदपुर प्रखंड से आए सैकड़ों सेंदरा वीरों ने पारंपरिक तरीके से शिकार पर्व मनाया। सुबह से ही कई दल जंगल की ओर कूच कर गए थे।सूत्रों के मुताबिक बोड़ाम प्रखंड की सीमा से एक जंगली सूअर और दो हिरणों के शिकार की जानकारी मिली है। हालांकि वन विभाग की सख्ती के चलते अधिकांश शिकार दलों को सतर्क रहना पड़ा। देर शाम जंगल से चुपचाप लौटते हुए कई दल अपने साथ शिकार लाए। रात में सेंदरा वीरों ने अपने-अपने गांव में सामूहिक रूप से मांस पकाकर पर्व का पारंपरिक आनंद लिया।गौरतलब है कि सेंदरा पर्व आदिवासी समाज की पारंपरिक आस्था और विरासत से जुड़ा हुआ है, लेकिन यह वन्यजीव संरक्षण कानूनों की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण भी बना हुआ है।

## ईचागढ़ विधायक के प्रयास से चांडिल की दो सड़कों का टेंडर हुआ जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चांडिल प्रखंड अंतर्गत दो महत्वपूर्ण सड़कों का टेंडर विधायक सविता महतो के प्रयासों से जारी किया गया है। कांड्रा खुंटी ईचागढ़ मार्ग (8.9 किमी) और कांड्रा चांडिल मार्ग (6 किमी) का निर्माण जल्द ही शुरू होगा, जिससे क्षेत्रवासियों को यातायात में सुविधा होगी।कांड्रा खुंटी ईचागढ़ मार्ग की लागत 6 करोड़ 88 लाख 34 हजार 583 रुपये और कांड्रा चांडिल मार्ग की लागत 8 करोड़ 90 लाख 87 हजार 295 रुपये निर्धारित की गई है।विधायक सविता महतो ने इन सड़कों के निर्माण को क्षेत्र के विकास के लिए बेहद जरूरी बताया। इस बाबत जानकारी देते हुए विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो ने कहा कि इन सड़कों से क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा और यह क्षेत्र की तरक्की में सहायक सिद्ध होगा।

## सविता महतो को केन्द्रीय उपाध्यक्ष बनने पर बधाई



**ईचागढ़ :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की विधायक सविता महतो को पार्टी का केन्द्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर ईचागढ़ के कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया। कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर और पुष्प गुच्छ देकर विधायक महतो को बधाई दी।ईचागढ़ प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव ने कहा कि सविता महतो की इस नई जिम्मेदारी से पार्टी को और मजबूती मिलेगी, जिससे क्षेत्र का विकास और झामुमो का संगठन और भी मजबूत होगा। पशुपति बागची और चांडिल प्रखंड अध्यक्ष ने भी इस अवसर पर विधायक महतो को बधाई दी।

## पहलगाम हमले के विरोध में भाजपाइयों का प्रदर्शन, पाक नागरिकों को निकालने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** पहलगाम आतंकी हमले में 27 निर्दोषों की हत्या के विरोध में सोमवार को जमशेदपुर भाजपा ने साकची से डीसी कार्यालय तक पैदल मार्च कर पाकिस्तानी नागरिकों को जिले से बाहर करने की मांग की। जिला भाजपा अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि झारखंड कोई धर्मशाला नहीं है, यहां अवैध घुसपैठियों को संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने झारखंड की अस्मिता बचाने के लिए अविलंब कार्रवाई की मांग की।सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि पहलगाम में निर्दोषों का खून बहा है, अब एक भी पाक नागरिक देश में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम से सभी पाक नागरिकों को तत्काल बाहर किया जाए।प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के निर्देशों का सख्ती से पालन हो। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त की अनुपस्थिति में एडीसी को ज्ञापन सौंपा।इस अवसर पर देवेंद्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, अभय सिंह, रामबाबू तिवारी, गुंजन यादव, कुलवंत सिंह बंटी, रीता मिश्रा, संजय तिवारी, विकास शर्मा, अरुण सिंह, ओम पोद्दार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

संपादकीय

# वक्त की आवाज़

ऐसे वक्त में जब पहलगाम हत्याकांड के बाद देश में गुस्से और आक्रोश का माहौल है, तब एक विवेक की आवाज का बुलंद होना सुखद ही है। पहलगाम के बैसरन मैदान में हुए आतंकी हमले में नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की आतंकवादियों ने निर्मम हत्या कर दी थी। उनकी पत्नी हिमांशी नरवाल ने अपने जीवनभर सालने वाले दुख के बावजूद अपील की है कि इस आतंकी हमले के लिये जिम्मेदार अपराधियों के अलावा किसी को कोई सजा न मिले।

पहलगाम के बैसरन मैदान में हुए आतंकी हमले में नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की आतंकवादियों ने निर्मम हत्या कर दी थी। उनकी पत्नी हिमांशी नरवाल ने अपने जीवनभर सालने वाले दुख के बावजूद अपील की है कि इस आतंकी हमले के लिये जिम्मेदार अपराधियों के अलावा किसी को कोई सजा न मिले। विनय नरवाल के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में उन्होंने कहा ' हम नहीं चाहते कि लोग अल्पसंख्यकों व कश्मीरियों को अपने आक्रोश का शिकार बनाएं।' बाकायदा, उन्होंने इस मौके पर देश में शांति बनाये रखने और सांप्रदायिक सद्भाव कायम रखने की जोरदार अपील की। जो उस सोच के विपरीत है जो पहलगाम के बैसरन में हुए भयावह आतंकी हमले के बाद देश में उभारी जा रही है। दरअसल, हिमांशी ने उन उग्र सोच के लोगों को स्पष्ट संदेश देने का प्रयास किया, जो इस राष्ट्रीय त्रासदी का लाभ उठाकर सांप्रदायिक प्रतिशोध की सोच को बढ़ावा दे रहे हैं।

विनय नरवाल के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में उन्होंने कहा ' हम नहीं चाहते कि लोग अल्पसंख्यकों व कश्मीरियों को अपने आक्रोश का शिकार बनाएं।' बाकायदा, उन्होंने इस मौके पर देश में शांति बनाये रखने और सांप्रदायिक सद्भाव कायम रखने की जोरदार अपील की। जो उस सोच के विपरीत है जो पहलगाम के बैसरन में हुए भयावह आतंकी हमले के बाद देश में उभारी जा रही है। दरअसल, हिमांशी ने उन उग्र सोच के लोगों को स्पष्ट संदेश देने का प्रयास किया, जो इस राष्ट्रीय त्रासदी का लाभ उठाकर सांप्रदायिक प्रतिशोध की सोच को बढ़ावा दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आगरा में एक परेशान करने वाला मामला प्रकाश में आया, जहां एक बिरयानी विक्रेता की हत्या के बाद सोशल मीडिया पर प्रचारित किया गया कि यह पहलगाम त्रासदी का प्रतिशोध है। निस्संदेह, ऐसी संकीर्ण मानसिकता का राजनीतिक और धार्मिक नेताओं द्वारा विरोध न किया जाना, अक्षम्य ही कहा जाएगा। निश्चित रूप से ऐसी अप्रिय व परेशान करने वाली घटनाएं हमारे धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को ही नुकसान पहुंचाती हैं। खासकर उस ताने-बाने को, जो पहले से ही कमजोर पड़ रहा है। निर्विवाद रूप से कश्मीर के पहलगाम में हुई सांप्रदायिक हत्याओं के जरिये आतंकवादियों का मुख्य मकसद देश में हिंदू-मुस्लिमों के बीच तनाव पैदा करके देश की एकता को कमजोर करना था। ऐसे में यदि हम भी उसी सोच के साथ प्रतिक्रिया देने लगे तो कहीं न कहीं हम परोक्ष रूप से आतंकवादियों के मंसूबों को ही पूरा कर रहे होंगे। यह निर्विवाद तथ्य है कि हमें इसी समाज में रहना है और बेहतर होगा कि हम तमाम संकीर्णताओं को त्यागकर और मिलजुलकर ही रहें। यदि हम आतंकवादियों की सोच का प्रतिकार उनके एजेंडे के अनुरूप करेंगे तो निश्चिय ही गंगा-जमुनी संस्कृति को नुकसान पहुंचेगा। आतंकवादियों का मंसूबा जम्मू-कश्मीर ही नहीं पूरे देश में शांति को भंग करना था। ऐसी किसी भी संकीर्ण सोच को सामूहिक संकल्प से ही नाकाम किया जा सकता है। इसी तरह की सार्थक व प्रेरक प्रतिक्रिया गुरमेहर कौर की तरफ से आई, जिनके पिता वर्ष 1999 में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुए मारे गए थे। उन्होंने देशकाल-परिस्थितियों के अनुरूप प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आतंकवाद की असली हार तब ही होती है जब हम हिंसा की प्रतिक्रिया में खुद को विभाजित करने से मना कर देते हैं। निस्संदेह, राष्ट्र के सर्वोत्तम हित में, नागरिकों को उन लोगों को दृढ़ता से दूर करना चाहिए, जो आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकारों को उन तत्वों पर नकेल कसनी चाहिए, जो आतंकवादियों के जघन्य कृत्यों की कीमत निर्दोष लोगों से वसूलने पर तुले हुए हैं। निर्विवाद रूप से हमारी विवेकशील प्रतिक्रिया और एक अखंड भारत की सोच ही आतंकवाद पर करारी चोट कर सकती है। वक्त की मांग है कि हम सीमा पार से चलाए जा रहे विभाजनकारी अभियानों को एकजुटता से विफल कर दें।

### पाकिस्तान के साथ उसके सैन्य रिश्ते कहीं न कहीं आतंकवाद को प्रोत्साहित करते नजर आते हैं

# पाक प्रायोजित आतंकवाद पर अमेरिका का ढुलमुल रवैया

**योगेंद्र योगी**

पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों ने यह हमला ऐसे समय में किया जब अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स अपनी भारतीय मूल की पत्नी उषा और बच्चों के साथ भारत की यात्रा पर थे। इस हमले के पीछे पाकिस्तान का निहितार्थ इस यात्रा में विध्न डाल कर कश्मीर के मुद्दे पर विश्व का ध्यान आकर्षित करना था। पाकिस्तान इस तरह के कुत्सित प्रयास पूर्व में भी कर चुका है। बेरोजगारी, भारी भरकम कर्जा और घरेलू आतंकवाद से त्रस्त पाकिस्तान ने इन समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए वेंस की यात्रा के दौरान हमला करवाने के समय का चुनाव किया। अमेरिका सहित विश्व के तकरीबन सभी देशों ने इस हमले की तीखी निंदा की।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले 26 से अधिक पर्यटक मारे गए। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों ने यह हमला ऐसे समय में किया जब अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स अपनी भारतीय मूल की पत्नी उषा और बच्चों के साथ भारत की यात्रा पर थे। इस हमले के पीछे पाकिस्तान का निहितार्थ इस यात्रा में विध्न डाल कर कश्मीर के मुद्दे पर विश्व का ध्यान आकर्षित करना था। पाकिस्तान इस तरह के कुत्सित प्रयास पूर्व में भी कर चुका है। बेरोजगारी, भारी भरकम कर्जा और घरेलू आतंकवाद से त्रस्त पाकिस्तान ने इन समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए वेंस की यात्रा के दौरान हमला करवाने के समय का चुनाव किया। अमेरिका सहित विश्व के तकरीबन सभी देशों ने इस हमले की तीखी निंदा की। सवाल यही है कि क्या अमेरिका सिर्फ निंदा तक ही सीमित रहेगा। पूर्व में भी इसी तरह के पाक प्रायोजित हमले के दंश भारत झेलता रहा है। जब कभी भी ऐसे हमले हुए हैं, अमेरिका ने सिर्फ घडियाली आंसू ही बहाएं हैं। सही मायने में तो अमेरिका चाहता ही नहीं है कि पाकिस्तान पर ऐसी आतंकी वारदातों को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करे। यही वजह है कि अन्य देशों की तरह अमेरिका भी सिर्फ सहानुभूति जता कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेता है। अमेरिका बेशक इन हमलों के लिए सीधा जिम्मेदार नहीं हो, किन्तु पाकिस्तान के साथ उसके सैन्य रिश्ते कहीं न कहीं आतंकवाद को प्रोत्साहित करते नजर आते हैं। यह पहला मौका नहीं है जब किसी अमेरिकी विशिष्ट व्यक्ति के भारत दौरे के दौरान आतंकी वारदात हुई है। 20 मार्च, 2000 की रात को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के चिट्टीसिंहपोरा गांव में 36 सिख ग्रामीणों का नरसंहार किया था। यह घटना अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की 21-25 मार्च की यात्रा से ठीक पहले हुई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने क्लिंटन के सामने हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ होने का मुद्दा उठाया था। उस समय क्लिंटन जयपुर और आगरा के दौरे पर थे, जबकि विदेश मंत्री मैडलिन अलब्राइट और उप विदेश मंत्री स्ट्रोब टैलबोट भारतीय अधिकारियों से बातचीत करने के लिए दिल्ली में ही थे। वर्ष 2002 में जब दक्षिण एशियाई मामलों को लेकर अमेरिकी असिस्टेंट सेक्रेटरी क्रिस्टीना बी रोका भारत की यात्रा पर थीं, तब 14 मई, 2002 को जम्मू-कश्मीर के कालूचक के पास एक आतंकवादी हमला हुआ। तीन आतंकवादियों ने मनाली से जम्मू



जा रही हिमाचल रोडवेज की बस पर हमला किया और सात लोगों की हत्या कर दी। इसके बाद आतंकी आर्मी क्वार्टर्स में घुस गए और अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 10 बच्चों, आठ महिलाओं और पांच सैन्यकर्मियों सहित 23 लोग मारे गए। मारे गए बच्चों की उम्र चार से 10 साल के बीच थी और इस हमले में कुल 34 लोग घायल हुए थे। इन आतंकी हमलों से जाहिर है कि पाकपरस्त आतंकियों ने हमला करने के लिए ऐसे वक्त का चुनाव किया जबकि कोई न कोई प्रमुख अमेरिकी भारत यात्रा पर आया हो। आश्चर्य की बात यह है कि इन हमलों के बावजूद अमेरिका ने कभी पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की। कहने को अमेरिका भारत को महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार बताता है, किन्तु हकीकत में उसका उद्देश्य सिर्फ व्यवसायिक हित साधना भर रहा है। अमेरिका के व्यवसायिक हित सर्वोपरि हैं। भारत के भारी विरोध के बावजूद अमेरिका ने पाकिस्तान को घातक एफ16 लड़ाकू विमानों की बिक्री की। इतना ही नहीं इनकी मरम्मत के नाम पर लाखों डालर की मदद भी अमेरिका करता रहा है। अमेरिका ने भारत के विरोध को नजरांदाज करते हुए यह सैन्य मदद दी। अमेरिका न सिर्फ भारत से दुश्मनी साधे हुए पाकिस्तान की हरसंभव मदद करता रहा है, बल्कि विदेशी धरती से भारत के खिलाफ साजिश करने वाले लोग और देशों का सहयोग भी करता रहा है। कनाडा में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में अमेरिका ने कनाडा की पैरवी की। कनाडा फाइव आई का सदस्य है। फाइव आईज में कनाडा का अहम सहयोगी अमेरिका ने पिछले साल निज्जर हत्याकांड में भारतीय एजेंट्स की कथित संलिप्तता के कनाडा के आरोपों पर टिप्पणी की थी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा था कि हमने साफ कर दिया है कि कनाडा के आरोप बेहद ही गंभीर हैं जिन्हें गंभीरता से लिया जाना चाहिए। हम चाहते थे कि भारत कनाडा की जांच में सहयोग करे लकिन भारत सहयोग नहीं कर रहा। इसके बजाए भारत ने एक वैकल्पिक रास्ता चुना है। इतना ही नहीं अमरीकी से भारत को आतंकी कार्रवाई की धमकी देने वाले खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू एयर इंडिया की फ्लाइट को उड़ाने की धमकी दी। इस पर भी अमेरिका ने जानबूझ कर नकेल नहीं कसी। हाल ही में अमेरिका की ओर से जारी किए गए बयानों में भी यह साफ किया जा चुका है कि वह पाकिस्तान को भारत या अफगानिस्तान के नजरिए से नहीं देखता है। अमेरिका की ओर से कहा गया कि वह भारत, चीन, ईरान, अफगानिस्तान से सीमा साझा करने वाले परमाणु सशक्त पाकिस्तान को एक महत्वपूर्ण देश समझता है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय का कहना है कि अमेरिका पाकिस्तान के साथ कई मुद्दों पर साथ मिलकर काम कर रहा है। इन मुद्दों में ऊर्जा, कारोबार, निवेश, स्वास्थ्य, क्लीन एनर्जी, क्लाइमेट संकट से बचाव, अफगानिस्तान में स्थिरता और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई शामिल है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि पाकिस्तान में विदेशी निवेश का सबसे बड़ा योगदान अमेरिका का है। साथ ही पाकिस्तान का सबसे बड़ा निर्यात बाजार भी है। भारत से दोस्ती का दंभ भरने वाले अमेरिका ने पाकिस्तान को आतंकी पालने पर कभी भी सख्त कार्रवाई नहीं की। इसके विपरीत भारत की तरक्की और परमाणु क्षमता अमेरिका को तब तक खटकती रही, जब तक भारत ने दोनों क्षेत्रों में विश्व में अपना लोहा नहीं मनवा दिया। भारत ने चाबहार पोर्ट को लेकर ईरान के साथ समझौता किया है। इससे भारत को ओमान की खाड़ी में स्थित इस रणनीतिक पोर्ट का संचालन अधिकार 10 साल के लिए मिल गया है। लेकिन इस समझौते को अमेरिका ने नापंसद कर दिया। अमेरिका ने भारत को प्रतिबंधों की चेतावनी जारी की। हालांकि, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका को दो टूक जवाब दे दिया और कहा कि अमेरिका अपनी सोच बड़ी करे, क्योंकि इस योजना से पूरे क्षेत्र को फायदा होगा। वैसे ये पहली बार नहीं है जब अमेरिका ने भारत को प्रतिबंधों की चेतावनी दी है। बल्कि, 50 साल पहले जब भारत ने पोकरण में पहला परमाणु परीक्षण किया था, तब अमेरिका ने 30 सालों के लिए भारत पर प्रतिबंध लगा दिया था। भारत ने इन प्रतिबंधों की परवाह किए बगैर तरक्की का रास्ता जारी रखा। भारत सैन्य प्रौद्योगिकी सहित अन्य क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो गया।

दृष्टि कोण

# मीडिया की आज़ादी को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की चुनौती

किसी भी देश अथवा समाज में स्वतंत्र मीडिया के बिना स्वस्थ लोकतंत्र को सुनिश्चित कर पाना संभव नहीं हो सकता, क्योंकि मीडिया वास्तव में लोकतंत्र का प्रहरी होता है। लोकतंत्र का ही क्यों, मीडिया तो राष्ट्र, मानवीय सभ्यता और संस्कृति, यहां तक कि मानवता का भी रक्षक होता है। आश्चर्य नहीं कि समय-समय पर भारत एवं दुनिया भर में मीडिया ने अपनी भागीदारी एवं भूमिकाओं से इसे सही साबित भी किया है। यही कारण है कि मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। समय बीतने के साथ-साथ मीडिया ने अपने पिछले अनुभवों के आधार पर अपनी भागीदारी एवं भूमिकाओं में अपेक्षित परिवर्तनों के साथ विस्तार दिया है। मीडिया के कार्य करने का मुख्य आधार 'जनपक्षधरता' और इसका प्रधान उद्देश्य 'जनता में जागृति' लाना होता है और इन्हीं दोनों कारणों से मीडियाकर्मियों यानी पत्रकारों के लिए बिना रोक-टोक, विरोध और अड़चन के अपने कार्यों का निष्पादन कर पाना कभी भी सहज नहीं रहा है। दरअसल, जनपक्षधरता और जनता में जागृति लाने का कार्य अत्यंत जोखिम भरा होता है। इसीलिए दुनिया भर में प्रायः पत्रकारिता को बेहद जोखिम भरा कार्य माना जाता है। दुर्भाग्य से, दिनोंदिन जोखिम बढ़ने के कारण विश्व भर के लोकतांत्रिक देशों में पत्रकारों के लिए निष्पक्ष रहकर कार्य कर पाना लगातार मुश्किल और जोखिम भरा होता जा रहा है। कई बार अपने कार्यों का निष्पादन करते हुए पत्रकारों को अपनी जान भी गंवानी पड़ती है। अब तक विश्व भर से ऐसे कई उदाहरण सामने आ भी चुके हैं। यूनेस्को की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2006 से 2020 के बीच दुनिया भर में 1,200 से अधिक मीडिया पेशेवरों की हत्या कर दी गई। इनमें से 90 प्रतिशत मामलों में उनके हत्यारे दंडित नहीं किए जा सके। इसके बावजूद, पत्रकारिता के मानदंडों पर खरे उतरते हुए पत्रकार सत्य को उजागर करने की अपनी जिम्मेदारी निभाने को लेकर अपनी जान को जोखिम में डालने से भी नहीं हिचकते। अपनी जिंदगी को खतरे में डालकर कार्य करने वाले पत्रकारों की आवाज को कोई भी ताकत दबा न सके और उनके निष्पक्ष और सशक्त अभियानों पर कोई भी व्यक्ति, संस्थान या सरकार अंकुश न लगा सके, इसके लिए उनकी स्वतंत्रता बहुत जरूरी और अहम है। जाहिर है कि यदि वे स्वतंत्र नहीं रहेंगे तो अपने कार्यों को निष्पक्ष रहते हुए अच्छे ढंग से नहीं कर पाएंगे। इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रेस की स्वतंत्रता के मूलभूत सिद्धांतों का पालन करने तथा पत्रकारों की स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 3 मई को 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' मनाया जाता है। यह दिन उन पत्रकारों को स्मरण और सम्मानित करने तथा श्रद्धांजलि देने के लिए भी मनाया जाता है, जिन्होंने सत्य को उजागर करने की कीमत अपनी जान देकर चुकाई है अथवा जिन्होंने देश-दुनिया में अपनी पत्रकारिता के दम पर अपना नाम बनाया और एक मुकाम हासिल किया है। प्रतिवर्ष रिपोर्ट्स विदाउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) द्वारा प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक नामक एक वैश्विक सूची प्रकाशित की जाती है। इस सूची में विश्वभर के पत्रकारों को कार्य करने की उपलब्ध स्वतंत्रता के आधार पर देशों की रैंकिंग प्रस्तुत की जाती है। बता दें कि प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक रिपोर्ट 2024 में भारतीय पत्रकारों को लेकर चिंताजनक रुझान दिखाई दिए हैं। दरअसल, 2024 के इस सूचकांक में भारत विश्व भर के 180 देशों में 159वें स्थान पर मौजूद है, जो पिछली रिपोर्ट से भी नीचे है। रिपोर्ट में मीडिया स्वामित्व संकेन्द्रण, पत्रकारों का उत्पीड़न और इंटरनेट शटडाउन जैसे मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है। गौरतलब है कि 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' मनाने के लिए यूनेस्को की ओर से प्रत्येक वर्ष एक वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। इस वैश्विक सम्मेलन में सामान्यतः पत्रकारों, मीडिया नेताओं, नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी होती है।

कुछ अलग

# तीर्थ भारतवर्ष की आत्मा हैं

तीर्थ भारतवर्ष की आत्मा हैं। प्रयागराज महाकुंभ के बाद चार धाम यात्रा शुरू हो चुकी है। भारतवर्ष के आत्म तत्व, जीवन तत्व, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक तत्व एवं समग्रता में यदि भारत को जानना है तो तीर्थ एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। भारतभूमि समग्रता में देवभूमि है। यहां के कण कण में दिव्यता और भव्यता विद्यमान है। साक्षात प्रजापिता ब्रह्मा ने इस सृष्टि की रचना की है। हिमालय भगवान शिव का वास है तो क्षीरसागर में स्वयं भगवान विष्णु विराजते हैं। यही कारण है कि भारत की मूल चेतना आध्यात्मिक है। यहां न केवल मनुष्य अपितु जड़-चेतन सभी में परमात्मा का वास मानकर सभी के कल्याण की कामना की गई है। यही कारण है कि वैदिक चिंतन वसुधैव कुटुंबकम का उद्घोष करता है तो सर्वे भवंतु सुखिनः की कामना भी करता है। इसी प्रकार के मंत्र और उद्घोष यहां जन मन में संस्कार और विचार का निर्माण करते हैं। यहां समष्टि कल्याण के लिए कहीं देव नदियां हैं, कहीं पर्वत हैं तो कहीं ऋषि, मुनि, संत और साधक निरंतर साधनारत रहते हैं। इस साधना के अथवा तप के बल से वह स्थान तीर्थ बनता चला जाता है। भारत में तीर्थ यात्रा की परंपरा अनादि है। समाज जीवन के लोग समय-समय पर ऐसे तप स्थलों अथवा तीर्थों पर जाकर साधनारत संतों के दर्शन करते हैं और उनके उपदेशों से ऊर्जा और सन्मार्ग का संदेश प्राप्त कर पुनः सांसारिक जीवन में जाकर अपने कार्य व्यापारों को पूरा करते हैं। विभिन्न तिथियां एवं पर्व उत्सवों पर स्वच्छ और निर्मल नदियों में स्नान सामान्य नहीं है अपितु उसमें संत और देव कृपा की दिव्यता विद्यमान रहती है। तीर्थों की यह परंपरा स्वयं को पावन करने की परंपरा है। सर्वविदित है कि भारतीय ज्ञान, अध्यात्म एवं पूजा पद्धतियों पर अनेक बार हमले होते रहे हैं। विभिन्न मंदिरों के विध्वंश के बाद भी सनातन और अध्यात्म में जन आस्था बनी रही। परिणामस्वरूप वे स्थान पुनः अधिकाधिक दिव्यता और भव्यता के साथ पुनर्स्थापित हो रहे हैं। श्रीअयोध्या जी में बना भव्य और दिव्य श्रीराम मंदिर इस बात का प्रमाण है। आदि शंकराचार्य ने प्रश्नोत्तर रतनमालिका नामक रचना में लिखा है- किं तीर्थमपि च मुख्यम् ? अर्थात तीर्थ में मुख्य क्या है? अथवा तीर्थ यात्रा का महत्व क्या है? इसका उत्तर देते हुए वे लिखते हैं- चित्तमलं यन्निवर्तयति। अर्थात तीर्थ वह है जो मन की अशुद्धता को दूर करता है। यहां ध्यान रहे तीर्थ यात्रा केवल भौतिक यात्रा नहीं है अपितु यह मन की शुद्धि और वासनाओं से मुक्ति प्राप्त करना है। इतिहास प्रसिद्ध है कि केरल के कालड़ी में जन्मे आदि शंकराचार्य ने अद्वैत वेदांत दर्शन और सनातन धर्म की रक्षा के लिए हजारों वर्ष पूर्व उत्तर में ज्योर्तिमठ बद्रीनाथ, दक्षिण में श्रृंगेरी पीठ, पश्चिम में शारदा पीठ तो पूर्व में गोवर्धन पीठ की स्थापना की। उन्होंने देश के विभिन्न स्थानों पर अपनी यात्राओं के माध्यम से जन जागरण के साथ-साथ मठ और पीठों की स्थापना की। उन्होंने वहां साधना की जिससे वे स्थान आध्यात्मिक केंद्र अथवा तीर्थ बन गए। आज भी इन तीर्थों पर प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। ध्यान रहे तीर्थ वहीं है जहां ऋषि, मुनि एवं संत समाज साधनारत हैं। तीर्थों को तीर्थत्व संतों की साधना से ही मिलता है। श्रीरामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास ने अनेक स्थानों पर तीर्थराज प्रयाग के महत्व का उद्घाटन किया है-

**सकल कामप्रद तीरथराऊ।**
**बेद बिदित जग प्रगट प्रभाऊ।।**

वनवास के समय अयोध्या से निकलने के बाद श्रीराम, लक्ष्मण और सीता जी तीर्थराज प्रयाग सहित कई नदियों पर स्नान करते हैं और दिव्यता का अनुभव करते हैं। हाल ही में मां गंगा आरती के समय परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के अध्यक्ष पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती जी ने अपने उद्बोधन में कहा है कि- भारत की आत्मा तीर्थों में बसती है और तीर्थ वह हैं जो हमें पवित्र कर देते हैं।

देश दुनीया से

# क्या उच्चतम न्यायालय का देश के राष्ट्रपति को आदेश देना उचित है?

यह सही है कि कार्यपालिका, न्यायपालिका एवं संसद (विधायिका) तीनों ही अपने-अपने क्षेत्रों में सुप्रीम हैं पर भारत गणराज्य के महामहिम राष्ट्रपति को आदेश देकर सर्वोच्च न्यायालय ने अपने अधिकार क्षेत्रों को लांघने का काम किया है। बसंत वुमार अभी हाल ही में अपने एक निर्णय में इस अध्यादेशों को मंजूरी देने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति को समय सीमा के अंदर करने और संविधान के अनुच्छेद 142 के इस्तेमाल करने पर विवाद गहरा गया है। भारत के एक सांसद निशिकांत दुबे ने अपने बयान से इस विवाद को और अधीक गहरा दिया है उन्होंने कहा कि यदि कानून बनाना सर्वोच्च न्यायालय का काम है तो संसद को बंद कर दिया जाना चाहिए। दर असल देश के उपराष्ट्रपति जो जाने माने वकीलों भी रहे है श्री जगदीप धनकड़ ने सर्वोच्च न्यायालय के अधिकारों पर सवाल उठाए, जिसके बाद भाजपा के दो सांसदों निशि कांत दुबे और दिनेश शर्मा की तीखे प्रतियािया आईं। इसके बाद इन बयाने पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट कपिल सिब्बल, पूर्व प्रेसिडेंट दुष्यन्त दवे और पूर्व जस्टिस जे चेलमेश्वर की प्रतिव्रिराया से इस मामले में तल्खी और बढ़ गईं है आखिर इस विवाद की शुरुआत वैसे हुईं। सर्वोच्च अधिकारी ने 8 अप्रौल 2025 को एक ऐहितासिक पैसले से राज्य पाल के राज्य विधान मण्डल द्वारा पारित विधायकों पर कार्यवाही करने के लिए समय सीमा निर्धारित कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति के लिए भी उन विधेयकों पर समय सीमा निर्धारित कर दी जिन्हें राजयपाल ने राष्ट्रपति कि स्वीवृति के लिए निर्धारित किया हो। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन पर सुनवाईं के दौरान सरकार से सीधे सवाल किए। इसके बाद ही सुप्रीम कोर्ट को लेकर अप राष्ट्रपति और अन्य नेताओं ने भी विवादित टिप्पणी की जिससे इस मामले में विवाद काफी गहरा हो गया। राज्य सभा इंटर्नस को संबोधित करते हुए उप राष्ट्रपति ने न्याय पालिका द्वारा राष्ट्रपति के निर्णय लेने के लिए समय सीमा तय किए जाने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा की सुप्रीम कोर्ट लोकतांत्रिक ताकतों पर परमाणु मिसाइल नहीं दाग सकता। उनका कहना था की संविधान के तहत के कोर्ट के पास एक मात्र अधिकार है कि अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करने का। सरकार जनता द्वारा चुनी जाती है और ससद के प्रति जवाब देह होती हैं और सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रपति के कोईं आदेश नहीं दे सकता। हमारे देश में संसदीय लोकतन्त्र है और यह राजनीतिक विचारक मोंटस्क्यू के शक्ति पृथककरण के सिद्धांत पर काम करता है और संसदीय लोकतन्त्र में कार्यंपालिका, विधायिका और न्यायपालिका तीनों का अपना अपना रोल होता है तीनों एक दूसरे के कार्यं क्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं करते,हा न्याय पालिका कार्यं पालिका

बसंत वुमार अभी हाल ही में अपने एक निर्णय में इस अध्यादेशों को मंजूरी देने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति को समय सीमा के अंदर करने और संविधान के अनुच्छेद 142 के इस्तेमाल करने पर विवाद गहरा गया है। भारत के एक सांसद निशिकांत दुबे ने अपने बयान से इस विवाद को और अधीक गहरा दिया है

के कार्यो की समीक्षा कर सकती हैं अगर कोईं कानून संविधान के दायरे में नहीं है और किसी के मौलिक अधिकारों का हनन करना है तो न्यायपालिका उसे निरस्त कर देता है। केशवानंद भारतीय केस में सुप्रीम कोर्ट की 13 जजों की बेंच ने एक ऐतिहासिक पैसला दिया था कि संसद संविधान में संशोधन कर सकती हैं लेकिन वह संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर से छेड़ छाड़ नहीं कर सकते। प्रश्न यह है कि सर्वोच्च न्यायालय संसद द्वारा बनाए गए नियमों की समीक्षा तो कर सकता तो है पर क्या वह देश के संवैधानिक हेड यानि राष्ट्रपति को अपनी शक्ति के उपयोगी के लिए समय सीमा का निर्देश दे सकते हैं। राष्ट्रपति को अपनी शक्तियों की गाइड लाइंस संविधान के अंदर ही निहित है उसे किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा निर्देश नहीं दिया जा सकता। संसद द्वारा पारित विधेयक जब राष्ट्रपति की मंजूरी ले लेता है तो वह कानून बन जाता है परंतु यह भी प्राविधान है कि यदि राष्ट्रपति चाहे तो संसद द्वारा पारित विधेयक को संसद को पुर्नविचार के लिए वापस भेज सकता है पर यदि यह बिल संसद में पुर्नविचार के पात फिर राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेज दिया जाता है तो तो महामहिम को इस बिल पर हस्ताक्षर ही करने होते है। कहने का मतलब यह है कि राष्ट्रपति देश का संवैधानिक प्रमुख होता है और उसके द्वारा उपयोग की जाने वाली शक्तियों के उपयोग भी संविधान के अंदर ही होता है और अन्य संस्था द्वारा निर्देश दिए जायेंगे तो देश में संसदीय लोकतन्त्र का ढांचा ही बिगड़ जाएगा। जहां तक सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति के लिए संसद द्वारा पारित विधेयक को अपनी मंजूरी देने की समय सीमा का निर्देश देने का प्रश्न है तो सर्वोच्च न्यायालय को अपने आधीन न्यायालयों का केसों का निपटाने का निर्देश दे। देश की अदालतों में करोड़ो केस दशकों से लम्बित पड़े है और यदि कोईं व्यक्ति ट्रायल कोर्ट द्वारा किसी आपराधिक मामले में दोषी करार दिया जाता है तो उसकी अपील का निस्तारण हाईं कोर्ट द्वारा बीस साल तक नहीं हो पाया और अपील कर्ता कनविक्ट का ठप्पा लगाए इस दुनिया से बिदा हो जाता है देश के अधिकांश अपील आम अपील कर्ता के लिए बेमानी होती है क्योंकि वह महंगे वकील की फीस दे नहीं सकता जो मेंशन करके उसको अपील लगवा सके। यदि संसद कानून बनाकर इन अपीलों का निस्तारण करने की समय सीमा तय कर दे तो क्या न्याय पालिका इसे अपने अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं मानेगी। जब संसद ने न्यायपालिका में जज की नियुक्ति में पारर्दशिता लाने के लिए एन जे ए सी बनाने के लिए कानून बनाया तो सुप्रीम कोर्ट ने इसे अपने अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप माना और इसे स्टे कर दिया, इसलिए देश में संसदीय लोक तंत्र सुचारू रूप से चले यह सुनिाति करने के लिए कार्यंपालिका विधायिका और न्यायपालिका को अपने अपने अधिकार क्षेत्र में रहकर चलना होगा।

आप का नजरीया

# न रहेगी फीस की टीस

निस्संदेह सरस्वती के मंदिरों का व्यापार का केंद्र बनना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। नौकरियों में अंग्रेजी के वर्चस्व के चलते अभिभावक अपना पेट काटकर बच्चों को महंगे पब्लिक स्कूलों में पढ़ाते हैं। लेकिन सीमित आय वर्ग वाले कर्मचारियों व आम लोगों का कष्ट तब बढ़ जाता है जब स्कूल प्रबंधन मनमाने ढंग से हर साल फीस बढ़ाने लगते हैं। दलील दी जाती हैं कि छात्रों को गुणवत्ता की शिक्षा देने और योग्य शिक्षकों के अच्छे वेतन हेतु फीस बढ़ाने की जरूरत होती है। सर्वविदित है कि निजी स्कूलों के शिक्षकों की तनख्वाह सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के मुकाबले काफी कम होती है। दरअसल, केवल स्कूल की फीस ही नहीं बढ़ती बल्कि तमाम अन्य मदों में अभिभावकों की जेब तराशने का सिलसिला सारे साल बदस्तूर चलता रहता है। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिये अभिभावक भी फीस की टीस को बर्दाश्त करते हैं। लेकिन जब दिल्ली के स्कूल प्रबंधकों की मनमानी सीमा पार करने लगी तो अभिभावक विरोध में सड़कों पर उतर आये। दिल्ली सरकार भी हरकत में आई और आनन-फानन में फीस नियंत्रण के लिये एक विधेयक लाया गया। सभी के लिये किफायती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 का प्रमुख लक्ष्य रहा है। लेकिन इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के मार्ग पर एक बड़ी बाधा निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों का आर्थिक शोषण रहा है। मुख्य रूप से ये स्कूल पूरी तरह लाभ के लिये संचालित किए जाते हैं। दरअसल, इस मामले में जांच व नियमन का मजबूत तंत्र न होने का लाभ निजी स्कूल उठाते रहे हैं। जिसने शिक्षा के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर व्यावसायीकरण को बढ़ावा दिया है। ऐसे में दिल्ली सरकार की कैबिनेट का राष्ट्रीय राजधानी के सभी स्कूलों में फीस के नियमन को एक विधेयक को मंजूरी देना सुखद ही है। जिसके अंतर्गत उचित अनुमोदन के बिना फीस बढ़ाने पर दस लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। निश्चय ही दिल्ली सरकार की इस पहल का स्वागत किया जाना चाहिए। इससे उन अभिभावकों को राहत मिलेगी जो हर साल फीस बढ़ाए जाने से त्रस्त रहते हैं। बताया जा रहा है कि जल्दी ही विधानसभा में पेश किए जाने वाले इस विधेयक में स्कूलों के लिये जिला व राज्य स्तर पर समितियों के गठन का प्रस्ताव है। इनके पैनल द्वारा पारदर्शी व समयबद्ध तरीके से स्कूल प्रबंधन द्वारा फीस वृद्धि के प्रस्तावों की जांच की जाएगी। निस्संदेह, इस विधेयक का मकसद असहाय अभिभावकों को स्कूल प्रबंधन के मनमाने फैसलों से बचाना है। दरअसल, देखने में आया है कि स्कूल प्रबंधन से जुड़े अधिकारी मनमाने ढंग से फीस में बढ़ोतरी करते रहते हैं। जो एक जबरन वसूली जैसा ही है, वजह है स्कूल के अधिकारियों के पास तमाम अधिकारों का होना। उल्लेखनीय है कि देश में गुजरात, राजस्थान और तमिलनाडु समेत कई राज्यों ने स्कूलों में फीस की संरचना को विनियमित करने के लिये कानून बनाये हैं। हालांकि, अकसर राज्य सरकारें इस मामले में खुद को अदालती लड़ाई में उलझा पाती हैं।

# संत थॉमस स्कूल में मनाया गया स्थापना दिवस समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** संत थॉमस स्कूल टंडवा में सोमवार को विद्यालय के संस्थापक जीके पंकज के जन्मदिन के शुभ अवसर पर स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम संत थॉमस स्कूल के निदेशक मैडम सुजाता कच्छप और अनीता कच्छप के द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।इसके बाद विद्यालय के संस्थापक जी के पंकज के चित्रपट पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के नर्सरी के बच्चों से लेकर दसवीं के छात्र-छात्राओं, सभी शिक्षक शिक्षकों के द्वारा चित्रपट पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके मार्गदर्शन पर चलने का संकल्प लिया। साथ ही उनके जीवन के संघर्षों का भी व्याख्या किया गया। कार्यक्रम के दौरान मैडम सुजाता कच्छप अनीता कच्छप समेत कई छात्र-छात्राओं के आंख आंसू से भर गया। इधर स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने संबोधन में विद्यालय को शिखर तक ले जाने का संकल्प लिया। विद्यालय के संस्थापक जी के पंकज ने टंडवा में शिक्षा के अलख जगाने का काम किया था। टंडवा में शिक्षा के क्षेत्र में इतिहास रच कर यहां के छात्र-छात्राओं को अच्छे-अच्छे जगह पर सफल बनाने में कामयाबी हासिल किया। आगे बताया गया कि इस विद्यालय में लगभग 30 शिक्षक हैं जिसे पठन-पाठन में किसी तरह के कोई समस्या का सामना न करना पड़े। अंतिम में विद्यालय के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसने मौजूद अभिभावकों एवं शिक्षकों का मन मोह लिया।

## शिक्षा विभाग के आदेशों को ताख पर रख मनमानी तरीके से शिक्षक पहुंच रहे हैं विद्यालय

➲सुबह 7 बजे से 11 बजे तक विद्यालय में देना है शिक्षकों को सेवा
➲शिक्षक अपने मनमौजी तरीके से पहुंचते है विद्यालय, विद्यालय रहता है बंद, शिक्षा का हाल बेहाल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सीधा पतरा विद्यालय में इन दिनों मनमानी तरीके से विद्यालय चलाया जा रहा है। उक्त विद्यालय में जबकि दो शिक्षक हैं परंतु दोनों के दोनों हमेशा गायब नजर आते हैं। पत्रकारों के तुम जब सुबह 7 बजे विद्यालय पहुंचा तो समय 7:20 मिनट तक ना शिक्षक थे ना हीं बच्चे। इसकी जानकारी वीडियो कॉल के माध्यम से सिमरिया बीपीओ कुंजल कुमार को दिखाई गई और वस्तु स्थिति की जानकारी दी गई। आपको बता दें कि बढ़ती गर्मी को लेकर शिक्षा विभाग ने सुबह 7 बजे से लेकर 11 बजे तक विद्यालय संचालन को लेकर लिखित चिट्ठी निकाली गई है। परंतु हैरत की बात है कि लगातार उक्त विद्यालय में इस तरह का गैरहाजरी देखी जाती है। पूर्व में भी पिछले जितिया के समय विद्यालय पूर्ण रूपेण बंद पाया गया था। इसकी जानकारी बीआरसी एवं बीपीओ को दी गई थी। उक्त विद्यालय में दो शिक्षक हैं दोनों नजदीक गांव सबानों से हैं। नजदीक गांव के होने के कारण वे अपने विद्यालय में सही समय पर अपना योगदान नहीं दे पाते हैं। साथ हीं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सीधा पतरा के विद्यालय में शिक्षा पा रहे बच्चे सभी आदिवासी समुदाय से आते हैं। जिसके कारण इन पर कोई रोक टोक नहीं हो पाती है और मनमौजी करने में आसानी होती है। ग्रामीणों का कहना है कि क्या इन शिक्षकों के विरुद्ध विभागीय कारवाई करते हुए बच्चे का भविष्य संवारा जा सकता है या केवल खाना पूर्ति कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

## अयोध्या से महंत कमल नयन दास पहुंचे खैरका, दर्शन के लिए भक्तों की लगी भीड़



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री राम मंदिर ट्रस्ट के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास महाराज टंडवा के खैरका गांव स्थित जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह के घर पधारे। इस दौरान लोगों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। बताया गया कि अयोध्या से हंटरगंज में आयोजित भागवत कथा में वे शामिल हुए। जहां से रांची जाने के दौरान धनगडा मुखिया के आवास पर गये। इनके आगमन की खबर मिलते ही उनसे आशीर्वाद लेने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर प्रमोद सिंह, रामेश्वर राणा, विकास मालाकार समेत अन्य भक्तों ने आशीर्वाद लिया।


## पत्थलगड़ा बैंक के लगे एटीएम प्रिंटिंग मशीन हाथी के दांत साबित हो रहे हैं, ग्राहक परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र गाँधी चौक स्थिति पत्थलगड़ा भारतीय स्टेट बैंक शाखा पत्थलगड़ा में एटीएम मशीन प्रिंटिंग मशीन अधिकतर खराब होने के के कारण खाता धारियों को हो रही है काफी परेशानी, वहीं खाताधारियों नें बताया की जब भी खाता चेक करवाना या पैसे की निकासी करना पड़ता है तो घंटो लाईन में खड़ा रहना पड़ता है बाद में लंच टाइम होते हीं सभी लंच के लिए चले जाते हैं।वही ऊपर से बैंक ग्राहको को केवाईसी या अन्य सेवाओं के लिए बैंकों के महीनो चक्कर काटने पड़ते हैं लेकिन उनका सही से काम नहीं हो पा रहा है। यहाँ तक की जब से अपटूडेट प्रिंटिंग मशीन लगाया गया है। तब से साल के 12 महीने में केवल 2 महीने ही सही रहता है बाकी ख़राब ही देखा जाता है। कभी हेड खराब तो कभी लिंक फेल कभी स्याही खत्म तो कभी लॉक पासवर्ड स्क्रीन पर ऐसा ही दिखा दिया जाता है। बीते पिछले ढाई महीनो से अपटूडेट मशीन खराब पड़ा है। लेकिन उसका सुध लेने वाला कोई नहीं, वही बैंक कर्मियों को पूछा जाता है तो ओ अपनी पल्ला झाड लेते है। और कहते है की हम लोग आगे कंप्लेंट हेड ब्रांच को किया है पर वह कुछ करते ही नहीं तो हम क्या करें। वही ब्रांच मैनेजर बिपिन अनुराग जोजो को पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि हम क्या करें। ग्राहक एक ही बार 10-10 पेज प्रिंट करते हैं तो हम क्या कर सकते हैं लेकिन सवाल उठता है की बैंक तो ग्राहको का है। और उसे कुछ सुविधा ही नहीं मिले तो फिर ग्राहक जाए तो जाए कहां इस तरह बैंक की सुविधाओं को लेकर ग्राहकों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि बैंक में चल रहे अनियमतता को भी हमारे प्रखंड विकास पदाधिकारी को इस पर संज्ञान लेने की जरूरत है।

## मानसिक विक्षिप्त वृद्ध का तालाब में मिला सड़ा गला शव, दो दिनों से था लापता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के नवाडीह पनारी पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत जजलो बजार के समीप रविवार देर शाम वृद्ध का शव तालाब में तैरता मिला। ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को ग्रामीणों के सहयोग से तालाब के बाहर निकलवाया, और पंचनामा कर शव को परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौप दिया। वृद्ध की पहचान जबड़ा पंचायत के खिजुरिया गांव निवासी मुंशी दास 60 वर्षीय के रुप में हुई। ग्रामीणों ने बताया कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त था। दो दिन पहले घर से बगैर बताए निकला था। उसके बाद से कोई पता नहीं चल रहा था। बगल गांव के माइनिंग तालाब में शव तैरने की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके जानकारी ली। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि परिजनों ने शव पोस्टमार्टम से साफ इंकार कर दिया है। परिजनो ने बताया कि उनका मानसिक स्थिति खराब था। जो दो दिनों से लापता चल रहे थे।

## अवैध रूप से कोयला लोडिंग में 5 सौ नहीं देने पर लोडिंग से रोका, आवेदन देकर किया शिकायत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** टंडवा के आम्रपाली कोल परियोजना में प्रत्येक ट्रकों से पांच पांच सौ रुपए का अवैध वसूली का खेल थामने का नाम नहीं ले रहा है। ट्रक मालिकों द्वारा पांच सौ अवैध नहीं देने से वसूली गैंग में शामिल लोगों द्वारा ट्रक का कांटा होने के बाद भी कोयला लोडिंग से रोक लगा दिया गया है। जिसके बाद ट्रक मालिक कुमराँग खुर्द निवासी गजाधर साहू ने अम्रपाली के अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई एवं न्याय की गुहार लगाया है। ट्रक मालिक ने शिकायत में कहा है की पार्टनरशिप ट्रक नंबर छ्वा13ll-9247 है जो लोडिंग ऑडर नं0-3345083488 का 5अप्रैल को सीसीएल का कोयला लोडिंग स्लिप माइंस में देने का नियम है, पर सीसीएल प्रबंधन द्वारा निजी व्यक्तियों को देकर पाँच सौ प्रति ट्रक से अवैध वसूली कराया जा रहा है। शिकायत में कहा है कि अम्रपाली में अवैध वसूली गैंग में शामिल विजय कुमार, इंद्रेव साहु, विवेक ओझा द्वारा पांच सौ रुपया लोडर टोकन के नाम पर अवैध मांग किया गया और बोला गया कि आम्रपाली महाप्रबंधक का आदेश है कि जब तक 500 सौ रुपया नही दोगे तब तक गाड़ी का लोडिगं टोकन नहीं देगें। ट्रक मालिक ने जाँच कर कानूनी कार्रवाई कि मांग किया है। पूर्व में भी ग्रामीणों द्वारा इस अवैध वसूली का शिकायत करके कार्रवाई की मांग किया था। जिसके बाद वसूली गैंग में शामिल कई लोग वसूली स्थान से फरार हो गया और मामला ठंडा होते ही फिर से वसूली गैंग सक्रिय हो गया। आम्रपाली में प्रत्येक दिन सैकड़ो ट्रक से लाखों रुपए का अवैध वसूली की जा रही है। इस खेल में एक मास्टरमाइंड रांची हजारीबाग से प्रत्येक दिन आना-जाना करता है। स्थानीय ग्रामीण का एक गैंग बनाकर इस धंधा को धड़ल्ले से अंजाम देने में कामयाब है।

# चिकित्सक डिप्यूट होने के बावजूद अस्पताल में ताला, स्वास्थ्य सेवाएं ठप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** प्रखंड अंतर्गत बरदौनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक डिप्यूट रहने के बावजूद डॉक्टर की अनुपस्थिति लगातार बनी हुई है। अस्पताल भवन पर अक्सर ताला लटका रहता है, जिससे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से ठप पड़ी हैं। विभागीय लापरवाही का खामियाजा दर्जनों गांवों के लोगों को उठाना पड़ रहा है।मरीजों को मामूली इलाज के लिए भी 15 से 20 किलोमीटर दूर महुआडांड़ मुख्यालय जाना पड़ता है। अस्पताल में नर्स और लैब टेक्नीशियन के भरोसे सीमित सेवाएं दी जा रही हैं, लेकिन डॉक्टर की गैरमौजूदगी के कारण गंभीर मरीज वहां जाना भी उचित नहीं समझते।

**बिजली नहीं, उपकरण बेकार**

सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च कर बरदौनी पीएचसी का निर्माण कराया, लेकिन बिजली की मूलभूत सुविधा तक उपलब्ध नहीं है। इससे न केवल टीकाकरण और दवा भंडारण बाधित है, बल्कि इमरजेंसी सेवाएं भी ठप हैं। शाम होते ही अस्पताल अंधेरे में डूब जाता है, जिससे रात में किसी भी प्रकार की चिकित्सा सुविधा मिलना नामुमकिन हो जाता है।

**एक और भवन निर्माण पर उठे सवाल**

स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब मौजूदा अस्पताल ही उपयोग में नहीं आ रहा, तो मात्र आधे किलोमीटर दूरी पर एक और अस्पताल भवन बनवाना सरकारी धन की बर्बादी है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह निर्माण कार्य जनहित नहीं, बल्कि ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कराया जा रहा है।

**नदारद डॉक्टर, नोटिस का भी असर नहीं**

गौरतलब है कि सुरेन्द्र कुमार नामक डॉक्टर मात्र 9 अप्रैल को एक दिन और 21 अप्रैल को तीन दिनों के लिए केंद्र पर उपस्थित हुए थे। इसके बाद से वे लापता हैं। प्रभारी चिकित्सक अमित खलखो ने दो बार निरीक्षण कर डॉक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला है।

**ग्रामीणों की मांग**

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर अस्पताल में स्थायी डॉक्टर की नियुक्ति की जाए और पीएचसी को पूरी क्षमता के साथ संचालित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को उचित स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

## किशोर व बाल संसद चुनाव संपन्न, 9 मई को शपथ ग्रहण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार में विद्या भारती की प्रांतीय योजनानुसार किशोर व बाल संसद का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी, वरिष्ठ आचार्य ओंकारनाथ सहाय, किशोर भारती प्रमुख कपिल देव प्रमाणिक एवं बाल भारती प्रमुख धर्म प्रकाश प्रसाद ने भारत माता, ओम् व मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। वरिष्ठ आचार्य ओंकारनाथ सहाय ने बताया कि बाल संसद का उद्देश्य छात्रों में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता, प्रतिस्पर्धा एवं व्यवहार-कुशलता का विकास करना है। इस संसद का गठन हर सत्र में किया जाता है, जिसमें चार वर्ग–किशोर भारती, बाल भारती, शिशु भारती और कन्या भारती के प्रतिनिधियों का चयन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत किया जाता है।किशोर भारती वर्ग (कक्षा 9-10) में कुल 40 उम्मीदवारों में से 10 छात्रों का चयन मतदान के माध्यम से किया गया। नवम कक्षा से आदर्श कुमार, हरेंद्र कुमार, प्रतीक कुमार, अमन कुमार, प्रिंस कुमार, रिशु, आरव, राज प्रसाद और मनीष कुमार तथा दशम से शुभम अग्रवाल, जय बाला, कृष्ण कुमार, वंशी कुमार, हेमंत, गणेश और नितेश पाठक चुने गए।बाल भारती (कक्षा 6-8) वर्ग में 45 उम्मीदवारों में से 30 छात्रों का चयन हुआ, जिसमें अष्टम से श्रेया कुमारी, कृष्णा यादव, सौम्या कुमारी, प्रेरणा कुमारी; सप्तम से यश कुमार, रोहित, वर्षा कुमारी, परिधि कुमारी और षष्ठी से राज्य लक्ष्मी, प्रिंस राज, अभिजीत प्रमुख रहे। मतदान में किशोर वर्ग से 120 और बाल वर्ग से 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए बूथों की मॉनिटरिंग किशोर भारती व बाल भारती प्रमुखों द्वारा की गई।

## सड़क दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के SH-9 मुख्य सड़क पर अहिरपुरवा इमली मोड़ के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 21 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सचिन कुमार सिंह, पिता शिव शंकर सिंह, ग्राम करकट, थाना नेतरहाट के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सचिन महुआडांड़ में अपनी मां को छोड़कर बाइक (JH 03 AB 3104) से घर लौट रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रही हाईवा (JH 01 EQ 9639) ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सचिन ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के वक्त युवक ने हेलमेट नहीं पहन रखा था, जिससे सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। वहीं कुछ लोगों का यह भी कहना है कि अगर हेलमेट होता तो शायद जान बच सकती थी।घटना में शामिल हाईवा वाहन एक स्थानीय ईंट भट्टा व क्रशर मालिक सिताराम प्रसाद का बताया जा रहा है। दुर्घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर मुआवजा और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अधिवक्ता श्याम किशोर पांडे के आवासीय कार्यालय में बरसात का पानी घुसा



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के अंबाकोठी के निवासी सह अधिवक्ता श्याम किशोर पांडे के आवासीय कार्यालय में सोमवार को हुई हल्की बारिश का पानी घुस गया जिससे उनके कार्यालय कछ में रखा कई दस्तावेज पूरी तरह से पानी में डूब गया। इसकी जानकारी देते हुए अधिवक्ता श्री पांडे ने कहा कि यह पूरी तरह से नगर पंचायत के कर्मियों की लापरवाही है। उन्होंने कहा कि नाली जाम होने की शिकायत करते हुए नगर पंचायत के कुर्मी रणधीर कपूर को पूरी तरह से अवगत कराया था उन्होंने आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही नाली साफ कर दिया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ जिसका परिणाम हुआ कि पानी उनके कार्यालय में घुस गया।

## पाकिस्तानीयों को चिह्नित कर बाहर निकालने की मांग, भाजपाईयों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल के द्वारा सोमवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से मिलकर जिले में रह रहे पाकिस्तानी नागरिक को चिन्हित कर उसे वापस पाकिस्तान भेजने की कार्रवाई की मांग की गई। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भाजपा के लातेहार जिलाध्यक्ष पंकज सिंह और स्थानीय विधायक विधायक प्रकाश राम ने किया। उपायुक्त को ज्ञापन देने के पूर्व सैकड़ो भाजपाई समाहरणालय के मुख्य द्वार पर जमा हुए और वह अपने हाथ में भाजपा का झंडा लेकर उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचे। इस क्रम में वे नारे भी लगाए। ज्ञापन देने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए विधायक प्रकाश राम ने कहा कि पहलगाम घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश का माहौल है। इस हालत में खासकर पाकिस्तानियों के खिलाफ देश में जो माहौल बना है उसमें केंद्र सरकार ने उन्हें वापस भेजने का निर्देश दिया है।इसी सिलसिले में हमने उपायुक्त को ज्ञापन देकर मांग की कि वे जिले में रह रहे पाकिस्तानियों को चिन्हित करें और उन्हें वापस भेजने की कार्रवाई करें। विधायक श्री राम पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जो अभी विवादित बयान दे रहे हैं वह किसी भी कीमत पर भारत से प्रेम नहीं करते हैं। श्री राम ने कहा कि इस्लामी आतंकवादियों ने जो पहलगाम घटना को अंजाम दिया है वह भारत में रह रहे मुसलमान जो देश में अमन चैन चाहते हैं उनके चेहरे पर कालिख पोतने का कार्य किया है। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि जो भारत से प्रेम करते हैं वह इस कार्रवाई को लेकर सड़क पर उतरकर अपना विरोध दर्ज करें।जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने भी पहलगाम घटना पर विरोध दर्ज करते हुए कहा कि मौजूदा समय में देश एकजुट होकर इस घटना के खिलाफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खड़ा है। आतंकवादियों के खिलाफ हमारी सेना ऐसी कार्रवाई करेगी कि वे फिर कभी भी ऐसे कृत्य करने से पहले हजार बार सोंचेंगे।इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के जिलाउपाध्यक्ष राकेश दुबे, महामंत्री बंशी यादव, भाजपा के वरिष्ट नेता राजधानी यादव, सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पाण्डेय, नगर महामंत्री राजू दास, अमर विश्वकर्मा, मुकेश पाण्डेय, विष्णु प्रसाद गुप्ता, पिंटू रजक,भाजपा महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष शीला देवी सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।

**आंटीखेता गांव में रेलवे हॉल्ट बनवाने को लेकर किया गया बैठक**

## रेल अधिकारी से इसकी मांग की जाएगी, नही हुआ तो धरना भी दिया जायेगा : कन्हाई सिंह



**तस्लीम ख़ान @ बरवाडीह**

**बरवाडीह :** प्रखंड के चुंगरू पंचायत के ग्रामीणों की हर तरह की समस्या से निजात दिलाने को लेकर भाजपा नेता सह जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह हमेशा क्षेत्र में ग्रामीणों के बीच नजर आते है।सोमवार को जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने प्रखंड के चुंगरू पंचायत के ग्राम आंटीखेता के पास रेलवे हॉल्ट बनवाने को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक किया. ग्रामीणों ने बैठक के दौरान जिप सदस्य कन्हाई सिंह से कहां की हेहेगाड़ा-कुमंडीह रेलवे स्टेशन के बीच हमलोग का गांव आंटीखेता आता है, जहां वर्षो से रेलवे क्वाटर बना हुआ है पर एक भी पैसेंजर ट्रेन यहां नही रुकती है जिसके कारण हमलोगो को कहीं आने जाने में काफी परेशानी होती है. ग्रामीणों ने बताया की एक दो पैसेंजर ट्रेन की अगर यहां ठहराव होगी तो हमलोग को जिला, प्रखंड या अन्य जगहों पर जाने के लिए काफी सहूलियत होगी. ग्रामीणों ने बताया की हमलोग को तीन पकड़ने के लिए गांव से 5 किलोमीटर दूर जंगल की रास्ता से हेहेगाड़ा या कुमंडीह रेलवे स्टेशन जाना पड़ता है, जहां जंगली रास्ते में हमेशा जंगली जानवर का भय सताते रहता है. ग्रामीणों ने बताया की हमलोग के गांव में आए दिन जंगली हांथी, लकड़ बग्घा, भालू समेत अन्य आदमखोर जंगली जानवर आते रहते है. जिससे बड़ी हादसा होने का संभावना बनी रहती है. वहीं जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद कहा की आप सबों की समस्या को लेकर रेल अधिकारी से मिलूंगा और रेल के वरीय अधिकारी के नाम ज्ञापन देकर ट्रैन ठहराव की मांग किया जाएगा।

## जनसुनवाई में विधायक ने कई अधिकारियों को लगाई फटकार, एक सप्ताह में कार्रवाई का निर्देश

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को सदर प्रखंड सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में विधायक प्रकाश राम काफी सख्त दिखाई पड़े। उन्होंने कई कर्मियों को जम कर लताड़ा। दरअसल विधायक प्रकाश राम का प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पूर्व से जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित था। जनसुनवाई में सबसे अधिक मामले जमीन में गड़बड़ी, मनरेगा में भ्रष्टाचार और योजनाओं में अनियमितता को लेकर आए।विधायक ने सभी मामलों की जांच कर एक सप्ताह में कार्रवाई का निर्देश दिया।राजस्व कर्मचारी अभिषेक कुमार, मनोज बेक और शत्रुघन भगत को जमीन ऑनलाइन और म्यूटेशन का काम नहीं करने पर जमकर डांट पड़ी। 15 वें वित्त के प्रखंड समन्वयक सुमन कुमारी को भी अनियमितता पर फटकार लगाई गई। मनरेगा योजनाओं में भ्रष्टाचार की भी शिकायतें सामने आई। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि अंचल और ब्लॉक में भ्रष्टाचार चरम पर है। कर्मी अपनी कार्यशैली में सुधार करें, नहीं तो कार्रवाई होगी। ग्रामीणों को बेवजह न दौड़ाएं। ग्रामीण जो काम लेकर आते हैं। उसका समय पर निष्पादन करें।कुछ आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया गया। बाकी मामलों को एक सप्ताह में निपटाने का निर्देश दिया गया।

# सरस्वती विद्यालय परिसर दारु में मॉडल मेकरस्पेस लैब का भव्य उद्घाटन सम्पन्न

## दारु में मॉडल मेकरस्पेस लैब का उद्घाटन, बच्चों में नवाचार की नई ऊर्जा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** इसरस्वती स्कूल कैंपस, दारू में मॉडल मेकरस्पेस लैब का उद्घाटन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रसीद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उपस्थित रहे।मंच संचालन की जिम्मेदारी शिक्षक प्रभाकर कुमार ने निभाई। कार्यक्रम में कुल 380 बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और मेकरस्पेस गतिविधियों में रुचि दिखाई।कार्यक्रम के दौरान शिक्षक धीरज कुमार ने मुख्य अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया। कार्यक्रम में लक्षित विद्यालयों के शिक्षकगण रमेश्वर प्रसाद, प्रेम प्रकाश, नंद किशोर, धीरज कुमार, नवीन कुमार, प्रभाकर कुमार, रूबी कुमारी, सुनीता कुमारी, प्रवीण कुमार जायसवाल तथा अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन की ओर से कार्यक्रम को सफल बनाने में जितेंद्र कुमार रवि और मो. परियोजना प्रबंधक आलोक भारती ने मेकरस्पेस की संकल्पना, शिक्षकों के प्रशिक्षण और बच्चों की सहभागिता के विस्तृत यात्रा को साझा किया।

**श्री हारून रसीद, बीडीओ, दारू ने कहा,**

मेकरस्पेस लैब बच्चों को सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि सोचने, प्रशासन इस प्रयास में हर संभव सहयोग देगा।प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा,इस प्रकार के रचनात्मक प्रयासों की आज विद्यालयों में अत्यंत आवश्यकता है। बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे जाकर अनुभवात्मक सीखने की सुविधा मिले – यह एक सराहनीय पहल है।कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन में रोहित केशरी, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबन्धक , द्वारा करते हुए कहा मेकरस्पेस एक समावेशी शिक्षण प्रक्रिया को बढ़ावा देता है, उम्मीद है कि अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन इस प्रयास को स्थानीय प्रशासन, शिक्षकों और समुदाय के सहयोग से सतत रूप से आगे बढ़ाएगा।

**मेकरस्पेस क्या है?**

मेकरस्पेस एक ऐसा शिक्षण केंद्र है जहाँ बच्चे विज्ञान, इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी (स्ज्ञश्वरू) विषयों को हाथों से काम करते हुए, समस्या हल करते हुए सीखते हैं। इसमें बच्चे स्वयं मॉडल बनाते हैं, प्रयोग करते हैं और रचनात्मक सोच का विकास करते हैं। यह शिक्षा को केवल रटंत विधि से हटाकर अनुभव आधारित बनाता है।

# विष्णुगढ़ पीडीएस डीलरों के साथ बीडीओ ने की समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की उपस्थिति में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णुगढ़ द्वारा सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को यह निर्देश दिया गया । परंतु राशन प्राप्त कर रहे हैं उन्हें चिन्हित कर सूची प्रखंड कार्यालय को जल्द से जल्द उपलब्ध कारण तथा संपन्न राशन कार्ड धारी को राशन कार्ड सरेंडर करने हेतु प्रेरित करें जांच में पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी साथ ही सभी विक्रेताओं को यह निर्देश दिया गया कि प्रत्येक माह राशन का वितरण निगरानी समिति जो पूर्व से गठित है की उपस्थिति में की जाए बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा सभी विक्रेताओं को लाभुकों का ई केवाईसी विस्तारित तिथि 30 जून 2025 तक करने का निर्देश दिया गया जिन लोगों का ई केवाईसी किसी कारणवश नहीं हो पा रहा है उससे संबंधित कारण का प्रतिवेदन भी जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि सुधार का कार्य किया जा सके साथ ही जिन विक्रेताओं का वितरण प्रतिशत कम पाया गया उन्हें वितरण में सुधार करने का निर्देश दिया गया बैठक में मुख्य रूप से टेकोचंद महतो, शंभूनाथ पांडे, उमेश पांडे, चेतलाल महतो, गोवर्धन प्रसाद अन्य सभी विक्रेता उपस्थित रहे।

# गरीब बेटी की शादी में मदद, सांसद ने भेजा लहंगा

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही सांसद मनीष जयसवाल की पहल पर दुलमाहा गांव की दौलती कुमारी को शादी के लिए लहंगा दिया गया। दौलती, गीता मसोमात की बेटी है। यह मदद जरूरतमंद परिवारों के लिए सांसद की ओर से की गई। सांसद द्वारा भेजा गया लहंगा जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता नंदकिशोर कुमार और सागर कुमार ने दौलती के घर जाकर सौंपा। इस मौके पर गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल हमेशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुँचाने की कोशिश करते हैं। यह पहल उसी भावना का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए ऐसे छोटे लेकिन जरूरी कदम बहुत मायने रखते हैं। लहंगा मिलने पर दौलती और उसके परिवार ने सांसद का आभार जताया। कहा कि यह मदद उनके लिए बड़ी राहत है।



# एनटीपीसी पकरी बरवाडीह द्वारा परियोजना प्रभावित गाँवों के छात्रों के लिए IIT-JEE और NEET की मुफ्त कोचिंग की सुविधा

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल के तहत परियोजना प्रभावित गाँवों के मेधावी छात्रों के लिए मुफ्त ढ्ढञ्ज-छ्वश्वश्व एवं हृश्वश्वञ्ज कोचिंग कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसे प्रतिष्ठित करियर विकल्पों की दिशा में सक्षम बनाना है। इस विशेष पहल की सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि ढ्ढञ्ज-छ्वश्वश्व की कोचिंग ढ्ढञ्ज से शिक्षित अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दी जाएगी, जबकि हृश्वश्वञ्ज की तैयारी मेडिकल विशेषज्ञ शिक्षकों की देखरेख में करवाई जाएगी। यह प्रशिक्षण एनटीपीसी पकरी बरवाडीह द्वारा संचालित %माइनिंग एवं औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र%, ढेंगा में आयोजित होगा, जहाँ गुणवत्तापूर्ण कक्षा-कक्ष और पठन-पाठन की सुविधाएं उपलब्ध हैं।बड़कागांव एवं आसपास के क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग सुविधाओं की अनुपलब्धता के कारण छात्रों को अब तक दूरदराज़ के शहरों का रुख करना पड़ता था। बल्कि एनटीपीसी की सामाजिक प्रतिबद्धता का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है। इस कार्यक्रम का लाभ लेने के लिए इच्छुक छात्र पकरी बरवाडीह के सीएसआर विभाग में अपना आवेदन दे सकते हैं साथ ही अन्य जानकारी के लिए कमला राम रजक (सीनियर मैनेजर, सीएसआर) से संपर्क कर सकते हैं।

# गौरियाकरमा में घर के बरामदे से मोटरसाइकिल चोरी, पीड़ित ने थाने में दी लिखित शिकायत

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही थाना क्षेत्र के गौरियाकरमा गांव में मोटरसाइकिल चोरी की एक घटना सामने आई है। पीड़ित अर्जुन यादव ने बरही थाना में एक लिखित शिकायत देकर बताया कि उनके पुत्र विकास कुमार यादव की मोटरसाइकिल को अज्ञात चोरों ने घर के बरामदे से चुरा लिया। शिकायत के अनुसार, बीते 4 मई की रात लगभग 11 बजे विकास कुमार ने अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस गाड़ी संख्या जेएच 02 बीके 6539 को घर के बरामदे में खड़ा किया था और अंदर सोने चले गए। मोटरसाइकिल गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। अर्जुन यादव ने आशंका जताया है कि घटना किसी अज्ञात चोर द्वारा अंजाम दी गई है। उन्होंने पुलिस से जल्द कार्रवाई कर मोटरसाइकिल बरामद करने की मांग की है। इधर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# सूर्य शक्ति क्लब दुलमहा ने मुखबधिर युवती की शादी में की आर्थिक मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए सूर्य शक्ति क्लब दुलमहा द्वारा एक गरीब एवं असहाय परिवार की मदद की गई। क्लब ने गीता मसोमात की बेटी दौलती कुमारी, जो कि मुखबधिर है, उसकी शादी में आर्थिक सहायता प्रदान की। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष सागर कुमार, सचिव प्रदीप साव, रिंकु साव (लखना), मनोज पंडित, अनिल साव, विनय पंडित, सुरेंद्र यादव, प्रदीप पंडित, रंजित पंडित तथा विनोद चंद्रवंशी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।क्लब अध्यक्ष सागर कुमार ने कहा कि समाज के वंचित वर्ग की सहायता करना ही क्लब का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी सहायता भविष्य में भी जारी रहेगी और जरूरतमंदों के लिए क्लब हमेशा तत्पर रहेगा। स्थानीय लोगों ने क्लब के इस सराहनीय पहल की जमकर प्रशंसा की है। यह पहल समाज में सहयोग और संवेदना की भावना को और मजबूत करती है।

# झुमरा बाजार में बनकर तैयार पिक टॉयलेट पर लटक रहा ताला, महिलाओं को हो रही भारी परेशानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू(हजारीबाग) :** दारू प्रखंड अंतर्गत झुमरा बाजार में महिलाओं की सुविधा के लिए निर्मित पिक टॉयलेट बनकर पूरी तरह तैयार है, लेकिन अब तक इसे उपयोग में नहीं लाया गया है। शौचालय पर ताला लटक रहा है, जिससे खासकर बाजार के दिनों में महिलाओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।गुरुवार को झुमरा में लगने वाले साप्ताहिक हाट में आसपास के क्षेत्रों सहित अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में व्यापारी और ग्राहक पहुंचते हैं। इस दौरान सब्जी व अन्य वस्तुएं बेचने के लिए कई महिलाएं भी आती हैं, लेकिन शौच की कोई समुचित व्यवस्था न होने के कारण उन्हें बेहद परेशानियों से गुजरना पड़ता है।

**क्या कहते है जनप्रतिनिधि**

स्थानीय जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सोनू साव ने सवाल उठाया कि जब पिक टॉयलेट पूरी तरह बनकर तैयार है, तो फिर अब तक इसे जनता के लिए क्यों नहीं खोला गया? उन्होंने कहा कि ÷महिलाओं के लिए शौचालय की अनुपलब्धता गंभीर समस्या है, और प्रशासन को इसे जल्द सुलझाना चाहिए।÷मुखिया प्रतिनिधि प्रभात सिंह ने जानकारी दी कि पंचायत सचिव से बात हुई है। उनके अनुसार, पिक टॉयलेट अब तक विभाग द्वारा पंचायत को हैंडओवर नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, ÷एक देखरेख करने वाले व्यक्ति की आवश्यकता है। यदि ऐसा व्यक्ति मिल जाए, तो हम जल्द ही इसे खुलवाने की कोशिश करेंगे।÷

**संवेदक ने किया विभाग को सौंपने का दावा**




इस संबंध में संवेदक अभिषेक पांडे ने बताया कि उन्होंने लगभग एक माह पूर्व ही पिक टॉयलेट का निर्माण कार्य पूरा कर विभाग को सौंप दिया है। बाजार में आने वाली महिलाएं का कहना है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद शौचालय का उपयोग में नहीं आना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। यह आवश्यक है कि संबंधित विभाग और पंचायत शीघ्र समन्वय बनाकर इस सार्वजनिक सुविधा को चालू करें।

# भव्य कलशयात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार संग राम दरबार हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हुआ प्रारंभ

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कटकमदाग प्रखण्ड अंतर्गत कुद में शिवमंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ सोमवार को पांच दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार संग राम दरबार हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हुआ प्रारंभ ग्राम के सनातनी धर्मावलंबियों ने पारम्परिक परिधानों में कलश यात्री पंक्तिबद्ध होकर पारंपरिक ढोल, इसके बाद रेलवे स्टेशन विष्णुपुरी होते हुए सनातनी भक्तों की कलश यात्रा स्थानीय शनि मंदिर पहुंचे जहां गोदा नदी के तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ पुरोहित ने वरूण देवता का आवाहन पुजन कर सभी कलश यात्रियों ने अपने अपने कलश में गोंदा नदी के पवित्र जल को कलश में भर कर भक्ति के वातावरण में झुमते नाचते गाते भगवान का जयकारा लगाते पुनः मंदिर परिसर पहुंचे, प्राण प्रतिष्ठा का प्रारंभ दिनांक 05/05/2025 (सोमवार) को भव्य, कलश यात्रा, पंचांग पुजन, मंडप प्रवेश, अग्निस्थापन, जलाधिवास एवं कथा प्रवचन से प्रारंभ होकर 06/05/2025 (मंगलवार): प्रातः गौरी गणेश पुजन, पाठ मंडप पुजन, वेदीपुजन, हवन आरती, अन्नधिवास, एवं रात्रि में कथा प्रवचन । 07/05/2025 (बुधवार): प्रातः गौरीगणेश पुजन, मंडप पुजन, पाठ हवन, आरती पुष्पाधिवास, फलाधिवास, एवं रात्रि मे कथा प्रवचन 08/05/2025 (गुरुवार): प्रातः गणेश गौरी पुजन, मंडप पुजन, पाठ हवन, नगरभ्रमण, शश्याधिवास, आरती कथा प्रवचन 09/05/2025 (शुक्रवार): प्रातः नित्य पुजन, प्राण प्रतिष्ठा, सार्वजनिक हवन, पूर्णहूति, विसर्जन, कन्या पुजन,भंडारा एवं रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन होना सुनिश्चित है ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अध्यक्ष,अवध किशोर साव, सचिव उमेश साव, कोषाध्यक्ष, सिकेन्द्र कुमार,दर्शन राणा, दिलीप साव, योगेंद्र कुमार, गोलू राणा, प्रकाश कुमार, विजय साव, गोपी साव, अंशु कुमार, बालेश्वर साव इत्यादि सैकड़ों की संख्या में लोग लगे हुए हैं।



# बादम में 1008 शतचंडी महायज्ञ में उमड़ रहे हैं श्रद्धालु आज होगी पूर्णहुती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बादम पंचवाहिनी मंदिर प्रांगण में नव दिवसीय 1008 शतचंडी महायज्ञ हो रहा है। नित्य प्रतिदिन आसपास गांव से सैकड़ो श्रद्धालु यज्ञ में शामिल हो रहे है, यज्ञ मंडप की परिक्रमा एवं पूजा अर्चना कर रहे हैं। रविवार देर शाम परिक्रमा के दौरान एक अजीब दृश्य देखा गया। जिसमें गौ माता भी यज्ञ मंडप की परिक्रमा करती हुई नजर आई जो लगभग 12 घंटा तक परिक्रमा करती रही। वही यज्ञ में रोजाना देर शाम महा आरती के साथ गंगा आरती भी की जा रही है, जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं तथा देर रात प्रवचन का आनंद भी ले रहे हैं। आज मंगलवार को पूर्णाहुति तथा रात में जीवंत झांकी के साथ भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ में महायज्ञ समिति बादम ग्रामवासी , दांगी ड्रामेटिक क्लब बादम अध्यक्ष अभय कुमार, सचिव संतोष कुमार कुशवाहा, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष रवि कुमार दांगी, संतोष मेहता ,उपसचिव जयप्रकाश राम, जुगेश्वर महतो, उपकोषाध्यक्ष कैलाश कुमार, कालीचरण कुमार, ग्राम अध्यक्ष भुदेव महतो, कोषाध्यक्ष बैजनाथ महतो, युवा अध्यक्ष भावेश कुमार, संरक्षण सहेश्वर महतो, संजय कुमार, राजेन्द्र महतो, शत्रुघ्न महतो, विनोद प्रजापति, प्रदीप साव, सीताराम साव, विरेन्द्र साव, उमाशंकर साव के अलावा अन्य दर्जनों श्रद्धालुओं के द्वारा योगदान दिया जा रहा है।

# आजसू के केंद्रीय सदस्य राजा खान ने ट्रांसफार्मर का उदघाटन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के महुंगाईकला पंचायत के बलोदर गांव में बीते दिनों ट्रांसफॉर्मर ख़राब होने की सूचना आम जनों से बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी को मिली। जिसपर विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के संबंधित अधिकारी से बात कर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का निर्देश दिया। तत्पश्चात विधायक के आदेशानुसार 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। इसके बाद आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजा खान के द्वारा पिता काटकर व नारियल फोड़कर विधिवत्त ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। बिजली बहाल होने से लोगों में खुशी की लहर है। मौके पर आजसू नेता राजा खान ने कहा कि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी का एक ही उद्देश्य है की बड़कागांव का कोई भी गली मोहल्ला अंधेरे में ना रहे। ट्रांसफार्मर कहीं भी खराब होता है तो विधायक को सूचना दें यथाशीघ्र उसे बदलकर बिजली बहाल कर दिया जाएगा। बिजली बहाल होते हैं ग्रामीणों ने विधायक रोशन लाल चौधरी को धन्यवाद दिया।मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा, वरिष्ट आजसू नेता अनिल प्रसाद, अखिलेश वर्मा, मेगनाध महतो, कुनीत महतो, मुकेश कुमार, राजेश कुमार, उदय कुमार, कमलेश कुमार, शिमा देवी, शबीता देवी, कबुतरी देवी, वासुदेव महतो, नरेश महतो, राम विलास महतो, बाबुलाल महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# लायंस ने सामूहिक विवाह समारोह का किया आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लायंस क्लब हजारीबाग की ओर से आज सोमवार को लगातार दूसरी बार नृसिंह मंदिर परिसर पर सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो से आने वाले दो से अधिक निर्धन जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। समारोह में न केवल वैवाहिक रस्में विधिपूर्वक कराई गई, बल्कि सभी जोड़ों को आवश्यक गृहस्थ जीवन की सामग्री, कपड़े, और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी उपहारस्वरूप प्रदान की गई। लायंस क्लब के सदस्यों ने पूरी निष्ठा और भावनात्मक जुड़ाव के साथ कन्यादान की परंपरा निभाई मलायंस क्लब की अध्यक्ष सुधा वर्मा ने कहा, ÷कन्यादान करना भारतीय संस्कृति की महान परंपरा है और यह हर किसी के लिए सौभाग्य की बात होती है। इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष, सचिव, और कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएँ दीं और उनके सुखद भविष्य की कामना की।इस आयोजन के माध्यम से न केवल गरीब परिवारों की मदद की गई, बल्कि समाज को एक सकारात्मक संदेश भी दिया गया।



# जंगली हाथी ने मचाया तांडव, सिमराढाव में एक महिला को कुचला, मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड के खैरा पंचायत अंतर्गत सिमराढाव जाने के रास्ते बैडमक्का जंगल मेन रोड पर बलथरवा नामक स्थल में एक जंगली हाथी ने 65 वर्षीय महिला दशमी देवी पति बुधु मांझी को दिन सोमवार सुबह लगभग 5¬30 बजे अपने पैरों तले रौंदकर बुरी तरह कुचल दिया जिससे महिला की मौत हो गई। मृतिका के पति बुधु मांझी और पुत्र लखन किस्कू का रो रो कर बुरा हाल है। मृतिका के पुत्र लखन किस्कू ने बताया कि हमारी मां बेडमक्का गांव जानवर को खोजने के लिए घर से सुबह लगभग 5¬30 निकली थी। गांव के कुछ लोग शौच के लिए जंगल की ओर आए थे तो उन्होंने हाथी के चिल्लाने की आवाज सुने और गांव में लोगों को बताए कि जंगल में हाथी आया है सावधान रहे तो हमलोगों ने आनन फानन में अपनी मां को खोज बिन करने जंगल की ओर निकले और खोजते खोजते बलथरवा जंगल आए तो अपनी मां को मृत पाए। यह जंगल में पहले भी जंगली हाथी ने कुछ वर्ष पहले झरपो चरका पत्थर के एक वृद्ध रामेश्वर ठाकुर को भी अपने पैरों तले कुचल कर मार दिया था। जिससे वन विभाग के प्रति आदिवासी बहुल क्षेत्र सिमराढाव पिंडारीया के लोगों ने नाराजगी जताया और वन विभाग कर्मियों पर आरोप लगाते हुए लापरवाही कहा है। क्षेत्रवासियों ने सरकार से सुरक्षा की मांग किया है। बाद में टाटीझरिया प्रशासन ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया। घटना स्थल पर जिप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी खैरा उप प्रमुख रवि वर्णवाल,मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश कुमार वर्मा, पसंस विनय कुमार, वार्ड सदस्य पप्पू रविदास, सुरेश मुर्मू ,सुरेश प्रसाद समाज सेवीयों में लौकी रविदास सुरेंद्र पासवान ,श्याम सुंदर प्रसाद,मोहन प्रसाद ग्रामीणों में छोटेलाल मुर्मू,राजेश सोरेन,मोतीलाल मांझी , तालों मांझी,चंदर मुर्मू,अर्जुन मुर्मू,महेश मांझी संग टाटीझरिया पुलिस प्रशासन एसएसआई पवन कुमार वन पाल विद्याभूषण समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।



# विष्णुगढ़ में सात दिवसीय महायज्ञ में उमड़ रहा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ जमुनिया डैम की अद्भुत मनोरम दृश्य के बीच हनुमान धारा में नवनिर्मित सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर तथा बजरंगबली की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा हेतु आयोजित सात दिवसीय महायज्ञ में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ रहा है। प्रतिदिन अयोध्या धाम से आए आचार्य अनिरुद्ध जी महाराज के द्वारा वैदिक पूजन हवन आरती की जा रही है। महिलाएं भारी संख्या में सुबह से लेकर रात्रि तक महायज्ञ मंडप में फेरी लगा रही हैं। भंडारा रोज चल रहा है। प्रसाद के रूप में खिचड़ी खीर पुड़ी बुंदिया का वितरण श्रद्धालुओं के बीच महायज्ञ समिति के द्वारा रोज किया जा रहा है। पूरा विष्णुगढ़ को लाइट गेट और झंडे से पाट दिया गया है। प्रतिदिन आरती के पश्चात वृंदावन से आई कथाकार मानस पुत्री दीदी पुष्पांजलि के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का प्रवचन किया जा रहा है। वृंदावन धाम से आए बृजराज रासलीला के कलाकारों की टोली के द्वारा प्रतिदिन रासलीला दिखाया जा रहा है। बच्चों के लिए झूला तथा महिलाओं के लिए मीना बाजार भी लगा हुआ है । महायज्ञ परिसर के चारों ओर प्राकृतिक छटा श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है। पूर्व में बहती जमुनिया नहर, पश्चिम में जमुनिया नदी, उत्तर में पक्की सड़क तथा दक्षिण में ऐतिहासिक जमुनिया डैम के कल कल हनुमान धारा में बना भगवान भास्कर का मंदिर लोगों को आकर्षित कर रहा है। महायज्ञ का समापन 09 मई को होगा। महायज्ञ को सफल करने में यज्ञ समिति के लोग पूरी तन्मयता के साथ लगे हुए हैं। समिति सभी लोगों के बीच कार्यों का बंटवारा कर महायज्ञ को सफल करने हेतु संकल्पित है। इस कार्य में मुख्य रूप से समिति के रामेश्वर सिंह, आनंद राम, नवल किशोर वर्मा, प्रयाग सोनी, शंकर गोस्वामी, अजय कुमार बबलू, अजय साव, बबलू सिंह, मोहन बरनवाल, जगदीश बर्मन, निर्मल कुमार, चमारी नायक, शिव प्रकाश, पूरन साव, अनुज सोनी, विनोद सिंह, अनूप कसेरा, शेखर सुमन, प्रयाग सोनी, राजेंद्र सिंह, सुरेश भगत, हेमलाल साव, युगल स्वर्णकार, बबीता बरनवाल, गुरु प्रसाद साव समेत स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं प्रेस मीडिया के लोग लगे हुए हैं।



# बेलतु में कलश यात्रा के साथ श्री रुद्र महायज्ञ सह शिव प्राण प्रतिष्ठा शुरू

**केरेडारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत बेलतु गांव के बाजार टांड में नव निर्मित शिव मंदिर को प्राण प्रतिष्ठा के लिए सात दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ सह शिव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर गाजे - बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई । जहां पर यज्ञाचार्य आचार्य डॉक्टर चक्रपाणी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर बारी - बारी से जल भरवाया गया पुनः कतारबद्ध होकर कई गांव के भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पहुचे जहाँ पर यज्ञाधिश मौनी बाबा उर्फ अवधेश दास महाराज के मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापित किया गया। इस यज्ञ का प्रवचन कर्ता अर्जुनानन्द जी महाराज और कथा वाचिका आराध्या शास्त्री वाराणसी बनारस से होंगे । आज संध्या में भजन कीर्तन मंडली के द्वारा भजन कीर्तन किया जायेगा । इस मौके पर विधायक रौशनलाल चौधरी अध्यक्ष दिनेश साव स्थानीय मुखिया जीतनी देवी पूर्व प्रमुख नीतू कुमारी लोकनाथ राणा संजय कुमार भारती पप्पू कुमार विकास कुमार सीटन साव नरेश महतो, पंकज साहा, अमित गुप्ता गुरुदयाल साव,महेश राम गीता देवी मंजू कुमारी सुनीता कुमारी,मोनिका देवी,कर्मचारी साव,कौलेश्वर यादव,जीतेन्द्र कुमार,सीतल राम,हेमराज साव,बजरंगी साव,छूठ साव,गोपाल कुमार,मोहन साव,निरंजन साव समेत बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।



# पाकिस्तानी भारत छोड़ो के नारों के साथ भाजपाइयों ने रामगढ़ समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन किया

## पहलगाम आतंकवाद ना भूलेंगे ना माफ़ करेंगे : प्रदीप वर्मा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज 5 मई को भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में पाकिस्तान भारत छोड़ो नारों के साथ रामगढ़ समाहारणालय के समीप पैदल मार्च कर भारत सरकार के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के महामंत्री व राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा विशेष रूप से शामिल हुए । उन्होंने मुर्शिदाबाद और पहलगाम की घटना की निंदा करते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कदम उठा रही है। भारत सरकार ने आतंकवाद का पितृपुरुष पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए कई कठोर निर्णय लिए हैं । सिंधु पानी समझौते को निरस्त किया गया है वहीं पाकिस्तान से व्यापार बंद करने, अटारी बॉर्डर को बंद करने सहित पाकिस्तान से हर तरह के संबंध समाप्त किए जा रहे हैं । इसी






क्रम में गृह मंत्रालय भारत सरकार ने विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3 एक के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए पाकिस्तानियों का वीजा को निलंबित किया है । सरकार ने राष्ट्र की सुरक्षा को सर्वोच्चता देते हुए आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का यह संकल्प है पहलगाम आतंकवाद ना भूलेंगे, ना माफ करेंगे ! बदला लेकर रहेंगे।उन्होंने सेना को खुली छूट दी है वो खुद रणनीति तय करे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने भी प्रदर्शन में अपनी बात रखी और जेहादी घटना की निंदा की।कार्यक्रम के अन्त में उपायुक्त के नाम के ज्ञापन सोपा गया । जिसकी प्रतिलिपि राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भी प्रेषित किया गया।प्रदर्शन में प्रदेश, जिला मंडल और शक्ति केन्द्र के वरिष्ठ नेता और सक्रिय सदस्य की उपस्थिति रही। प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार,वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रणंजय कुमार, डॉ संजय कुमार सिंह अनिल कुमार राय ,डॉ संजय प्रसाद सिंह, रंजन फ़ौजी, राजेन्द्र कुशवाहा, दिनेश प्रसाद,महेन्द्र प्रजापति,राजू चतुर्वेदी ,विजय जायसवाल, जिला मंत्री संजीव कुमार बबला, लक्ष्मी देवी,संजय प्रभाकर, अशोक सोनी,राजीव पामदत्त, प्रवीण कुमार सोनू, भीमसेन चौहान,देवानंद कुमार , अखिलेश प्रसाद,पंकज कुमार गुप्ता,मोर्चा जिला अध्यक्ष कुश श्रीवास्तव,शीतल सिंह, सनी कुशवाहा, वारिश खान,रूपा देवी, मनोज गिरि,सूर्यवंश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# बिहार फाउंड्री द्वारा किए जा रहे प्रदूषण से संबंधित शिकायत के निष्पादन हेतु उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में बिहार फाउंड्री द्वारा किए जा रहे प्रदूषण से संबंधित शिकायत के निष्पादन हेतु बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त,रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा दोनों पक्षों की बातों को सुनी गई। इसके उपरांत बिहार फाउंड्री द्वारा उपायुक्त एवं अन्य को पीपीटी के माध्यम से बिहार फाउंड्री कंपनी द्वारा प्रदूषण नियंत्रण हेतु किए जा रहे कार्यों को जानकारी दी गई साथ ही उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण हेतु लगाए गए ईएसपी द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने दोनों पक्षों की बातों को सुनते हुए बिहार फाउंड्री के जीएम को कारखाना में लगाए गए कुल 5 ईएसपी मशीन से हो रहे प्रदूषण को रोकने हेतु निरंतर प्रयोग करने का निर्देश देते हुए उन्होंने इसकी मॉनिटरिंग हेतु अलग से बिजली मीटर लगाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बिहार फाउंड्री द्वारा प्रदूषण मापने हेतु लगाएंगे एयर क्वालिटी इंडेक्स रीडर की डाटा को घंटे के अनुसार अप्रैल एवं मई माह की डाटा को कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने बिहार फाउंड्री प्रबंधन के उपस्थित प्रतिनिधि को प्रभावित क्षेत्र अंतर्गत गैरमजरूआ भूमि पर तीन स्थानों पर एयर क्वालिटी इंडेक्स डिजिटल मीटर यथाशीघ्र स्थापित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त श्री रोबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी श्री अनुराग कुमार तिवारी, सामान्य शाखा प्रभारी सुश्री रीना कुजूर, अंचल अधिकारी, बिहार फाउंड्री से आए संचालक एवं स्थानीय उपस्थित थे।

# उरीमारी इंटक कार्यालय में आरसीएमयू पदाधिकारीयो कि हुई बैठक, बायोमैट्रिक अटेंडेंस का विरोध जताया

**❍ आरसीएमयू पदाधिकारीयों ने संयुक्त रूप से आह्वान किया, प्रबंधन सारी कमीया दुर करें अन्यथा विरोध जारी रहेगा : राजू यादव**

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक कार्यालय में सोमवार को आरसीएमयू इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव कि अध्यक्षता में आरसीएमयू के सभी शाखा व पदाधिकारियों कि बैठक हुई।पावर नहीं रहने के कारण बायोमैट्रिक मशीन बंद हो जाता है, इस परिस्थिती में कार्मियो को कोई स्पष्ट दिशा निर्देश नहीं मिल पाता है। इन आउट का समय का स्पष्ट दिशा निर्देश नहीं दिया जाना। इन एवं आउट हो रहा है कि नहि,कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिलना है कर्मीयों को, इसके अलावा और भी बहुत सारी खामिया है।वहीं आरसीएमयू इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने साफ शब्दों में आह्वान किया कि प्रबंधन जबतक तक सारी कमियों को दूर नहीं करता है तब तक बायोमेट्रिक अटेंडेंस का बिरोध जारी रहेगा।वहीं इस बैठक में विस्थपित संघर्ष मोर्चा के सचिव महादेव बेसरा,आरसीएमयू बिरसा शाखा अध्यक्ष लालो महतो,सचिव कंचन मांझी, क्षेत्रिय सुरक्षा समिति सदस्य गणेश राम,धर्मेंदव करमाली,बिश्वनाथ मांझी,दिलीप कुमार,कानू मरांडी,राजकुमार सिंह,टहल गोप,दीपक विश्वकर्मा,अली हसन खान, बाल्मीकि यादव,बिश्राम सोरेन,राजेंद्र प्रसाद यादव, पार्थो भट्टाचार्जी,वकील अंसारी, बाबूराम,भोला रविदास,नाथू प्रसाद,मुबारक अंसारी,राम लखन साव,सिगु मांझी,मन्नू टुडू, पूरन मांझी,कुल्लू प्रजापति,चारो मांझी,नरसिंह सब,सिबू ठाकुर आदि लोग मौजूद थे।



# रामगढ़ जिले के 6 प्रखंडों में बिरसा सिंचाई सर्वधन के तहत 2474 कूप निर्माण कार्य चालू किया गया : उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडू :** रामगढ़ जिले के दुलमी प्रखंड, पतरातु प्रखंड, मांडू प्रखंड सहित चितरपुर , गोला, रामगढ़ प्रखंड में मनरेगा के तहत कूप निर्माण को लेकर उप विकास आयुक्त सह सचिव रोबिन टोपो एक्टिव मोड में दिखाई दे रहे हैं उन्होंने बताया कि रामगढ़ जिले के 6 प्रखंडों में गत वर्ष मनरेगा के तहत 2474 कूप निर्माण बिरसा सिंचाई सर्वधन के तहत चालू किया गया है जिसमें 6 प्रखंडों में 1950 कूप निर्माण पूर्ण कर लिया गया है बाकी बचे कूप का निर्माण प्रगति पर है कूप निर्माण होने से किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है बागवानी करने में फसल लगाने में किसानों को काफी लाभ मिल रहा है।

# प्रधानमंत्री ग्रामीणसड़क निर्माण कार्य में अनियमितता, ग्रामीणों ने किया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड में नावाजारा से रायपुरा में सागर आनंद कंस्ट्रक्शन के द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल रामगढ़, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना नावाजारा से रायपुरा पथ का कार्य मरम्मती करने की पथ की लंबाई 3.775 किलोमीटर ( प्राक्कलित राशि 93.743 लाख) का है जिससे ग्रामीणों के द्वारा जोरदार विरोध में पहले फैक्ट्री का डस्ट गिरकर कार्य, इमोशन, अलकतरा, मोटी गुणवत्ता में भारी पाई जा रही है एवं पूर्व में पी.सी.सी. पथ का निर्माण में भी संवेदक द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं किया गया है। निर्माण क्रम में यहां संवेदक द्वारा घटिया सामग्री के साथ-साथ सिमटे से अधिक मात्रा में डस्ट का इस्तेमाल किया गया है जिसमें सड़क मरम्मत कार्य होने के बाद साथ ही जगह-जगह पर टूट गई है और कई जगहों पर दरार भी आ चुका है और तो और गांव के बीचों-बीच कार्य को पूर्ण भी नहीं किया गया है

# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में इंग्लिश वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल द्वारा अंग्रेजी विभाग के मार्गदर्शन में इंग्लिश डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई, जिसमें स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार मनमोहन सिंह लांबा, प्राचार्य हरजाप सिंह तथा प्रधानाचार्या मधुश्री सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी वाकपटुता का शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा VIII और IX: क्या 16 वर्ष से कम उम्र के छात्रों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगना चाहिए? कक्षा ङ्ग और XII: क्या इंटरनेट पर सेंसरशिप आवश्यक है वाद-विवाद में विद्यार्थियों की डिजिटल जीवन और उसकी चुनौतियों पर बढ़ती समझ देखने को मिली।वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेता कक्षा 6 और 7 प्रथम स्थान ङ्क मंनजोत कौर (7) द्वितीय स्थान ङ्क आकांक्षा कुमारी (7) और अनमोल प्रीत सिंह (6क्क) तृतीय स्थान ङ्क दृष्टि कुमारी (6ष्ठ) और अद्विक कुमार (6ष्ठ) कक्षा 8 और 9 प्रथम स्थान ङ्क सुरजीत मल्होत्रा (8) द्वितीय स्थान ङ्क जसप्रीत सिंह गिल (9क्क) तृतीय स्थान ङ्क अर्थव सिंह (9क्क) कक्षा 10 और 12 से प्रथम स्थान ङ्क निवेदिता महतो (12वीं साइंस क्क) द्वितीय स्थान ङ्कश्रद्धा सुमन (12वीं साइंस क्क) तृतीय स्थान ङ्क ज्योति कुमारी (12वीं साइंस क्क), सफिया नाज़ (12वीं कॉमर्स)स्कूल प्रबंधन समिति ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों में आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा तथा स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा,सरदार सुरेन्द्र पाल सिंह चंडोक,सरदार कुलजीत सिंह कालरा,सरदार वरिंदर सिंह चंडोक,सरदार गुरप्रीत सिंह जॉली,सरदार नरेंदर पाल सिंह गुज्जराल,सरदार पुषविंदर पाल सिंह,सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा,सरदार गुरदीप सिंह सैनी,सरदार सतिंदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली,सरदार रमन बेदी और सरदार करमजीत सिंह जग्गी उपस्थित रहे और छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया।

# अरगड्डा दामोदर नदी में नहाने क्रम में बच्चे की डूबने से गई जान



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना रामगढ़ क्षेत्र के अरगड्डा पोस्ट में रहने वाले एक 12 वर्षीय बच्चे की दामोदर नदी में डूबने से मृत्यु का मामला रविवार को सामने आया है। जानकारी के मुताबिक अरगड्डा चेक पोस्ट निवासी गौरव साव उम्र करीब 12 साल पिता राजेश साव बीते दिन संध्या करीब 5 बजे से घर से लापता था. जिसकी खोजबीन परिजन कर रहे थे. बताया जाता है कि मृतक बच्चा अपने दोस्तों के साथ दामोदर नदी नहाने के लिए चला गया था. इस दौरान गहरे पानी में जाने से उसकी मृत्यु हो गई. शव दूसरे दिन दामोदर नदी में तैरते हुए पाया गया।

# एसडीपीओ कार्यालय में समीक्षा बैठक की गई : परमेश्वर प्रसाद

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार के दिन जिले के एसडीपीओ कार्यालय में समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने किया जिसमें रामगढ़ जिले के रामगढ़ थाना प्रभारी मांडू थाना ,प्रभारी घाटों थाना प्रभारी सहित कुजू ओपी सहित अन्य थाना प्रभारी मौजूद थे। एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जिसमें महिला उत्पीड़न संबंधित मामलों से लेकर लंबित केसों का निष्पादन जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। वहीं ट्रैफिक संबंधित भी मामलों पर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। रामगढ़ जिले को क्राइम मुक्त करने को लेकर रामगढ़ जिला के पुलिस प्रशासन काफी सक्रिय दिखाई दे रही है



# डुमरी में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का अल्पसंख्यक सम्मेलन सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का अल्पसंख्यक मोर्चा सम्मेलन होटल 7क्कद्बद्दद्ध, डुमरी, गिरिडीह में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष आज़ाद हुसैन अंसारी ने की। सम्मेलन के मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो मौजूद रहे। टाइगर जयराम महतो ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी का हमेशा से यह सोच रही है कि समाज को एकजुट कर उसके हित में कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि उनका राजनीतिक दल नया जरूर है, लेकिन इसकी वर्षों पुरानी विचारधारा रही है। महतो ने स्पष्ट किया कि अचानक कोई यह कहे कि दो-ढाई साल पुरानी राजनीतिक पार्टी पर विश्वास करें और वोट दें, यह उचित नहीं है।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने कभी भी ऐसी बातों का समर्थन नहीं किया है। अगर कोई उनके नाम या पार्टी के नाम का गलत उपयोग करता है, तो वे खेद प्रकट करते हैं। साथ ही उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त व मजबूत बनाने का आह्वान किया।टाइगर जयराम महतो ने कहा कि जितनी समस्याओं का समाधान झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा करेगी, उतना ही पार्टी का नाम और सम्मान बढ़ेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चाहे अल्पसंख्यक समाज की समस्या हो या अन्य समाज की, उसे विधानसभा में मजबूती से उठाया जाएगा। सम्मेलन में अल्पसंख्यक पदाधिकारियों की शिकायतें सुनी गई और उनका त्वरित समाधान भी किया गया। सभी ने टाइगर जयराम महतो के विचारों का स्वागत किया और उनके संदेश को जन-जन तक पहुँचाने व पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस सम्मेलन में केंद्रीय प्रधान महासचिव फरजान खान, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी धनबाद इकलाख अंसारी, केंद्रीय उपाध्यक्ष शेख शाहिद, केंद्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मोहसिन अंसारी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मधुपुर सद्दाम हुसैन, हटिया के पूर्व प्रत्याशी अय्यूब अली, सारठ के पूर्व प्रत्याशी अजहर अंसारी, केंद्रीय मंत्री सुभान अंसारी सहित सैकड़ों अल्पसंख्यक पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने दी ।



# परशुराम जी शास्त्र और शस्त्र के प्रकांड विद्वान थे : सतीश चंद्र दूबे



**❍ प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने मुख्य अतिथि को साफा पहना कर एवं फरसा भेट किया**

**❍ विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष जे पी शर्मा ने भी बुके एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया**

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन झारखंड के तत्वावधान मे गुरुनानक आडिटोरियम रामगढ़ में , श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ मे सर्व ब्राह्मणो की उपस्थिति मे हर्षोल्लास के साथ परशुराम जन्मोत्सव बडे ही भव्य रुप से हज़ारों की संख्या में मनाया गया।इस कार्यक्रम मे सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सतीश चंद्र दूबे कोयला मंत्री एवम खनन राज्य मंत्री भारत सरकार एवं प्रदेश अध्यक्ष को अनेकों ब्राह्मणों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत सम्मान किया।उसके बाद भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण किया।भगवान परशुराम जी की वैदिक मंत्रोच्चारण रीतिनुसार पूजन किया गया।सभा मे ब्राह्मण समाज के गणमान्य विद्वानो ने अपने अपने विचार रखे।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा ने किया किया, मंच संचालन अमित मणि शर्मा एवं प्रहलाद पाण्डेय ने किया।स्वागत भाषण प्रदीप कुमार शर्मा ने दिया जिसमे उन्होंने संगठन के द्वारा ब्राह्मण समाज के उत्थान मे किये जा रहे सामाजिक कार्यो पर अपने विचारो को रखा। मुख्य अतिथि श्री सतीश चंद्र दूबे ने ब्राह्मण समाज के पौराणिक महत्व के बारे मे प्रकाश डाला।परशुराम भगवान शास्त्र और शस्त्र के विद्वान थे।ब्राह्मणो का जीवन त्याग और बलिदान का जीवन हैं। वर्तमान समय मे दयनीय परिस्थितियो मे हमे एक दूसरे का सदैव सहयोग करना चाहिए। प्रकाश मिश्रा ने भी सभा को संबोधित करते भारत मे ब्राह्मणो के वर्तमान स्थिति पर विचार रखे उन्होंने कहा आज ज्यादातर ब्राह्मण आर्थिक पिछड़ेपन के कारण समाज मे बेरोजगारी और गरीबी के शिकार हो रहे जिसे सरकार को इस विषय पर चिंता करने की आवश्यकता हैं। ज्ञान ब्रह्म पाठक ने भारत मे ब्राह्मण के त्याग और बलिदान पर अपने विचार रखे।इस कार्यक्रम मे प्रदीप कुमार मिश्रा,जय प्रकाश शर्मा,प्रदीप मिश्रा, प्रकाश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन पाठक, महेश मिश्रा प्रहलाद पाण्डेय, ईलारानी पाठक, कृष्णा उपाध्याय, रमाशंकर पांडेय, विनोद मिश्रा, अशोक कुमार पांडेय, श्याम शर्मा,गोकुल शर्मा,सरिता पाण्डेय, संगीता दूबे,नंदु शर्मा, प्रकाश चंद्र व्यास, मुना मिश्रा,अनुज तिवारी, अमर शर्मा ,अंकित पाठक, सुरेंद्र पांडेय,नवीन पांडेय इत्यादि हजारों लोग उपस्थित थे।।

# क्षेत्र के लोकप्रिय नेता फागू बेसरा को दोबारा झामुमो के महासचिव बनाए जाने पर खुशी की लहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन के द्वारा घोषित झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारिणी समिति में क्षेत्र के लोकप्रिय आन्दोलनकारी नेता फागू बेसरा को दोबारा झारखंड मुक्ति मोर्चा का महासचिव बनाए जाने पर ख़ुशी की लहर है ।श्री बेसरा संघर्ष की उपज है झारखंड अलग राज्य के आन्दोलन में गुरूजी के नेतृत्व में कोयलांचल में महती भूमिका निभाई है । जल, जंगल, ज़मीन और रोज़गार के हक़ अधिकार के संघर्ष में इनके नेतृत्व में सफलता प्राप्त हुई है ।ख़ुशी व्यक्त करने में झारखंड मुक्ति मोर्चा के रामगढ़ ज़िला संयोजक मंडली के सदस्य राजकुमार महतो, एतो वास्के, सोनाराम माँझी, सागीर हुसैन, गुलाब नबी, चित्रगुप्त महतो, बरतु करमाली, हरिलाल बेदिया, महेंद्र मुंडा, विजय राम, गीता विश्वास, पिंकी बेसरा, कांदो मरांडी, सनु मदन सोरेन, पन्नालाल मुर्मू, प्रदीप सोरेन, सुरेश चन्द्र पटेल, अकल उराँव, राजनाथ महतो, राजु रहमान, बदल कुमार, बीरबल मराण्डी, भुनेश्वर ठाकूर, शनिचार मराण्डी, धनीराम माँझी, दिनेश हाँसदा, बोधन माँझी, राम सिंह, कृष्णा मरांडी, नरेन्द्र रविदास, चन्दन कपुर, कैलाश माँझी, चेतो मराण्डी, दीपक मुण्डा, विजय राम, अनिल हाँसदा आदि थे।



# भाजपा नेता चंद्रशेखर चौधरी की धर्मपत्नी पंचतत्व में हुई विलीन

## अंतिम दाह संस्कार बहम्मनधारा शमशान घाट में हुआ,सैकड़ो हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी के धर्मपत्नी चुनर देवी (68 वर्ष) चितरपुर सांडी निवासी का 4 मई को अचानक तबीयत खराब होने के कारण निधन हो गया था,भाजपा नेता की धर्मपत्नी का निधन होने से पूरे क्षेत्र में मातम छा गया, निधन के बाद पास पड़ोस के सैकड़ो लोग पैतृक आवास सांडी पहुंचकर परिजनों से मुलाकात किया, शोक संवेदना व्यक्त किया, दुःखद के बेला में परिजनों को ढाढ़स दिया गया, मृतक का अपने पीछे दो पुत्र एवं एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई, उनके निधन से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, मृतक मृतक के पार्थिव शरीर को 5 मई को अंतिम दर्शन किया गया,रजरप्पा क्षेत्र के भैरवी नदी बमनदरहा श्मशान घाट पर अंतिम दाह संस्कार किया गया, मृतक का पार्थिव शरीर पंचतत्व में हुआ विलीन भैरवी नदी के श्मशान घाट पर अंतिम दास संस्कार में जुटे सैकड़ो लोग जिनमें मुख्य रूप से गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी नीलकंठ रतन चौधरी राजेंद्र नाथ चौधरी गोपाल चौधरी गजेंद्र चौधरी, तीर्थ नाथ चौधरी, देवनारायण चौधरी,दुर्गाचरण चौधरी चितरंजन चौधरी, मेनन चौधरी विजय प्रताप चौधरी राजदीप चौधरी जितेंद्र चौधरी शिवधर चौधरी समाज सेवी पियूष चौधरी विनोद बिहारी चौधरी, के अलावे चंद्रशेखर पटवा सहित समस्त चौधरी परिवार व सैकड़ो लोग दाह संस्कार में हुए शामिल।



## कोयला राज्य मंत्री का दिलीप कुमार ने किया स्वागत, सौंपा ज्ञापन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयला भवन में कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे के आगमन पर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के धनबाद जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर श्री कुमार ने मंत्रीजी को धनबाद एवं झरिया क्षेत्र की ज्वलंत जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए एक स्मार पत्र भी सौंपा।दिलीप कुमार द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में मुख्य रूप से लोदना क्षेत्र में विस्थापन प्रक्रिया की पारदर्शिता, करमाताड़ टाउनशिप एवं कुसुम विहार में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी, विस्थापितों के लिए दिए जा रहे यातायात भत्ता को ?20,000 से बढ़ाकर ?50,000 करने, और पुनर्वास से पूर्व आवश्यक सेवाओं को यथावत रखने की माँग की गई।ज्ञापन में बीसीसीएल परियोजनाओं के अंतर्गत हेवी ब्लास्टिंग से उत्पन्न जनहानि की आशंका, छ्स्त्र मद से उपेक्षित सिजुआ क्षेत्र, लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल के पुनर्संचालन, एवं धूल प्रदूषण के विरुद्ध जल छिड़काव की अनदेखी जैसे बिंदुओं को प्रमुखता से उठाया गया।इसके अतिरिक्त, दिलीप कुमार ने ओपन कास्ट माइनिंग से बन रहे ओबी डंप पहाड़ों के कारण ग्रामीणों में व्याप्त भय और प्रदूषणजनित बीमारियों के उचित इलाज के लिए धनबाद अस्पतालों में सुविधाओं की मांग भी रखी।दिलीप कुमार ने आशा व्यक्त की कि माननीय मंत्री इन जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर उचित दिशा-निर्देश देंगे, जिससे धनबाद एवं झरिया क्षेत्र के लाखों नागरिकों को राहत मिल सके। मौके पर रुदल पासवान, मुकेश कुमार, बबलू कुमार, रशीद अलम समेत पार्टी के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## एन.ई.ई.टी. परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के सभी सात केन्द्रों पर रविवार को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातक) 2025 शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने बताया कि जिले के दिल्ली पब्लिक स्कूल, डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, कोयला नगर, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनसार, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1, आईआईटी (आईएसएम), बीआईटी, सिंदरी तथा बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हुई।परीक्षा के दौरान सभी केन्द्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में परीक्षा अवधि तक धारा-163 बी.एन.एस.एस. के तहत निषेधाज्ञा जारी रही। वहीं परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल व दंडाधिकारियों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरा, विद्युत व्यवस्था, पेयजल व शौचालय सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध रही। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रवेश के दौरान परीक्षार्थियों की सघन जांच की गई।

## लंबित मामलों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय सभागार में सोमवार को एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिटी एसपी अजीत कुमार व ग्रामीण एसपी कपील चौधरी समेत सभी डीएसपी, एसडीपीओ व प्रभारी निरीक्षक मौजूद थे। मुख्यालय सभागार मे आयोजित बैठक के दौरान कई महत्पूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान वरीय पदाधिकारियों द्वारा पुलिस अधिकारियो को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि विभिन्न थानों में दर्ज़ लंबित मुक़दमों की जांच में तेजी लाई जाए और तय समय में चार्जशीट समर्पित की जाए। पुलिस थानों मे साल 2020 तक के लंबित सभी मामलों के जल्द निष्पादन का निर्देश जारी किया गया।इसके अतिरिक्त डकैती, हत्या, दुष्कर्म के लंबित मामले को गंभीरता पूर्वक जांच पूरी करते हुए निर्धारित अवधि में रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश भी दिया गया। वरीय पदाधिकारियों ने पूर्व के लंबित विभिन्न मामलों की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए जल्द जाँच पूरी करने का निर्देश दिया। इसके अलावा फरार आरोपियों की गिरफ़्तारी सुनिश्चित करने हेतु कार्रवाई को तेज करने का निर्देश दिया गया। साथ ही माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत समन, वारंट व कुर्की के आदेश को यथाशीघ्र तामिल करने को कहा गया।समीक्षा बैठक में एसपी सिटी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेन्द्र नारायण बंका, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, एसडीपीओ निरसा रजत मणिक बाखला, एसडीपीओ बाघमारा पुरषोत्तम कुमार सिंह, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती, डीएसपी साइबर संजीव कुमार समेत कई थाना प्रभारी व निरीक्षक मौजूद थे।


**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग**
**जिला समाहरणालय, हजारीबाग – 825301**
**Email Id – deo_hazaribagh@rediffmail.com**

पत्रांक–828 दिनांक–03.05.2025

**अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति को स्थगित करने संबंधी आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–748, दिनांक–19.04.2025 द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति (PR-350706 School Education & Literacy, 25-26) की प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणों से तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक स्थगित की जाती है।

संशोधित तिथि की सूचना बाद में प्रकाशित की जायेगी।

ह0/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 351647 School Education and Literacy(25-26).D


# आंगनबाड़ी केंद्र के लिए पोषक क्षेत्र में चिन्हित करें जमीन : उपायुक्त

## कांजी हाउस के लिए शीघ्र जमीन चिह्नित करने का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने सोमवार को समाहरणालय के सभागार में पेयजल आपूर्ति, सिवरेज, आंगनबाड़ी केंद्र, गोदाम, पैक्स, इंटर स्टेट बस टर्मिनस इत्यादि के लिए विभिन्न विभागों द्वारा जमीन के लिए की गई मांग की समीक्षा की।समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिले के विकास के लिए विभिन्न विभागों को अलग-अलग अंचल में भूमि की आवश्यकता है। इसके लिए संबंधित अंचल अधिकारी शीघ्र जमीन चिन्हित कर विभाग की मांग पूरी करें। जमीन नहीं मिलने के कारण जिले का विकास कार्य बाधित होता है।वहीं उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण के लिए पोषक क्षेत्र में शीघ्र जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इससे जहां किराये पर आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है वहां उसका निजी बिल्डिंग होगा। जिसमें पानी, शौचालय, किंडरगार्डन सहित अन्य सुविधाएं बच्चों को प्राप्त होगी।उपायुक्त ने नगर निगम को बरटांड बस स्टैंड, सिटी सेंटर, सरायढेला, लुबी सर्कुलर रोड, बैंक मोड़ सहित अन्य क्षेत्र से अतिक्रमण दूर करने के लिए एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर अतिक्रमण दूर करने का निर्देश दिया।बैठक में उपायुक्त ने विद्युत, खेल, पीएचईडी 1 एवं 2, नगर निगम, अग्निशमन विभाग, उद्योग, स्टेट हाइवे ऑथोरिटी ऑफ झारखंड, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, हाउसिंग बोर्ड सहित अन्य विभागों की मांग की समीक्षा की। साथ ही आवारा पशुओं को पकड़कर रखने के लिए नगर निगम के लिए कांजी हाउस बनाने के लिए शीघ्र जमीन चिह्नित करने का निर्देश दिया।बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक व प्रकाश कुमार, एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, डीएलओ राम नारायण खलको के अलावा बीसीसीएल के प्रतिनिधि तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## आउटसोर्सिंग कंपनी के कार्यों के विरोध मे सभा आयोजित, सांसद रहे मौजुद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** ईसीएल के मुगमा क्षेत्र अंतर्गत चापापूर कोलियरी में चल रहे आउटसोर्सिंग कंपनी के कार्यों के विरोध में वहां के स्थानीय लोगों ने एक सभा तथा अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्य रूप से धनबाद सांसद ढुलू महतो उपस्थित हुए। मूल रूप से इस सभा का मुख्य उद्देश्य सांसद का अभिनंदन करने के साथ-साथ वहां काम कर रही है आउटसोर्सिंग कंपनी के कार्य कालापो के विरोध में प्रदर्शन करना था। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी अपने मनमानी ढंग से कार्य कर रही है और किसी भी तरह की कोई भी मूलभूत सुविधाएं चाहे शिक्षा सड़क बिजली पानी रोजगार यहां के लोगों को कोई भी सुविधा नहीं दे रही है। लोग बेरोजगार हैं फिर भी किसी भी तरह का रोजगार कंपनी के द्वारा नहीं दिया जा रहा है। जिन बातों पर सांसद ढुलू महतो ने कहा कि कंपनी खुलने से पहले जिन मांगों को लेकर ग्रामीणों के साथ आश्वासन दिया गया था उन मांगों का अविलंब पूरा करें नहीं तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

*सामाजिक संस्था यूथ कॉन्सेप्ट ने सिंदरी ब्लॉक कट रेलवे स्टेशन के परिसर में पौधारोपण किया*

## गर्मी की चिंता छोड़ो, पेड़ों से नाता जोड़ो : अखलाक अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सामाजिक संस्था यूथ कॉन्सेप्ट ने सिंदरी ब्लॉक कट रेलवे स्टेशन के परिसर में पौधारोपण किया। यूथ कॉन्सेप्ट संस्था के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा की कोयलांचल के लोगों को शुद्ध हवाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। ज्यादातर लोग यहां सांस की बीमारी से लड़ रहे हैं। हर परिवार में एक दो व्यक्ति को सांस की बीमारी है। बच्चे और बड़े सब मिलकर पर्यावरण संरक्षण करें। आइए इस अवसर पर हम सब मिलकर खूब सारे पेड़ पौधे लगाएं और हरियाली लाएं। ताकि आने वाले भविष्य में लोगों को पूर्व की भांति शीतल भरी हरियाली मिल सके।स्टेशन मैनेजर अदनान मुस्तफा ने कहा पर्यावरण संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी है पर्यावरण ही जीवन है, बच्चों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें ताकि वे भविष्य में पेड़ से प्यार कर सकें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखलाक अहमद, अदनान मुस्तफा कुद्दूसी, आयशा मुस्तफा, अजीत महतो, आर डी सिंह, आर पी सिंह, आर के लाल, सृष्टि सिंह, नंदनी कुमारी, श्रेष्ठ, समृद्धि, सोमनाथ, रोहित, श्रेष्ठ आदि उपस्थित थे।

## ईटरनेशनल काउंसिल फॉर ह्यूमन एंड फंडामेंटल राइट द्वारा सम्मेलन आयोजित



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डिगवाडीह सिम्फ़र में ईटरनेशनल काउंसिल फॉर ह्यूमन एंड फंडामेंटल राइट धनबाद का सम्मेलन और कमेटी का गठन मानव अधिकार के संरक्षण, संवर्धन एवं जमीनी स्तर पर लोगों को जागरूक करने के लिए किया गया है। सम्मेलन की अध्यक्षता मनोज कुमार श्रीवास्तव ने किया जबकि संचालन गीतांजलि श्रीवास्तव ने की। कमेटी गठन में अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रंजीत कमार, सचिव मृत्युंजय प्रसाद पांडे सह सचिव अवध किशोर भारती, कोषाध्यक्ष रवि कुमार हरी को बनाया गया है। सम्मेलन और कमेटी गठन में मुख्य अतिथि के रूप में ढ्ढष्टाह्नक्र संगठन के मुख्य अतिथि संग्राम मित्रा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष स्वप्न बनर्जी व झारखंड राज्य कमेटी के अध्यक्ष संजय लहार, सचिव मधुसूदन , महतो उपाध्यक्ष अर्जुन विश्वकर्मा सह सचिव आनंद महतो समेत अन्य राज कमेटी के पदाधिकारी सम्मिलित थे।

## पर्यटकों के लिए जल्द खुलेगा मैथन स्पोर्ट्स हॉस्टल,इको टूरिज्म के तहत सरकार द्वारा नया वोटिंग घाट खोलने की तैयारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** निरसा विधायक अरूप चटर्जी एवं झामुमो के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने मैथन ओपी क्षेत्र स्थित गोगना ग्राम में ग्रामीणों के साथ एक बैठक किया। जिसमें मैथन डैम के समीप बनने वाले इको टूरिज्म पार्क एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मैथन डैम स्थित स्पोर्ट्स हॉस्टल को पर्यटकों के लिए खोलने एवं गोगना घाट के समीप राज्य सरकार की सहायता से नया वोटिंग घाट खोलने इत्यादि मुद्दों पर ग्रामीणों के साथ चर्चा की गई। जिससे मैथन डैम में पर्यटन को बढावा मिला सके साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल सके इत्यादि कई मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसकी जानकारी देते हुए निरस विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि मैथन में इको टूरिज्म पार्क बनाने के लिए तेजी से प्रयास चल रहा है। साथ ही जल्द ही मैथन डैम स्थित स्पोर्ट्स हॉस्टल को पर्यटकों के लिए खोला जाएगा, इसे लेकर जिला पर्यटन पदाधिकारी ने प्रस्ताव भेज दिया है ।


**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (समेति, झारखण्ड)**

**आवश्यक सूचना**

एस0एम0ए0ई0/आत्मा कार्यक्रम अंतर्गत राज्य नोडल कोषांग के State Coordinator & Accountant-cum-Clerk के एकल पद पर संविदा आधारित चयन हेतु पी0आर0 संख्या– PR 297852 (Agriculture)23-24*D द्वारा प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में साक्षात्कार/दक्षता जाँच की **तिथि 21.05.2025 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से** द्वितीय तल, समेति भवन, कृषि भवन परिसर, कांके रोड, राँची में निर्धारित है, जो निम्न प्रकार है–

| क्र0 सं0 | पद | वेबसाईट में प्रदर्शित अंतिम सूची क्रमांक |
|---|---|---|
| 1 | State Coordinator - SNO Cell | 01–03 |
| 2 | Accountant-cum-Clerk - SNO Cell | 01–07 |

साक्षात्कार/दक्षता जाँच में भाग लेने वाले योग्य अभ्यथियों की सूची समेति के वेबसाईट www.sameti.org पर देखा जा सकता है।

1. साक्षात्कार/दक्षता जाँच हेतु योग्य अभ्यर्थी निर्धारित कार्यक्रमानुसार एवं समयानुसार साक्षात्कार/दक्षता जाँच हेतु समेति कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।
2. साक्षात्कार/दक्षता जाँच हेतु अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र (Call letter) डाक द्वारा नहीं भेजे जायेंगे।
3. अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन के दौरान आवेदन में अंकित प्रविष्टि एवं तदनुरुप समर्पित प्रमाण–पत्रों के मूल प्रति एवं स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति 02 (दो) प्रतियों में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
4. दो पासपोर्ट साईज का रंगीन अद्यतन फोटोग्राफ लेकर आना होगा।
5. अभिलेख सत्यापन के दौरान प्रमाणपत्र मूल रुप में प्रस्तुत नहीं करने पर अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।

PR.NO.351679 Agriculture (25-26):D

ह0/– निदेशक समेति, झारखण्ड, राँची।



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

**e-Procurement Cell**
**Short e-Procurement Notice**

**Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 12 /2025-26 Date:-03-05-2025**

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 2 Room with 6'0" Wide Vernadah and office Room at Govt. Primary School , Rupin Block-Chouparn ,Dist- Hazaribag | 2439350/- | 49000/- | 5000/- | 3 Month |
| 2 | Construction Boundary wall with Gate & Toilet (2 unit ) of Boys and Girls at Govt.Primary school , Rupin Block-Chouparn Dist- Hazaribag | 2145450 /- | 43000/- | 5000/- | 3Month |
| 3 | Construction of Boundary Wall at Govt. Primary School , Bahera Block- Chouparn ,Dist- Hazaribag | 1807950/- | 37000/- | 5000/- | 3 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 10-05-2025 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 17-05-2025 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | **06546-225723** |

***Further details and subsequent amendments can be seen on website*** http://jharkhandtenders.gov.in

**Nodal Officer,**
**e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division,** Hazaribag

PR.NO.351648 Building(25-26):D



**जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला।**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला द्वारा विभिन्न ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को उनके मांग के आधार पर शौचालय निर्माण की राशि हस्तांतरित की जाती थी। परंतु अभी तक उनके द्वारा शत प्रतिशत उपयोगिता प्रमाण पत्र/राशि की वापसी इस कार्यालय को नहीं किया गया है। इस हेतु समाचार पत्रों में निम्न ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को सूचित किया जाता है कि अपने अपने प्रखंड अंतर्गत कनीय अभियंता/प्रखण्ड वॉश कॉर्डिनेटर से संपर्क कर दिनांक 07.05.25 तक निश्चित रूप से उपयोगिता प्रमाण पत्र/राशि की वापसी/समायोजन करा दिया जाय। अन्यथा बाध्य होकर संबंधित ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति पर नियमसम्मत कार्रवाई की जायेगी। जिसका विवरण निम्न प्रकार है:–

| क0सं0 | प्रखंड | VWSC/SHG का नाम | पता | शौचालय की संख्या | शौचालय की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पालकोट | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, बिलिंगबीरा** 1. श्रीमति सस्ती देवी (अध्यक्ष), ग्राम–बिलिंगबीरा, पंचायत–बिलिंगबीरा, प्रखंड–पालकोट। 2. श्रीमति निर्मला बरला (कोषाध्यक्ष), ग्राम–बिलिंगबीरा, पंचायत–बिलिंगबीरा, प्रखंड–पालकोट। | ग्राम–बिलिंगबीरा, पंचायत–बिलिंगबीरा, प्रखंड–पालकोट। जिला–गुमला। | 77 अदद | 9,24,000/– |
| 2 | पालकोट | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, तेतरटोली** 1. श्री कमल पहान (अध्यक्ष), ग्राम–तेतरटोली, पंचायत–डहुपानी, प्रखंड–पालकोट। 2. श्रीमति खिरेश्वरी देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–तेतरटोली, पंचायत–डहुपानी, प्रखंड–पालकोट। | ग्राम–तेतरटोली, पंचायत–डहुपानी, प्रखंड–पालकोट। जिला–गुमला। | 25 अदद | 3,00,000/– |
| 3 | पालकोट | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, पोजेंगा** 1. श्रीमति कांति केरकेट्टा (अध्यक्ष), ग्राम–पोजेंगा, पंचायत–तपकारा, प्रखंड– पालकोट। 2. श्रीमति सुरिलास डुंगडुंग (कोषाध्यक्ष), ग्राम–पोजेंगा, पंचायत–तपकारा, प्रखंड– पालकोट। | ग्राम–पोजेंगा, पंचायत–तपकारा, प्रखंड– पालकोट। जिला–गुमला। | 45 अदद | 5,40,000/– |
| 4 | पालकोट | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, अखराकोना** 1. श्रीमति सस्ती देवी (अध्यक्ष), ग्राम–अखराकोना, पंचायत–बिलिंगबीरा, प्रखंड–पालकोट। 2. श्रीमति चिंतामनी देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–अखराकोना, पंचायत–बिलिंगबीरा, प्रखंड–पालकोट। | ग्राम–अखराकोना, पंचायत–बिलिंगबीरा, प्रखंड–पालकोट। जिला–गुमला। | 41 अदद | 4,92,000/– |
| 5 | पालकोट | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, केराटोली** 1. श्रीमति सस्ती देवी (अध्यक्ष), ग्राम–केराटोली, पंचायत–बिलिंगबीरा, प्रखंड–पालकोट। 2. श्रीमति अनिता देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–केराटोली, पंचायत–बिलिंगबीरा, प्रखंड–पालकोट। | ग्राम–केराटोली, पंचायत–बिलिंगबीरा, प्रखंड–पालकोट। जिला–गुमला। | 49 अदद | 5,88,000/– |
| 6 | पालकोट | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, लाघुडेरा** 1. श्रीमति सस्ती देवी (अध्यक्ष), ग्राम–लाघुडेरा, पंचायत–बिलिंगबीरा ,प्रखंड–पालकोट। 2. श्रीमति चन्द्रावती देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–लाघुडेरा, पंचायत–बिलिंगबीरा ,प्रखंड–पालकोट। | ग्राम–लाघुडेरा, पंचायत–बिलिंगबीरा प्रखंड–पालकोट। जिला–गुमला। | 66 अदद | 7,92,000/– |
| 7 | पालकोट | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, दारीपानी** 1. श्री कमल पहान (अध्यक्ष), ग्राम–दारीपानी, पंचायत–डहुपानी, प्रखंड–पालकोट। 2. श्रीमति दीपिका देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–दारीपानी, पंचायत–डहुपानी, प्रखंड–पालकोट। | ग्राम–दारीपानी, पंचायत–डहुपानी, प्रखंड–पालकोट। जिला–गुमला। | 22 अदद | 2,64,000/– |
| 8 | पालकोट | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, जलडेगा** 1. श्री कमल पहान (अध्यक्ष), ग्राम–जलडेगा, पंचायत–डहुपानी, प्रखंड–पालकोट। 2. श्रीमति एतवारी खड़ियाईन (कोषाध्यक्ष), ग्राम–जलडेगा, पंचायत–डहुपानी, प्रखंड–पालकोट। | ग्राम–जलडेगा, पंचायत–डहुपानी, प्रखंड–पालकोट। जिला–गुमला। | 15 अदद | 1,80,000/– |
| 9 | पालकोट | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, खड़पानी** 1. श्री कमल पहान (अध्यक्ष), ग्राम–खड़पानी, पंचायत–डहुपानी, प्रखंड–पालकोट। 2. श्रीमति चन्द्रवती देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–खड़पानी, पंचायत–डहुपानी, प्रखंड–पालकोट। | ग्राम–खड़पानी, पंचायत–डहुपानी, प्रखंड–पालकोट। जिला–गुमला। | 22 अदद | 2,64,000/– |
| 10 | पालकोट | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, रोकेडेगा** 1. श्री कमल पहान (अध्यक्ष), ग्राम–रोकेडेगा पंचायत–डहुपानी, प्रखंड–पालकोट। 2. श्रीमति लिलावती देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–रोकेडेगा पंचायत–डहुपानी, प्रखंड–पालकोट। | ग्राम–रोकेडेगा पंचायत–डहुपानी, प्रखंड–पालकोट। जिला–गुमला। | 15 अदद | 1,80,000/– |
| 11 | पालकोट | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, सुन्दरीडीह** 1. श्री कमल पहान (अध्यक्ष), ग्राम–सुन्दरीडीह, पंचायत–डहुपानी, प्रखंड–पालकोट। 2. श्रीमति कृति बिनीता एक्का (कोषाध्यक्ष), ग्राम–सुन्दरीडीह, पंचायत–डहुपानी, प्रखंड–पालकोट। | ग्राम–सुन्दरीडीह, पंचायत–डहुपानी, प्रखंड–पालकोट। जिला–गुमला। | 16 अदद | 1,92,000/– |
| 12 | पालकोट | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, ओबिरा** 1. श्री धनेश्वर नगेसिया (अध्यक्ष), ग्राम–ओबिरा, पंचायत–कुल्लूकेरा, प्रखंड–पालकोट। 2. श्रीमति नीलिमा केरकेट्टा (कोषाध्यक्ष), ग्राम–ओबिरा, पंचायत–कुल्लूकेरा, प्रखंड–पालकोट। | ग्राम–ओबिरा, पंचायत–कुल्लूकेरा, प्रखंड–पालकोट। जिला–गुमला। | 37 अदद | 4,44,000/– |
| 13 | कामडारा | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, टुरूण्डु** 1. श्री बिनीता तोपनो (अध्यक्ष), ग्राम–टुरूण्डु, पंचायत–टुरूण्डु प्रखंड–कामडारा। 2 श्रीमति सुनिरा तोपनो (कोषाध्यक्ष), ग्राम–टुरूण्डु, पंचायत–टुरूण्डु प्रखंड–कामडारा। | ग्राम–टुरूण्डु, पंचायत–टुरूण्डु प्रखंड–कामडारा। जिला–गुमला। | 101 अदद | 12,12,000/– |
| 14 | कामडारा | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, टाटी** 1. श्रीमति रोसालिया सोरेंग (अध्यक्ष), ग्राम–टाटी, पंचायत–रामपुर, प्रखंड–कामडारा। 2. श्रीमति प्रबीना धान (कोषाध्यक्ष), ग्राम–टाटी, पंचायत–रामपुर, प्रखंड–कामडारा। | ग्राम–टाटी, पंचायत–रामपुर, प्रखंड–कामडारा। जिला–गुमला। | 61 अदद | 7,32,000/– |
| 15 | चैनपुर | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, बाम्दा** 1. श्री सिताराम मुण्डा (अध्यक्ष), ग्राम–बाम्दा, पंचायत–बाम्दा, प्रखंड–चैनपुर। 2. श्रीमति शांति देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम–बाम्दा, पंचायत–बाम्दा, प्रखंड–चैनपुर। | ग्राम–बाम्दा, पंचायत–बाम्दा, प्रखंड–चैनपुर। जिला–गुमला। | 61 अदद | 7,32,000/– |
| 16 | चैनपुर | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, छिछवानी** 1. श्री पोलिडोर एक्का (अध्यक्ष), ग्राम–छिछवानी, पंचायत–छिछवानी, प्रखंड–चैनपुर। 2. श्रीमति लीली कुजूर (कोषाध्यक्ष), ग्राम–छिछवानी, पंचायत–छिछवानी, प्रखंड–चैनपुर। | ग्राम–छिछवानी, पंचायत–छिछवानी, प्रखंड–चैनपुर। जिला–गुमला। | 116 अदद | 13,92,000/– |
| 17 | चैनपुर | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, सिलफारी** 1. श्रीमति अमिता केरकेट्टा (अध्यक्ष), ग्राम–सिलफारी, पंचायत–बरवेनगर, प्रखंड–चैनपुर। 2. श्रीमति पुष्पा लकड़ा (कोषाध्यक्ष), ग्राम–सिलफारी, पंचायत–बरवेनगर, प्रखंड–चैनपुर। | ग्राम–सिलफारी, पंचायत–बरवेनगर, प्रखंड–चैनपुर। जिला–गुमला। | 127 अदद | 15,24,000/– |
| 18 | चैनपुर | **ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, टिनटांगर** 1. श्री सुशील दीपक मिंज (अध्यक्ष), ग्राम–टिनटांगर, पंचायत–बेन्दोरा, प्रखंड–चैनपुर। 2. श्रीमति शिलामती देवी (कोषाध्यक्ष), ग्राम– टिनटांगर, पंचायत–बेन्दोरा, प्रखंड–चैनपुर। | ग्राम– टिनटांगर, पंचायत–बेन्दोरा, प्रखंड–चैनपुर। जिला–गुमला। | 67 अदद | 8,04,000/– |

कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला।

PR 351615 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

# निदेशक सुषमा सोरेंग ने निःशुल्क एवं शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु नामांकन को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त लोहरदगा के निदेश के आलोक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए, लोहरदगा, सुषमा सोरेंग की अध्यक्षता में आयोजित निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12 (1) (ग) के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु नामांकन की बैठक आज दिनाँक 05.05.2025 को अभिलाषा सभाकक्ष में आयोजित की गई। उक्त बैठक में सचिव सह जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा, अभिजीत कुमार, प्रभाग प्रभारी, आकाश कुमार,प्रभारी एसीपी, गुलाम अशरफ़ अंसारी, बीआरपी, सीमा शर्मा, अम्बिका शरण पांडेय, सीआरपी, सुशील रजक, जीतेन्द्र मित्तल भी उपस्थित हुए। साथ ही आवेदक सभी माता पिता अभिभावकों की भी उपस्थिति रही। सचिव सह जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा, अभिजीत कुमार द्वारा सभी उपस्थित माता-पिता, अभिभावकों को उक्त अधिनियम और विभागीय निदेश की विस्तृत जानकारी दिया गया। एमभी डीएवी में कुल वैध 22 आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें कुल 8 बच्चों का नामांकन लिया जाना है। जिसमें आरक्षित अभिवंचित समुदाय से 3 बच्चों का सर्व सम्मति से नामांकन हेतु चयन किया गया। शेष 5 हेतु लॉटरी के माध्यम से चयन किया गया। साथ ही 8 बच्चों की प्रतीक्षा सूची भी बनाई गई है। सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, लोहरदगा हेतु कुल वैध 12 आवेदन पत्रों पर विचार करते हुए। सभी आवेदित बच्चों के नामांकन हेतु सहमति प्रदान की गई। इसी तरह संत लॉरेंस, झीको चट्टी, संत चार्ल्स, जांगी, कूडु, संत अन्ना बालिका मध्य विद्यालय, पतरातोली, लोहरदगा और अभिराम पब्लिक स्कूल, टीको, कूडु हेतु प्राप्त आवेदनों पर विचार करते हुए नामांकन की प्रक्रिया सम्पन्न की गई।

## उप मुखिया हेना तिवारी ने बड़की चापि पंचायत की सर्वांगीण विकास को लेकर बीडीओ से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** बड़की चापि पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी ने आज कुडू अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती मधुश्री मिश्रा से मिलकर बड़की चाँपि पंचायत का सर्वांगीण विकास के संबंध में बात रखी। इस मौके पर बड़की चाँपि पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी ने बड़की चाँपि पंचायत में कुडू प्रखंड के द्वारा विभिन्न विकास योजनाओं से पंचायत का सर्वांगीण विकास करने हेतु आग्रह की। इस मौके पर श्रीमती मधुश्री मिश्रा ने कहीं की पूरे कुडू प्रखंड के विकास के साथ साथ बड़की चापि पंचायत का विकास में जो भी कार्य होगा हर संभव किया जाएगा। जिससे पंचायत का विकास हो सभी गांवो का सर्वांगीण विकास हो।इस मौके पर हेना तिवारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से बड़की चाँपि पंचायत के सभी जरूरत मंद एवं योग्य लोगो को अच्छी तरह से जांच कराकर आवास योजना का लाभ देने की बात रखी।इस मौके पर बंदुआ गांव की वार्ड सदस्य गीता भगत उपस्थित थे।

## अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारियों का चुनाव 15 मई को : अलीरजा अंसारी



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो अंजुमन इस्लामिया के लिए तीन पदों सदर, सेक्रेटरी, और खजांची के लिए गुप्त मतदान के माध्यम से चुनाव 15 मई को होगी। आज अंजुमन चुनाव कमिटी के अध्यक्ष अलीरजा अंसारी ने चुनाव संबंधी विभिन्न तिथियों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अंजुमन इस्लामिया कैरो का कार्यकाल विगत सितंबर महीने में ही समाप्त हो चुकी है।इस कमिटी के नए सिरे से गठन के लिए सदर, सेक्रेटरी और खजांची का चुनाव समाज के लोग गुप्त मतदान के माध्यम से करेंगे। इसके लिए नामांकन 5 एवं 6 मई 2025 को मौलाना नुरूल साहब के प्रतिष्ठान के सामने होगी। उम्मीदवार अपना नाम वापस 7 मई को लिखित आवेदन देकर ले सकते हैं।चुनाव कमिटी 9 मई को उम्मीदवारों के बीच चुनाव चिन्ह का वितरण करेगी। 15 मई को 7 बजे सुबह से 1 बजे दिन तक गुप्त मतदान होगा। उसी दिन 4 बजे तक चुनाव परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी। चुनाव में खड़ा होने वाले उम्मीदवारों की आयु 25 से 65 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अंजुमन इस्लामिया पदाधिकारियों के चुनाव के शीघ्र बाद मज्लिस ए अम्मा, मस्जिद कमिटी और मकतब कमिटी का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब प्रत्येक वर्ष अंजुमन के आय-व्यय का हिसाब देना अनिवार्य होगा।अंजुमन चुनाव कमिटी कैरो उम्मदवारों से अपेक्षा रखती है कि चुनाव प्रचार के दौरान व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप नहीं लगाएंगे।

## पार्टी के मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ता को सक्रिय होकर करना होगा कार्य : ऑब्जर्वर सुखदेव भगत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुजरात दौरा के तीसरे दिन लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद सह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर सुखदेव भगत कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत हर स्तर पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से आज गुजरात में कई स्थानों में कांग्रेस जनों के साथ बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय ऑब्जर्वर सुखदेव भगत ने कहा कि राहुल गांधी की सोच है कि गुजरात में कांग्रेस की सरकार बने उसके लिए आज संगठन का जमीनी हकीकत क्या है संगठन के लोगों एवं संगठन की क्या गतिविधियां है उसको जानने आए हैं ।श्री भगत ने कहा कि राहुल गांधी की सोच है कि जिला कमेटी को ज्यादा शक्ति दिया जाए साथ ही साथ वैसे लोगों का चयन करना है जो पार्टी के लिए समर्पित एवं सक्रिय हो। राहुल गांधी की यह सोच से पूरे गुजरात में कांग्रेसन काफी उत्साहित है। श्री भगत ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी को मजबूती दिलाने के लिए अपने जिम्मेदारी तय करना होगा तथा पूरी तन्मयता के साथ पार्टी में काम करेंगे तो निश्चित रूप से आने वाला कल राज्य में कांग्रेस का होगा।

# सूंड़ी समाज का बैठक सम्पन्न, अध्यक्ष बने रितेश साहू, सचिव पंकज साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आज सूंड़ी समाज का आम बैठक स्थानीय गीतांजली पैलेस कुटमु में वर्तमान अध्यक्ष, नंदकिशोर साहू की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे पुरानी ज़िला समिति को भंग करते हुए अगले तीन वर्ष के लिये नयी ज़िला समिति का गठन उपस्थित समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से किया। जिसमे रितेश साहू अध्यक्ष चुने गये, सचिव बने पंकज साहू, सह सचिव राजीब रंजन, कोषाध्यक्ष प्रकाश साहू,सह कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साहू तथा उपाध्यक्ष बैजनाथ साहू गुड्डुस, मीडिया प्रभारी विनय साहू बने। बैठक में नई समिति के पदाधिकारी तथा संरक्षकों ने मिलकर यह संकल्प लिया कि एक महीने के अंदर सूंड़ी समाज, लोहरदगा का पंजीकरण करवा लिया जाएगा ततपश्चात समाज का आधुनिक तौर तरीके एक विकसित धर्मशाला निर्माण, वैवाहिक परिचय सम्मेलन, समाज के होनहार बच्चों को छात्रवृत्ति तथा विभिन्न प्रतिष्ठित पदों में नव नियुक्त युवाओं का सम्मान समारोह भी जल्द किया जायेगा। साथ ही साथ सूंड़ी समाज, लोहरदगा का युवा समिति का गठन तथा महिला समिति का भी गठन कर लिया जायेगा। प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में समाज का बैठक करवाते रहने का भी बात कहा गया। बैठक में संरक्षक गुप्तेश्वर गुप्ता, गोबर्धन साहू, नंदलाल साहू, सुदामा साहू, कृष्ण मोहन साहू, सदस्य मुकेश कुमार साहू, कमलेश साहू, अशोक साहू, लखन राम मांझी, राजीव रंजन, रोबिन कुमार साहू, उमेश कुमार साहु, सूरज साहू, आकाश साहू, रणधीर चौधरी, सुरेश प्रसाद, अनिल कुमार उपस्थित रहें।

# अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के अदलिया कमिटी ने किया विभिन्न चार मामलों का निपटारा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के अदलिया कमिटी द्वारा रविवार को अंजुमन कार्यालय में सदर अब्दुल रउफ अंसारी, सेक्रेटरी शाहिद अहमद बेलू, नाइब सदर सैयद आरीफ हुसैन, सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, सहसचिव अनवर अंसारी, ऑफिस सेक्रेटरी मौलवी अबुल कलाम तैगी, मोहम्मद यासीन कुरैशी, मो. दानिश अली एवं असगर तैगी की उपस्थिति में अदलिया में विभिन्न चार विवादों का निपटारा किया गया। पहले मामले में लोहरदगा न्यू रोड निवासी अमजद खान एवं उसकी पत्नी बालूमाथ (लातेहार) निवासी समीना खातून के बीच विवाद को सुलझाते हुए सभी लेन-देन क्लीयर कराया गया। दूसरा मामला लोहरदगा जिले के कुडू निवासी साबिर अंसारी एवं कुडू निवासी सफीक अंसारी के बीच जमीन को लेकर चली आ रही विवाद को आपसी सुलहनामे के साथ सुलझाए गए। उसी तरह तीसरा मामला लोहरदगा शहरी क्षेत्र निवासी साबिर खलीफा एवं अन्य के बीच चली आ रही विवाद को आपसी सहमति बनाकर विवाद का निपटारा किया गया। जबकि चौथा मामला लोहरदगा जिले अंतर्गत किस्को परहेपाट निवासी पति-पत्नी के बीच के विवाद को सुलझाते हुए निपटारा किया गया। मौके पर सदर अब्दुल रउफ अंसारी एवं सचिव शाहिद अहमद ने लोहरदगा जिले के मुसलमानों से आग्रह किया है कि अपने आपसी विवादों को थाना, कोर्ट कचहरी से पहले कोशिश करें कि अपने-अपने अंजुमन से संपर्क कर मामलों का निपटारा कराएं। अगर वहां भी मामले का निपटारा नहीं हो पाए, तो निस्संकोच लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया के अदलिया में आएं, इंसा अल्लाह सभी तरह के मामलों का निपटने की कोशिश होगी।

## लोहरदगा जिला मारवाड़ी युवा मंच शाखा के अध्यक्ष बने अभिषेक पोद्दार मोनू



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सर्वसम्मति से अभिषेक पोद्दार मोनू को 2025-27 के लिए मारवाड़ी युवा मंच लोहरदगा शाखा का अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। ये अगले दो वर्ष तक लोहरदगा जिला शाखा का करेंगे नेतृत्व। लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने अभिषेक पोद्दार के मारवाड़ी युवा मंच के लोहरदगा जिला शाखा अध्यक्ष बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है, मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ और मारवाड़ी युवा मोर्चा के संयोजक जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि अभिषेक पोद्दार उर्फ मोनू बहुत ही जुझारू एवं युवा समाजसेवी है, कोरोना काल के दरमियान युवा मंच के उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए हर तरह से अपना पूर्ण सहयोग दिये। जिसकी काफी सराहना हुई थी, सर्राफ ने आशा व्यक्त करते हुए कहा की अभिषेक पोद्दार अपने कार्यकाल पर सशक्त संगठन का विस्तार कर जन सेवा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों को गति देंगे जिससे कि लोहरदगा जिला का नाम काफी रोशन हो। बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शिवप्रसाद राजगढ़िया, सीताराम सर्राफ, पवन पोद्दार, पवन सर्राफ, राम प्रकाश मोदी, राकेश शर्मा, निखिल सर्राफ, किशोर बंका, जयप्रकाश शर्मा, मनीष राजगढ़िया, निशांत सर्राफ, अवधेश मित्तल, कन्हैया राजगढ़िया आदि है।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में एक भारत एक चुनाव का संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में एक भारत एक चुनाव का संगोष्ठी का आयोजन भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्रीमती समेला भगत के तत्वाधान में किया गया। इस संगोष्ठी को सफल बनाने में विद्यालय परिवार का काफी सहयोग रहा है । इस संगोष्ठी में प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी की चुनाव से संबंधित देश में हर समय चुनाव पर आर्थिक बोझ को लेकर काफी चर्चा की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रीति कुमारी गुप्ता ने विद्यालय को एक भारत एक चुनाव के बारे में देश को क्या फायदा होगा इसकी जानकारी दी साथ में जिला अध्यक्ष सामेला भगत ने भी विद्यार्थियों से समाज के वन नेशन वन इलेक्शन पर अपने घरों में समाज के बीच चर्चा करने की बात कही। इस संगोष्ठी में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय पंकज ने भी विद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित किया। प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा के ओम प्रकाश सिंह भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य ने भी वन नेशन वन इलेक्शन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आजादी के बाद करीब 15 से 20 वर्षों तक लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव साथ हुए थे परंतु धीरे-धीरे राजनीतिक हालात बदलने के कारण चुनाव एक साथ नहीं हो पा रहे है।

# एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में विश्व हास्य दिवस पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी के प्रभारी शिक्षक अश्विन कुमार पात्रों द्वारा विश्व हास्य दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।विश्व हास्य दिवस मनाने का कारण विश्वभर में हँसी के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ के बारे में संदेश फैलाना है,जो कि हमारे शरीर और जीवन के लिए काफी लाभदायक है। नन्हे बच्चों को इन सभी लाभों से अवगत करवाने तथा जीवन में सदैव मुस्कुराहट को बनाए रखने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया जिसमें कक्षा नर्सरी, एलकेजी तथा यूकेजी के बच्चों के लिए स्माइली फेस क्राफ्ट बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें कक्षा नर्सरी में हम्ज़ा इकबाल, नबील अहमद, प्रिशा कुमारी, रुहन अंसारी, सक्षम भगत, वर्नन कृष्ण केशरी, नितिम कुमार, शिवन्या दत्ताअरिका भगत कक्षा एलकेजी में प्रांसी विश्वकर्मा, राजश्री आनंद, प्रत्युश वर्मा, स्वाति सोना, बिपिन कुमार, विनायक कक्षा यूकेजी में तृषा कुमारी, पृषभ राज, अमनअंसारी, अर्पित कुमार, श्लोक कुमार, उमर इकबाल, अनन्या उरांव ने प्रथम स्थान अर्जित किया। कक्षा पहली तथा दूसरी के बच्चों के मध्य जोकर फेस मास्क बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें कक्षा प्रथम में वेदिका गुप्ता, दिव्यांश उरांव, निहारिका रंजन, आकर्ष पंकज, कन्यका गुप्ता,कोमल दीक्षित, इज़ान अहमद, एंजेल उरांव, रिथविक कुमार, श्रीजन कुमार, सैयद मुहम्मद, याग्मय वर्मा, आरोही गोवाल, सलमान हाउक, विबा श्री, सूर्यांश कुमार, सिद्धी साहू, जूही रानी, वेदिका मेहता, अलीशा केर्केटा, मिशती ओराओन, अनंत दीप, अतुल्य आनंद तथा अवनी रविदास ने कक्षा द्वितीय मे वेईधि केशरी, अनन्या कुमारी, सना भगत, आशी शालिवि भगत, निशि कुमारी, अमीरह फालाक, निसी कुमारी, काव्या गुप्ता, अंजल ओरान, पाहि पुरवी, अतीहा मोनम, सोनम ओरान,सियाम कवरा बर्मन, नमीरा साजिद, समृद्धि भारती, अन्वी रानी, अपूर्व राज, उर्वशी, ईशान्वी राज, नेमत जहां, प्रानवी प्रिया,आलिका अंबर, सेजल भगत, काव्या तरूशी, सादिक अख्तर तथा सैयद इब्राहिम ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इन प्रतियोगिताओं में अश्विन कुमार पात्रों, सोमिता दास, रागिनी कुमारी रजनी प्रसाद संगीता मित्तल व प्रिया कुमारी ने निर्णायक की भूमिका तथा शिक्षक प्रमित कुमार व पूनम सिंह ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

## वीजा रदद् कर पाकिस्तानी नागरिको को वापस पाकिस्तान भेजने को लेकर भाजपा ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को लोहरदगा उपायुक्त को ज्ञापन सौपते हुए जिले के विभिन्न जगहों में वैध एवम अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानियों को सूचीबद्ध कर उनका वीजा रदद् करते हुए अविलम्ब पाकिस्तान वापस भेजने की करवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने लिखा है कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगांव में घटित आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या की गई है। जिससे सम्पूर्ण राष्ट्र स्तब्ध है। इस दुःखद घटना के बाद केंद्र सरकार ने विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3 (1) के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा कर उन्हें देश से निर्वासित करने की प्रक्रिया आरम्भ की है।उन्होंने कहा है कि जिले के अलग अलग छेत्रों में जो भी पाकिस्तानी नागरिक वैध या अवैध रूप से रह रहे है प्रशासन उन्हें राष्ट्रीय दिशा निर्देशों के अनुरूप शीघ्र चिन्हित करे एवम तत्काल आवश्यक करवाई करते हुए वापस पाकिस्तान भेजे ।क्योकि यह विषय अत्यंत संवेदनशील है। लोगो मे विश्वास सुदृढ़ हो एवम सुरक्षा चिंताओं से मुक्त हो। ज्ञापन सौपने वालों में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, राजकिशोर महतो, त्रिवेणी दास, भाजपा जिला महामंत्री संजय कुमार, चंदन कुमार,ओम गुप्ता मिथुन तमेड़ा आदि शामिल थे।

**जेएनवी में कड़ी सुरक्षा के बीच मेडिकल नीट प्रवेश परीक्षा हुआ संपन्न**

# परीक्षा से पूर्व परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र व अन्य दस्तावेजों का जांच कर केंद्र में प्रवेश कराते दंडाधिकारी व शिक्षक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** मेडिकल में दाखिला को लेकर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारियां लोहरदगा जिला प्रशासन की ओर से पूर्व में ही पूर्ण कर ली गई थी। और निर्धारित तिथि के अनुसार 4 मई रविवार को 11 बजे पूर्वाह्न से प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों का परीक्षा प्रारम्भ हो गया था। परीक्षा से पूर्व दंडाधिकारी व शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा मेडिकल नीट के अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र व आवश्यक दस्तावेजों का जांच कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश कराया गया। वही जिला में मेडिकल नीट प्रवेश परीक्षा के लिये सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में बनाया गया था। वही परीक्षा आयोजित से पूर्व शनिवार शाम को जिला के उपायुक्त डॉ0 बाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के साथ मिलकर निरीक्षण किया गया था। साथ ही उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा कर शांतिपूर्ण,निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त परीक्षा का सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया था। वही परीक्षार्थियों ने निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पंहुच कर शांति पूर्वक मेडिकल नीट का परीक्षा दिया। आयोजित मेडिकल नीट 2025 की प्रवेश परीक्षा में 240 छात्र छात्राओं ने प्रखंड क्षेत्र स्थित पीएम श्री जवाहर विद्यालय जोगना में परीक्षा दिया। शांति पूर्वक कदाचारमुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। परीक्षा सेंटर में मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल तैनात की गई थी। तथा परीक्षा केंद्र से 200 मीटर की दूरी तक निषेधाज्ञा लागू था। मेडिकल नीट परीक्षा के लिये जिला में पहली बार सेंटर बनाई गई थी। जिले में होम सेंटर होने के कारण परीक्षार्थियों को परेशानी नहीं हुई और परीक्षा को लेकर परीक्षार्थी खुश नजर आये। वही अभिभावक भी अपने बच्चे बच्चियों से नीट परीक्षा में बेहतर रिजल्ट लाने की उम्मीद जताए हुए हैं। वही कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक कदाचारमुक्त सम्पन्न हुआ।

## आकलन परीक्षा से वंचित शिक्षक शिक्षिकाओं का परीक्षा लिया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** टीचर्स नीड असेसमेंट के तहत आयोजित शिक्षक शिक्षिकाओं के बीच 24 अप्रैल से पांच दिवसीय आकलन परीक्षा आयोजित किया गया था। जिस निमित आकलन परीक्षा देने से वंचित शिक्षक शिक्षिकाओं का परीक्षा सोमवार को लिया गया। झारखण्ड राज्य शिक्षा परियोजना के तहत टीचर्स नीड असेसमेंट की परीक्षा आयोजित की गई थी। जिस निमित आकलन परीक्षा से वंचित शिक्षक शिक्षिकाओं का परीक्षा सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष में टीचर्स नीड असेसमेंट के अनुसार आयोजन किया गया। शिक्षक शिक्षिकाओं का आकलन परीक्षा तीन घन्टा ऑनलाइन लिया गया। आयोजित आकलन परीक्षा में प्रखंड क्षेत्र के शिक्षक शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिये वही शिक्षक शिक्षिकाओं का कहना है कि टीएनए से न केवल उनकी व्यक्तिगत दक्षताओं में वृद्धि होगी। बल्कि शिक्षण की गुणवत्ता में वृद्धि होगा। जिसे छात्र छात्रओं को सीखाने के अनुभव में भी आकलन परीक्षा सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करेगा साथ ही कहा कि यह आकलन परीक्षा के माध्यम से शिक्षक शिक्षिकाओं की आवश्यकताओं को समझने और उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराने में भी सहायक सिद्ध होगा। आकलन परीक्षा प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन के द्वारा लिया गया। परीक्षा के दौरान सेंटा एप के माध्यम से शिक्षक शिक्षिकाओं से ऑनलाइन 100 प्रश्न का असेसमेंट आकलन परीक्षा लिया गया। साथ ही सेंटा एप्लीकेशन में शिक्षकों की समस्याओं को समाधान करने में बीआरपी अंबिका शरण पाण्डेय, एम आई एस पंकज कुमार सिंह सिनी टाटा ट्रस्ट के तरुण कुमार और उदित कुमार द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया। मौके पर पिंकी कुमारी, सोनाली सिकदर, ईश्वरी प्रसाद, अंजली सिंह, मीनू कुमारी, मड़वारी मुंडा, प्रकाश रंजन, पंकज कुमार, गजाला परवीन, सोनी टोप्पो, गंगेश्वर भगत, संगीता लकड़ा, स्वाति बंसल, उर्मिला एक्का समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### सीपी सिंह सहित भाजपा के तमाम विधायकों को टेलीस्कोप भेंट करूंगा : डॉ इरफान



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** पाकिस्तानियों को झारखंड से भगाने के लिए भाजपा बार बार बोल रहीं है। हकीकत यह है कि पाकिस्तानियों का ठोस पता भाजपा के रांची विधायक सी पी सिंह के पास है। सिंह रांची विधानसभा से सात बार विधायक रहे हैं उन्हें अच्छी तरह से पता है कि कौन पाकिस्तानी कहाँ छिपा है. सूत्र बतातें हैं कि रघुवर शासन में तो पाकिस्तानियों को प्रश्रय दिया गया है उन्हें ठहरने खाने तक का जुगाड़ तक किया गया । मैं डॉ इरफान अंसारी भाजपा के तमाम विधायकों को टेलीस्कोप भेंट करना चाहता हूं. ताकि 18 साल के शासन में पाकिस्तानियों को कहां कहां छुपाये हैं खुद ढूंढ कर केंद्र की मोदी सरकार को सुपुर्द करें और मोदी से इनाम भी पाये।

### डीसी ने कांके अंचल के कर्मचारी को शो-कॉज करने का दिया आदेश



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** मालगुजारी रसीद में रकबा सुधार के लिए आवेदक को बार-बार अंचल कार्यालय के चक्कर लगवाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा कर्मचारी को शोकॉज करने का आदेश दिया गया है। अपर समाहर्त्ता को कांके अंचल के कर्मचारी को शो-कॉज करने का आदेश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि आम जनता को अनावश्यक कार्यालय का चक्कर लगवाने वाले कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस संबंध में भूतपूर्व सैनिक शिवनंदन झा द्वारा जनता दरबार में शिकायत की गयी थी। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री एक बार फिर जनता दरबार में आम जनों की शिकायतों से रुबरु हो रहे थे। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आये लोगों की शिकायतों को बारी-बारी से सुनते हुए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को जल्द समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जनता दरबार के दौरान भू-राजस्व से संबंधित ज्यादातार शिकायतें आयीं। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जनता दरबार के दौरान ही अपर समाहर्त्ता एवं राजस्व कर्मी द्वारा अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। रांची के लालपुर क्षेत्र स्थित प्राचीन जलमीनार के निकट अधिक क्षमता हेतु जलमीनार के निर्माण एवं वारीपार्क के रख-रखाव के संबंध में भी जनता दरबार में आवेदन आये। जिस पर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा नगर निगम एवं पीएचईडी के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान परियोजना निदेशक, आईटीडीए, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग सह सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा भी उपस्थित थे।

# जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चुनौतीः उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**सिरसी :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जलवायु परिवर्तन को वैश्विक संकट करार देते हुए कहा कि स्वस्थ वन स्वस्थ जीवन का आधार हैं।



यदि किसी देश के वन अच्छी स्थिति में हैं तो उस देश के लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। हमें अपने वनों की रक्षा करने में हर संभव योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए, क्योंकि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चुनौती है। वह सोमवार को कर्नाटक के सिरसी स्थित वानिकी महाविद्यालय में 'राष्ट्र निर्माण में वानिकी की भूमिका' विषय पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हम प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन नहीं कर सकते। हमें खुद को सिर्फ़ न्यूनतम ज़रूरतों तक सीमित रखना चाहिए। हम सभी को इसके बारे में जागरूक होने की ज़रूरत है। कृषि हमारी जीवन रेखा जरूर है, लेकिन हमें वनों की भी आवश्यकता है, क्योंकि वे जलवायु को नियंत्रित करते हैं। साथ ही आपदाओं को कम करते हैं और आजीविका का सहयोग करते हैं । यह वन महाविद्यालय अपनी स्थानीय प्राकृतिक संपदा को संरक्षित कर रहा है और नई पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण की शिक्षा दे रहा है। आज की पीढ़ी के लिए ऐसे संस्थानों की बहुत आवश्यकता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पश्चिमी घाट की कोमल गोद में फैले सिरसी वन महाविद्यालय ने अपनी अनूठी शिक्षा पद्धति, हरित पर्यावरण और जैव विविधता संरक्षण गतिविधियों के कारण न केवल राष्ट्रीय बल्कि वैश्विक स्तर पर भी ध्यान आकर्षित किया है।

यह कोई कक्षा नहीं, बल्कि प्रकृति अध्ययन समूह है। बिना दीवारों वाली ये कक्षाएं विद्यार्थियों में उत्साह, संवेदनशीलता और प्रकृति के प्रति जागरूकता विकसित करती हैं।

## श्रीनगर : कश्मीरी शांति चाहते हैं, भय नहीं : हकीम यासीन

एजेंसी



**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीएफ) के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री हकीम मुहम्मद यासीन ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने पिछले तीन दशकों में आतंकवाद के कारण काफी कष्ट झेले हैं और अब वे हिंसा और अस्थिरता के इस चक्र को समाप्त करने के अपने संकल्प में एकजुट हैं। यहाँ जारी एक बयान में यासीन ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग शांतिप्रिय हैं और उन्होंने 30 वर्षों से इस क्षेत्र में व्याप्त हिंसा की भारी कीमत चुकाई है। उन्होंने कहा हमारे लोगों ने जो दर्द भय और क्षति झेली है उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हम उनके साथ मजबूती से खड़े हैं और क्षेत्र में स्थायी शांति बहाल करने के उद्देश्य से हर प्रयास का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हकीम ने आतंकवाद पर अंकुश लगाने के लिए एकजुट सामाजिक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आतंकवाद को प्रगति और मानवता का साझा दुश्मन बताया। उन्होंने कहा हर दिन हम युवा पुरुषों के शव मिलने और अज्ञात व्यक्तियों द्वारा निर्दोष लोगों की हत्या की परेशान करने वाली खबरों के साथ जागते हैं। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है बल्कि दिल दहला देने वाली है। यह एक गहरी जड़ वाली समस्या को दर्शाता है जिसका तुरंत और व्यापक रूप से समाधान किया जाना चाहिए।

## चीन में परचम फहराने के बाद जोधपुर लौटी जुड़वा बहनों का स्वागत

एजेंसी

**जोधपुर :** भारत के सबसे पुराने और बड़े ट्विंस क्लब भोपाल ने एक बार फिर भारत का नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखा है। चीन में तीस अप्रैल से चार मई को हुए 19वें मोजियांग इंटरनेशनल ट्विन फेस्टिवल में जोधपुर की जुड़वां बहनों मंजरी-मयूरी अरोड़ा ने बेस्ट डांस परफॉर्म करते हुए बाजी मार ली और भारत का गौरव बढ़ाया। दोनों बहनों का आज जोधपुर लौटने पर परिजनों व अन्य लोगों ने जोरदार स्वागत किया। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड में रहने वाली जुड़वां बहनें अभी केएन कॉलेज से बीए की पढ़ाई कर रही हैं। दोनों बहनें बचपन से माधुरी दीक्षित के डांस की फेन थी और उनसे प्रेरित होकर आगे बढ़ी।



दोनों बहनें रिद्म इंस्टिट्यूट ऑफ डांस एंड म्यूजिक में कोरियोग्राफर प्रेरणा राठी से छह साल से कथक और राजस्थानी नृत्य सीख रही हैं। मंजरी-मयूरी के पैरेंट्स राखी व सुरेश अरोड़ा ने बताया कि ट्विंस क्लब भोपाल इस फेस्टिवल में 2014 से भाग ले रहा है। इसमें 25 से 40 देशों के जुड़वां प्रतिभाशाली को लाकर सभी संस्कृतियों को समावेश व संगम होता हैं। इस महोत्सव में चीन की प्रमुख गतिविधियों में ट्विंस सिटी परेड, सभी प्रतिभागी ट्विंस की शोभायात्रा, ग्रुप ट्विंस फोटो शूट, ट्विंस टैलेंट शो-सिंगिंग,डांसिंग, ड्रामा और अन्य कलाओं का प्रदर्शन जैसी कई एक्टीविटीज होती हैं। गौरतलब है कि मंजरी और मयूरी ने हाल ही में जयपुर में आयोजित आईफा अवार्ड में माधुरी दीक्षित के साथ कथक और भवाई नृत्य की प्रस्तुति दी थी।

## बिहार के बेतिया में सड़क पर बिछाया पाकिस्तान का झंडा, पुलिस ने कब्जे में लिया

एजेंसी

**पटना :** पहलगाम में हुए हमले के विरोध में बिहार के बेतिया से एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां कुछ लोगों ने सड़क पर पाकिस्तान का झंडा बिछाकर सड़क पर चिपका दिया, जिस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए झंडे को कब्जे में ले लिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।साथ ही पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। घटना बेतिया के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के घरदान पोखरा चौक की है। सोमवार को अज्ञात लोगों ने सड़क पर पाकिस्तान का झंडा बिछा कर चिपका दिया। जैसे ही पुलिस को इसकी सूचना मिली वह तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने झंडे को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने लोगों को समझाया कि विरोध करने के कई



तरीके हैं। सड़क पर झंडा बिछाना सही नहीं है। लोगों का मानना है कि बीते दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से नाराज किसी व्यक्ति ने सड़क पर पाकिस्तान का झंडा चिपका दिया। लोगों ने सड़क पर बिछाए गए पाकिस्तानी झंडे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी शेयर कीं। सदर के सब डिवीजनल पुलिस अफसर (एसडीपीओ) विवेक दीप ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से सड़क पर बैनर चिपकाने वाले की पहचान करने की कोशिश हो रही है। मामले की जांच की जा रही है। मामले में नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। मौके पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिए हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। लोगों को शांति बनाये रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही है।

# गढ़वा : जीएन कान्वेंट स्कूल में बाल सांसदों का चुनाव संपन्न

**लोकतंत्र का महत्वपूर्ण प्रतीक और संविधान का केंद्रीय तत्व है संसद : निदेशक**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** स्थानीय जीएन कान्वेंट स्कूल में भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आधारित गुप्त मतदान द्वारा बाल सांसदों का चुनाव हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में निदेशक ने कहा कि बाल संसद संसद का ही एक छोटा रूप है जिसे विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित किया जाता है। इसे एक ऐसे माध्यम के रूप में प्रस्तुत किया जाता है जिससे विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक गुणों के साथ-साथ प्रेम, त्याग, सहानुभूति, करुणा, दया, परोपकार आदि भाव का विकास हो सके। यह एक ऐसा मंच है जिसमें विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय प्रबंधन एवं



संचालन प्रक्रिया में सक्रिय रूप से सहभाग करते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को संविधान की कार्यप्रणाली अपने अधिकार निर्णय लेने की क्षमता का विकास एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाना है। बाल संसद के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा अपने विद्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम, पर्यावरण गतिविधियों एवं बहु सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। छात्र-छात्राएं अपने उत्तरदायित्व का बोध प्राप्त करते हैं। भारतीय परिदृश्य में बाल संसद का ही प्रतिबिंब है। जिस तरह से संसद के सदस्य होते हैं उसी प्रकार बाल संसद के भी सदस्य होते हैं जिसमें कुछ विशिष्ट पदाधिकारी के पद होते हैं। चुनाव की प्रक्रिया का संपूर्ण कार्य विद्यार्थियों के द्वारा संपन्न हुई तथा शिक्षक इन चुनावी प्रक्रिया का बाह्य अवलोकन किए। चुनाव में विजयी प्रतिभागियों को शपथ ग्रहण भी कराई गई। गुप्त मतदान के द्वारा वर्ग दशम की छात्रा स्मृति भाग्यश्री 39 मत प्राप्त कर विजयी रही। जबकि दूसरे स्थान पर संध्या कुमारी रही। सभा का संचालन कृष्णा कुमार के अगुवाई में किया गया जबकि चुनाव संचालन प्रक्रिया में बीके ठाकुर, कृष्णा कुमार और विकास कुमार रहे। वहीं गुप्त मतदान में कक्षा 6 वीं से लेकर 12 वीं तक के बच्चों ने बैलेट पेपर के माध्यम से किया। पोलिटिकल साइंस के शिक्षक कृष्णा कुमार ने चुनाव प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक समझाया। चुनाव में पीठासीन अधिकारी का दायित्व संतोष प्रसाद ने निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, वीरेंद्र साह, विकास कुमार, नीरा शर्मा, नीलम कुमारी, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, शिवानी कुमारी,रागिनी कुमारी, ऋषभ श्रीवास्तव आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## पुलिस ने 11 बच्चों सहित 60 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को किया दस्तयाब

**जयपुर :** अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के त्यावर्तन–निष्कासन के लिए राजस्थान पुलिस कीओरसे विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला स्तर पर सघनता से सर्च ऑपरेशन कर 60 बांग्लादेशी नागरिकों को दस्तयाब किया है, जिनमें 25 पुरुष, 24 महिलाएं एवं 11 बच्चे है। अभियान की सफलता के लिए गठित पुलिस टीम ने जिले में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी की पहचान के प्रयास किये गए। सघनता से सर्च अभियान चलाया जाकर पुलिस के खुफिया तंत्र और मुखबिर की सूचना के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी जाकर बिना किसी वैध दस्तावेज के अवैध रूप से रह रहे 25 पुरुष, 24 महिलाएं एवं 11 बच्चों सहित 60 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को दस्तयाब किया गया।

## छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में दो नक्सली गिरफ्तार, एक कुकर आईईडी बरामद

एजेंसी

**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में जिले के छोटेडोंगर थानांतर्गत ग्राम छोटेबुरगूम के पास सड़क किनारे एक कुकर आईईडी बम सुरक्षाबलों ने बरामद किया, जिसे बम डिस्पोजल स्क्वाड की टीम ने सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। इसके साथ ही सर्चिंग के दौरान रविवार शाम को गिरफ्तार किए गए दो नक्सलियों को आज न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत कैम्प कड़ेमेटा से रविवार को निकली डीआरजी और पुलिस का संयुक्त बल सर्चिंग के दौरान छोटेडोंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छोटेबुरगूम के पास सड़क किनारे एक कुकर आईईडी बरामद किया। बम डिस्पोजल स्क्वाड की टीम ने कुकर आईईडी को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। इस दौरान पुलिस को देखकर भागते दो संदिग्धों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया।



पूछताछ में उनकी पहचान सुकमन कोर्राम और बुधराम कोर्राम उर्फ विश्वनाथ के रूप में हुई, जो तुशवाल निवासी और आमदई एरिया कमेटी के नक्सली नेटवर्क से जुड़ा होना स्वीकार किया। पूछताछ में दोनों नक्सलियों ने बताया कि नक्सली संगठन के निर्देश पर पुलिस व निर्माण कार्यों को नुकसान पहुंचाने के लिए उन्होंने ही विस्फोटक लगाया था। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि वे 21 फरवरी 2025 को थाना छोटेडोंगर क्षेत्र के तोयामटा, हितुलवाड़, कावानार एवं मढ़ोनार में सड़क निर्माण कार्य बाधित करने और डीआरजी बल से झूमा-झटकी करने की घटनाओं में शामिल थे। उन्होंने जैयसिंह, बल्ली, सोनू, पाकलू, महेश जैसे अन्य सक्रिय नक्सलियों के साथ बम बनाना और रेकी करना भी स्वीकार किया है। गिरफ्तार दोनों नक्सलियों के खिलाफ थाना छोटेडोंगर में अपराध क्रमांक 4/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 121 (देशद्रोह), 190, 191(2), विस्फोटक अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधि निवारण अधिनियम (यूएपीए) की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर कार्रवाई उपरांत आज सोमवार को रिमांड पर रवाना किया गया।

## हिमाचल में रह रहे पाक नागरिकों की वापसी को लेकर गंभीर नहीं कांग्रेस सरकार : भाजपा



एजेंसी

**शिमला :** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह हिमाचल प्रदेश में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर निकालने को लेकर पूरी तरह असंवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जहां पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक कदम उठा रही है वहीं कांग्रेस शासित हिमाचल सरकार एक कदम उठाने में भी हिचक रही है। ठियोग में सोमवार को आयोजित एक विरोध प्रदर्शन में बतौर मुख्य वक्ता कर्ण नंदा ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ 10 बड़े फैसले लिए हैं। इनमें सिंधु जल संधि को रद्द करना, अटारी-वाघा बॉर्डर बंद करना, पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करना, उन्हें देश छोड़ने का आदेश देना, भारत में मौजूद पाक दूतावास को बंद करने के निर्देश और पाकिस्तान के साथ सभी व्यापारिक, डाक और पार्सल सेवाएं बंद करने जैसे सख्त कदम शामिल हैं। नंदा ने कहा कि मोदी सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब आतंकी गतिविधियों का जवाब 'बिरयानी' से नहीं बल्कि 'गोली' से देगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के समर्थन में कोई भी बयान या गतिविधि अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस पार्टी इन सबके बावजूद पाकिस्तान समर्थित मानसिकता से बाहर नहीं निकल पा रही।

उन्होंने कांग्रेस पर पाकिस्तान का मनोबल बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी का व्यवहार और बयानों से ऐसा प्रतीत होता है जैसे वह कांग्रेस वर्किंग कमेटी नहीं बल्कि पाकिस्तान वर्किंग कमेटी हो। उन्होंने कांग्रेस द्वारा सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के समर्थन में किए गए पोस्टों को देश विरोधी बताया और कहा कि यह उन शहीदों का अपमान है जिन्होंने आतंकवाद से लड़ते हुए अपनी जान गंवाई। कर्ण नंदा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर देशवासी के लिए सुरक्षा कवच की तरह हैं और कांग्रेस उस चट्टान को तोड़ने का प्रयास कर रही है।

## सोशल मीडिया पर पाकिस्तान जिंदाबाद लिखने वाला युवक गिरफ्तार

**बरपेटा (असम) :** राष्ट्र विरोधी टिप्पणी करने के आरोप में असम के बरपेटा जिले से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक की पहचान साहिदुल इस्लाम के रूप में हुई है, जो बाघबर थाना क्षेत्र के मन्दिया पठार गांव का निवासी है। सोशल मीडिया पर भारत विरोधी पोस्ट करने के आरोप में राज्यभर में अबतक 41 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका हैं। पुलिस के अनुसार, साहिदुल इस्लाम ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान जिंदाबाद, आई लव पाकिस्तान, कश्मीर में लोग कम मारे गए और मारने चाहिए थे जैसे देश विरोधी और भड़काऊ पोस्ट किए थे। इसके अलावा उसने हिमंत बिस्व सरमा मुर्दाबाद और पाकिस्तान जिंदाबाद÷ जैसे नारे भी सोशल मीडिया पर साझा किए। राज्य सरकार की ओर से सोशल मीडिया पर राष्ट्र विरोधी टिप्पणियों को लेकर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है, बावजूद इसके कुछ लोग अब भी पाकिस्तान समर्थक और सांप्रदायिक पोस्ट डाल रहे हैं।

# कोयला राज्य मंत्री ने ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड का किया दौरा

एजेंसी

**सेंक्टोरिया :** कोयला एवं खान राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री सतीश चंद्र दुबे 04 मई को ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड पहुंचे. जहां उनका स्वागत ईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक सतीश झा ने किया। इस अवसर पर ईसीएल के कार्यकारी निदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। श्री दुबे का उनके आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, श्री दुबे ने 5 मई, 2025 को ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) मुख्यालय का दौरा किया। श्री दुबे का स्वागत श्री सतीश झा, अध्यक्ष-सह-प्रबंध-निदेशक ने मो. अंजार आलम, निदेशक (वित्त), श्री निलाद्रि रॉय, निदेशक (तकनीकी/ संचालन), श्री गुंजन कुमार सिन्हा, निदेशक (मानव संसाधन) तथा सभी



महाप्रबंधकों एवं विभागाध्यक्षों के साथ किया। अपने आगमन के बाद, श्री दुबे को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और उन्होंने ईसीएल की बहादुर आत्माओं की स्मृति में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने उत्पादन, प्रेषण, सुरक्षा और अन्य कार्यों में ईसीएल के प्रदर्शन का आकलन करने वाली एक व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। माननीय मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया और ईसीएल को अपने संचालन में पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं और टिकाऊ खनन प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने ईसीएल की परिचालन दक्षता और भविष्य के विकास को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश और रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान किया, जिससे ऊर्जा सुरक्षा के लिए मंत्रालय की प्रतिबद्धता को बल मिला। बाद में, श्री दुबे ने ईसीएल के सीएमडी श्री सतीश झा तथा ईसीएल के कार्यकारी निदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ईसीएल के सोनपुर बाजारी क्षेत्र का दौरा किया। आगमन पर, श्री दुबे का ईसीएल के सोनपुर बाजारी क्षेत्र के महाप्रबंधक और क्षेत्र के अन्य अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री दुबे ने भटमुरा पुनर्वास स्थल का उद्घाटन किया, जो आरएंडआर और सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने साइट पर चल रही गतिविधियों की भी समीक्षा की। इसके अलावा, श्री दुबे ने सोनपुर बाजारी क्षेत्र के CHP-SILO का दौरा किया। उन्होंने क्षेत्र के कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ बातचीत की और कोयले के तेजी से प्रेषण के दौरान प्रदर्शन दक्षता और सुरक्षा प्रोटोकॉल के सख्त पालन के महत्व पर जोर दिया।